आषाढ़ कृष्ण पक्ष अमावस्या
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 5 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 229, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

## विजय जुलूस में गूंजा इंडिया... इंडिया

मुंबई। टी-20 विश्व कप की विजेता भारतीय टीम के स्वागत के लिए आयोजित विजय जुलूस में जनसैलाब उमड़ पड़ा जिससे दक्षिण मुंबई का यातायात पूरी तरह से ठप हो गया। विजय जुलूस नरीमन पॉइंट से नेशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स (एनसीपीए) से होकर वानखेड़े स्टेडियम पर समाप्त हुआ। इस विजय जुलूस का साक्षी बनने के लिए लाखों की संख्या में क्रिकेट प्रेमी मरीन ड्राइव पर पहुंचे। वानखेड़े को प्रशंसकों के लिए खोल दिया गया और कुछ मिनट में ही स्टेडियम खचाखच भर गया। वानखेड़े में सचिन...सचिन और मुंबईचा राजा, रोहित! और इंडिया... इंडिया के पारंपरिक नारों के साथ माहौल जीवंत हो उठा।

ओलंपिक में एथलेटिक्स टीम की अगुवाई करेंगे नीरज 13

# वेलकम चैंपियंस



विजय जुलूस से पहले मुंबई के मरीन ड्राइव पर भारतीय टीम के स्वागत को जुटे लाखों प्रशंसक। ● एजेंसी



## प्रधानमंत्री से मिली टीम इंडिया, मोदी बोले-शाबाश मेरे शेरों...

नई दिल्ली। टी-20 विश्वकप जीतने के बाद गुरुवार को सुबह स्वदेश लौटी भारतीय क्रिकेट टीम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सचिव जय शाह ने प्रधानमंत्री को नमो वन की जर्सी भेंट की। रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम के सदस्य टी-20 ट्रॉफी के साथ मोदी से जोश और उत्साह से मिले। प्रधानमंत्री ने टीम को भारत की झोली में एक और ट्रॉफी डालने के लिए शाबाशी दी। खिलाड़ियों ने पीएम से टूर्नामेंट के अपने अनुभव साझा किए और हंसी मजाक करते दिखे। ● देखें खेल पेज >>

MONTE CARLO
SALE START
20% to 50%
वास्तविक छूट
शर्ट, टी-शर्ट, जीन्स, ट्राउजर, लोअर ट्रैक सूट, लेडीज जीन्स, लेडीज टॉप, कुर्ती फुटवियर, पर्स, साड़ियाँ, लेडीज सूट, ड्रेसेज
SELECTION POINT
The Complete Family Store
7 DAYS OPEN
45, Civil Lines, Bareilly. Mob.7088300050 | DD Puram, Bareilly. Mob.7055359111

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
मानसून ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

# हाथरस हादसे में 6 सेवादार गिरफ्तार

## गिरफ्तार सेवादारों में 2 महिलाएं शामिल, मुख्य आयोजक पर 1 लाख का इनाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाथरस में सत्संग के दौरान हुई भगदड़ को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मोर्चा संभालने के बाद ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गुरुवार को 6 सेवादारों की गिरफ्तारी की।

इनमें सत्संग आयोजन समिति से जुड़े चार पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। वहीं, पुलिस ने मुख्य आयोजक देव प्रकाश मधुकर की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में राम लडैते यादव (मैनपुरी), मंजू यादव (हाथरस), उपेंद्र सिंह यादव (फिरोजाबाद), मंजू देवी यादव (हाथरस), मेघ सिंह (हाथरस) और मुकेश कुमार (हाथरस) शामिल हैं। ये सभी सेवादार हैं। अभियुक्तों ने पूछताछ में कई बड़े खुलासे किए हैं।

उन्होंने श्रद्धालुओं को भोले बाबा के चरणरज लेने के लिए अनियंत्रित छोड़ दिया, जिसके बाद भगदड़ मच गई। हालात खराब देखकर ये सेवादार भाग निकले। मालूम हो कि सोमवार को घटी इस घटना में उत्तर प्रदेश के साथ मध्य प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा के कुल 121 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई थी, जिसमें अधिकांश महिलाएं शामिल हैं।

● सेवादारों का कबूलनामा, भोले बाबा की चरणरज लेने के लिए भीड़ को छोड़ा, जिसके बाद मची भगदड़

### आगरा में 17 शवों का किया गया अंतिम संस्कार, कई गांवों में नहीं जले चूल्हे



रहनकलां गांव पहुंचे केंद्रीय मंत्री बघेल ने परिजनों को बंधाया ढांढस।

आगरा। हाथरस में हुए मौत के सत्संग ने हर किसी को दहला दिया है। आगरा के ही 17 लोगों की हादसे में मौत हो गई और कई लोगों जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहे हैं। अधिकांश शवों के अंतिम संस्कार कर दिए गए। कई गांवों में हादसे के बाद चूल्हे नहीं जले हैं। बुधवार को एत्मादपुर के रहनकलां में परिवारीजनों को ढांढस बंधाने के लिए केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल और सपा नेता वीरेंद्र सिंह चौहान भी पहुंचे। आगरा में सर्वाधिक मौत एत्मादपुर क्षेत्र में हुई है। केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने कहा कि इस मामले में सरकार सख्त कार्रवाई करेगी।

### महिला-पुरुष सेवादारों को मिलती है कमांडो ड्रेस

कार्यक्रम के आयोजन के लिए इन लोगों को विभिन्न प्रकार की वर्दी दी गई है। भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा के लिए महिलाओं एवं पुरुषों को काले रंग की कमांडो ड्रेस व एकरूपता के लिए पिंक ड्रेस भी दी जाती है, जिससे वो भीड़ को अपने हिसाब से नियंत्रित कर सकें।

### भीड़ और चंदा इकट्ठा करना था सेवादारों का काम

अलीगढ़ मंडल के आईजी शलभ माथुर ने बताया कि अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया है कि वे आयोजन समिति के सदस्य हैं एवं सेवादार के रूप में कार्य करते हैं। इनका मुख्य कार्य सत्संग कमेटी में भीड़ इकट्ठा करना और चंदा इकट्ठा करना है। साथ ही ये बैरिकेटिंग द्वारा भीड़ नियंत्रण, श्रद्धालुओं को धूप व गर्मी से बचाने के लिए पंडाल की व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर खड़ंजा, बिजली की आपूर्ति हेतु जेनरेटर की व्यवस्था, सफाई इत्यादि की व्यवस्था भी करते हैं।

### अनियंत्रित भीड़ को छोड़कर भाग निकले सेवादार

पूछताछ में यह जानकारी भी सामने आई कि बाबा के अनुयायियों में बाबा के बारे में काफी मान्यताएं हैं। बाबा के चरणरज से बहुत सारे संकट दूर हो जाते हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया है कि हम लोग बाबा के काफिले को भीड़ के बीच से निकालने के लिए आगे व पीछे दौड़ते हैं। उस दिन भी बाबा की चरणरज के लिए भीड़ गाड़ी के पास आई तो सेवादारों ने भीड़ को रोका और जैसे ही काफिला आगे निकल गया तो सेवादारों ने भीड़ को चरणरज लेने के लिए अनियंत्रित छोड़ दिया, जिससे वहां पर महिलाएं व बच्चे एक-दूसरे के ऊपर गिरने लगे और अफरा-तफरी मच गई। यह देखकर सेवादार वहां से जल्दी निकल गए। विवेचना में यह भी प्रकाश में आया है कि यह लोग पुलिस प्रशासन को आयोजन की फोटो, वीडियो बनाने से रोकते थे एवं उनके साथ अभद्रता करते थे। पुलिस द्वारा ये भी विवेचना की जा रही है कि इन सेवादारों में से किसी के द्वारा कोई आपराधिक साजिश तो नहीं की गई है।

# मलिन बस्तियों में बनाए जाएंगे बहुमंजिला भवन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**मुख्यमंत्री का निर्देश**



● हर नगर निगम में एक मलिन बस्ती चिन्हित करें, बनाएं बहुमंजिला भवन

**अमृत विचार :** राज्य सरकार की योजना मलिन बस्तियों की सूरत बदलने की है। इस बदलाव में न केवल बहुमंजिला आवासीय परिसर होगा बल्कि परिसर के समीप स्कूल, मार्केट, पार्क, आदि भी होंगे। शहरी जीवन बेहतर हो, इसके मद्देनजर शहरी हरित और उद्यान विकास नीति भी तैयार की जा रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुझाव दिया है कि हर नगर निगम में एक-एक मलिन बस्ती को चिन्हित कर वहां बहुमंजिला आवासीय परिसर के विकास की योजना तैयार हो। इसके समीप स्कूल, मार्केट, पार्क, आदि बुनियादी सुविधाएं रहें। यहां जो बाजार विकसित करें, उसमें इसी मलिन बस्ती के परिवार को दुकानें आवंटित करें। जो पार्क बनाएं, उसके संचालन की जिम्मेदारी भी इन्हें ही दी जाए। मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास पर गुरुवार को नगर विकास विभाग के साथ एक बैठक में परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और भावी योजनाओं को लेकर निर्देश दिए।

### नगरीय निकायों में कैडर पुनर्गठन किया जाए

योगी के मुताबिक, शहरी आबादी में बढ़ोतरी के मद्देनजर नगरीय निकायों में कैडर पुनर्गठन की आवश्यकता है। सभी नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों की सुचारु व्यवस्था के लिए वहां पर्याप्त मैनपॉवर रहे। ईओ हो या सफाईकर्मी कहीं भी रिक्तता न हो।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए बनाए जाएं विशेष केंद्र


मुख्यमंत्री ने कहा कि, राज्य में 17 नगरों को स्मार्ट सिटी को रूप में अपग्रेड किया जाना है। इसके अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के व्यायाम, पठन-पाठन, जलपान, चर्चा-विमर्श और बैंकिंग जरूरतों आदि के लिए विशेष केंद्र की स्थापना कराई जा रही है।

## एक नजर

### कोटा में छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

कोटा। राजस्थान के कोटा में एक छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि 16 वर्षीय छात्र ने यहां पीजी में स्थित अपने कमरे में फांसी लगा ली। कोटा में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों द्वारा आत्महत्या का जनवरी से अब तक यह 13वां मामला है। पुलिस ने बताया कि बिहार के नालंदा जिले का मूल निवासी संदीप कुमार कुर्मी दो साल से कोटा में संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) के लिए तैयारी कर रहा था और महावीर नगर-3 में पीजी में रहता था। महावीर नगर पुलिस थाने के प्रभारी महेंद्र मारू ने बताया कि गुरुवार सुबह सात बजे किशोर का सहपाठी उसके कमरे में गया तो देखा कि कुर्मी छत के पंखे से लटका हुआ है।

### आडवाणी को अपोलो अस्पताल से छुट्टी मिली



नई दिल्ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को गुरुवार शाम यहां अपोलो अस्पताल से छुट्टी मिल गई। आडवाणी (96) को बुधवार को अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### राजस्थान के कृषि मंत्री मीणा ने दिया इस्तीफा

जयपुर। राजस्थान के कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। मीणा ने गुरुवार को कहा कि वह पहले सांसद भी रहे हैं और दौसा, सवाईमाधोपुर एवं करौली क्षेत्र में उनकी अच्छी पकड़ थी लेकिन पार्टी को जीत नहीं दिला पाए। मैंने घोषणा की थी कि इन क्षेत्रों में मैं पार्टी को नहीं जिता पाया तो मंत्री पद छोड़ दूंगा।

### नीट-यूजी रद नहीं करने की सुप्रीम कोर्ट में अपील

नई दिल्ली। नीट-यूजी में सफल हुए गुजरात के 50 से अधिक परीक्षार्थियों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर केंद्र व एनटीए को पांच मई को हुई परीक्षा रद नहीं करने का निर्देश देने का अनुरोध किया। उन्होंने शीर्ष अदालत से केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को परीक्षा में पेपर लीक और नकल जैसी अनुचित गतिविधियों में शामिल छात्रों तथा अन्य लोगों की जांच और सख्त कार्रवाई का निर्देश देने की भी मांग की है।

# बस से भिड़ी कार, पांच की मौत

● हज कर दिल्ली पहुंचे माता-पिता को लेकर रामपुर लौट रहे थे बेटे

● कार के चालक को झपकी आना बताया जा रहा हादसे का कारण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



नक्शे अली | हाजी अशरफ | आरिफ | अहसान | इंतेखाब

**अमृत विचार :** मुरादाबाद के मूंढापांडे क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ राजमार्ग पर गुरुवार तड़के दिल्ली से आ रही तेज रफ्तार कार डिवाइडर फांद कर रोडवेज बस से टकरा गई। जिससे पिता व तीन बेटों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। मां और एक बेटा गंभीर हैं। हादसे का कारण चालक को झपकी आना बताया जा रहा है।

रामपुर के मुकरमपुर निवासी हाजी अशरफ अली और पत्नी जैतून सऊदी अरब से हज करके बुधवार को दिल्ली पहुंचे। उन्हें लेकर बेटे नक्शे अली, आरिफ, इंतेखाब और आसिफ गांव के ही चालक एहसान अली के साथ रामपुर लौट रहे थे। दिल्ली-लखनऊ राजमार्ग पर मूंढापांडे थाना क्षेत्र में चालक एहसान अली को झपकी आ गई। जिससे कार नीम के पेड़ से टकराई, फिर डिवाइडर फांद कर सामने से आ रही रोडवेज बस से भिड़ गई। हादसे में नक्शे अली (45), आरिफ (38) की मौके पर ही मौत हो गई। अशरफ अली (60), इंतेखाब अली (20) और एहसान अली (30) ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। अशरफ की पत्नी जैतून बेगम और छोटे बेटे आसिफ का इलाज चल रहा है।

## बिहार के सारण में एक और पुल ढहा

पटना। बिहार के सारण जिले में गुरुवार को एक और पुल गिर गया जो राज्य में एक पखवाड़े में पुल ढहने की 10वीं घटना है। जिलाधिकारी अमन समीर ने बताया कि यह 24 घंटे के भीतर सारण में पुल ढहने की तीसरी घटना है। उन्होंने बताया कि 15 वर्ष पूर्व बनाया गया पुल गुरुवार सुबह गिर गया। उच्च स्तरीय जांच के निर्देश दिए गए हैं। गंडकी नदी पर बनयपुर प्रखंड में बना यह छोटा पुल सारण के कई गांवों को पड़ोसी सिवान जिले से जोड़ता था। इसका निर्माण 15 साल पहले हुआ था। बुधवार को सारण जिले में दो छोटे पुल ढह गए थे।



**एक पेड़ मां के नाम**

लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत लाल चंदन का पौधा रोपा, इस मौके पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना भी उपस्थित थे।

# हेमंत सोरेन बने झारखंड के 13वें मुख्यमंत्री

रांची, एजेंसी



● राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने दिलाई शपथ

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने गुरुवार की शाम यहां राजभवन में राज्य के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। झारखंड के राज्यपाल सीपी. राधाकृष्णन ने राजभवन में हेमंत सोरेन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

हेमंत सोरेन के पिता और झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन, उनकी मां रूपी सोरेन, पत्नी कल्पना सोरेन तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा की अगुवाई वाले गठबंधन के वरिष्ठ नेता भी शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित थे। बुधवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले चंपई सोरेन भी इस अवसर पर मौजूद थे। हेमंत सोरेन को झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में जमानत दिए जाने के बाद 28 जून को जेल से रिहा कर दिया गया था।

# चिंता का सबब : मानसून शुरू होते ही दरकने लगे हैं पहाड़

**ग्रीष्म सीजन में वाहनों के अत्यधिक दबाव व कंपन के भूगर्भीय अध्ययन की जरूरत**

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** जर्जर होते पर्वत मानसून की शुरुआत में ही दरकने लगे हैं। गत वर्ष की तुलना में इस बार पहाड़ों से मलबा शुरुआती दौर में ही अधिक संख्या में आया है। नैनीताल को जोड़ने वाले वाले तीनों राज मार्गों पर दर्जनों जगहों पर बोल्डर व मलबा आने का क्रम कुछ दिनों से जारी है। यह बड़ी चिंता का विषय है।

राज्य में 28 जून को मानसून ने दस्तक दे दी थी। तब से रोजाना बारिश का क्रम जारी है। हल्द्वानी, कालाढुंगी व भवाली मार्ग में तमाम जगहों पर निरंतर मलबा सड़कों पर आ रहा है। गंभीर बात है कि गत वर्षों की तुलना में इस बार मलबा काफी अधिक आ रहा है। मलबा आना स्वभाविक हो सकता है, लेकिन बोल्डरों का गिरना गंभीर है। बोल्डरों के ऊपर पहाड़ टिके होते हैं। इनके लगातार गिरने से पहाड़ों के मजबूती से टिके रह पाना मुश्किल हो जाता है और यह आपदा चिंता का बड़ा कारण है। जिसे लेकर चर्चा आम हो चली है। बोल्डरों के खिसकने का वैज्ञानिक कारणों का आज भी पुख्ता जानकारी का अभाव बना हुआ है। हालांकि माना जाता है कि जंगलों की आग पहाड़ों को कमजोर बना देती है। जिस कारण बरसात होते ही भूस्खलन होने लगता है। वहीं, ग्रीष्म सीजन में पहाड़ों में वाहनों का अत्यधिक दबाव भी अब बढ़ने लगा है, जिससे पहाड़ों से बोल्डरों व मलबा के गिरने का क्रम निरंतर बढ़ रहा है।



● तीन राजमार्गों पर दर्जनों स्थानों पर गिरे बोल्डर व मलबा

### अत्यधिक वाहनों का कंपन हो सकता है बड़ा कारण

पहाड़ों में आने वाले बड़ी संख्या में वाहनों के कारण पहाड़ों में कंपन होना स्वाभाविक है। नैनीताल में इस बार ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन के दौरान पिछले तीन माह के दौरान एक लाख से अधिक वाहन पहुंचे। इतनी बड़ी संख्या में आए वाहनों से अत्यधिक कंपन पहाड़ों को झेलना पड़ा है और जिस कारण इस बार बरसात शुरू होते ही मलबा के अलावा बोल्डर गिरने में वृद्धि होना संभव है।

### शोध के बाद ही पता चल सकेगा पहाड़ों के दरकने का कारण

डीएसबी परिसर के भूगर्भ विज्ञान के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो सीसी पंत कहते हैं कि पहाड़ों में आने वाले वाहनों से होने वाले कंपन का अभी तक भूगर्भीय दृष्टि से अध्यन नहीं हुआ है। जिस कारण वाहनों द्वारा कंपन से पहाड़ों को होने वाले नुकसान के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता है। इस दिशा में शोध के बाद ही सही पता चल पाएगा। उन्होंने इस संदर्भ में शोध किए जाने की आवश्यकता जताई।

# जिले में धारा 163 लागू

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अब तक धारा 144 के नाम से जानी जाती थी यह धारा
- डीएम ने जारी किया आदेश, 31 अगस्त तक रहेगी लागू

**अमृत विचार :** डीएम ने मोहर्रम, 15 अगस्त, रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, श्रावण मास को देखते हुए जिले में धारा 163 लागू कर दी है। अब तक यह धारा 144 के नाम से जानी जाती थी। नए कानून आने के बाद से धारा संख्या बदल गई है। अब कोई भी व्यक्ति अग्नि अस्त्र, धारदार हथियार, लाठी या कोई भी घातक अस्त्र-शस्त्र लेकर नहीं चल सकेगा।

डीएम की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि जिले में 22 जुलाई से कांवड़ यात्रा शुरू हो रही है। जो अगस्त माह के अंतिम सप्ताह तक चलेगी। 15 को स्वतंत्रता दिवस, 19 को रक्षाबंधन और 26 अगस्त को जन्माष्टमी पर्व मनाया जाएगा। पूरे माह कांवड़िए व श्रद्धालु शिव मंदिरों पर जलाभिषेक करने उमड़ते हैं। इस दौरान जातिगत व सांप्रदायिक कारणों से जनपद में द्वेष, वैमनस्य, दुर्भावना का वातावरण पैदा करने का प्रयास किया जा सकता है। ऐसी स्थिति पर नियंत्रण करने को जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 को प्रभावी किया जा रहा है। अब कोई भी व्यक्ति सक्षम स्तर से अनुमति प्राप्त किए बिना कोई भी आग्नेयास्त्र, धारदार हथियार, लाठी अथवा अन्य कोई घातक शस्त्र या विस्फोटक सामग्री अपने साथ लेकर नहीं चल सकेगा। अधिकारियों व कर्मचारियों, लाठी या छड़ी के सहारे चलने वाले लोगों पर यह आदेश लागू नहीं होगा। किसी एक स्थान पर 05 या 05 से अधिक व्यक्ति एकत्र नहीं होंगे और कोई भी धरना-प्रदर्शन/चक्का जाम आदि बिना सक्षम मजिस्ट्रेट की पूर्व अनुमति के नहीं किया जाएगा।

### कंकड़-पत्थर मिले तो होगी कार्रवाई

कोई भी मकान की छत या दीवार या किसी अन्य स्थान पर बिना किसी प्रयोजन के कंकड़-पत्थर, ईंट के टुकड़े, कांच की सामग्री, विस्फोटक सामग्री अथवा ऐसी कोई वस्तु एकत्र नहीं करेगा, जिससे किसी व्यक्ति को क्षति पहुंचाई जा सके मिलने पर कड़ी कार्रवाई होगी।

## जीएफ कॉलेज को प्रोफेसर मोहसिन हसन खां के रूप में मिला स्थाई प्राचार्य

# कैंपस प्लेसमेंट से कॉलेज को नई पहचान दिलाना मकसद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



मोहसिन हसन खां
प्रोफेसर

**अमृत विचार :** प्रोफेसर मोहसिन हसन खां जिले के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित गांधी फैज-ए-आम कॉलेज (जीएफ कॉलेज) के स्थाई प्राचार्य बनाए गए हैं।

अमृत विचार से बातचीत करते नव नियुक्त प्राचार्य प्रोफेसर मोहसिन ने कहा कि संस्थान में मुखिया की जिम्मेदारी मिलना सुखद अहसास है। उनका प्रयास होगा कि महाविद्यालय को बेहतर शैक्षिक माहौल के साथ कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से एक नई पहचान दिलाई जाए। इसके लिए समय-समय पर विभिन्न कंपनियों को आमंत्रित कर छात्र-छात्राओं को रोजगार के अवसर प्रदान कराए जाएंगे। चूंकि नई शिक्षा नीति में सरकार का ध्यान रोजगारपरक शिक्षा पर है, जो बहुत ही महत्वपूर्ण विचार है, इसलिए कैंपस प्लेसमेंट पर पूरा जोर दिया जाएगा।

- अमृत विचार से बोले- कॉलेज में नए पदों का सृजन कर विभागाध्यक्षों को देंगे जिम्मेदारी और अधिकार

बोले फिलहाल अभी प्रवेश प्रक्रिया गतिमान है। उसमें छात्र-छात्राओं को दिक्कत न हो इसकी कोशिश करेंगे। कहा, नए पदों का भी सृजन किया जाएगा, जिससे समय-समय पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को अंजाम दिया जा सके। विद्यार्थियों के उत्साहवर्द्धन के लिए खेलकूद गतिविधियों समेत अन्य प्रतियोगिताओं का खाका भी तैयार किया जा रहा है। कॉलेज को सकारात्मक परिणाम मिलें, इसके लिए सभी को साथ लेकर चलना जरूरी है। प्रयास होगा कि प्रबंध समिति के विश्वास पर खरा उतरते हुए कॉलेज को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकूं।

### जल्द मेरिट लिस्ट जारी करने का करेंगे प्रयास, ताकि न लगाने पड़े चक्कर

विश्वविद्यालय ने 10 जुलाई तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि घोषित कर रखी है। उनका प्रयास होगा कि 11 या 12 जुलाई को ही प्रवेश के लिए मेरिट लिस्ट जारी कर दी जाए। साथ ही प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण रूप से कंप्यूटराइज्ड की जाएगी, जिससे छात्र-छात्राओं को बार-बार इधर-उधर चक्कर न लगाने पड़ें और एक ही काउंटर पर उनकी प्रवेश संबंधी कार्रवाई पूर्ण हो जाए।

### विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए कराएंगे सेमिनार

प्राचार्य ने कहा कि कॉलेज की शैक्षिक गतिविधियों के साथ ही विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास पर भी जोर दिया जाएगा, जिसके लिए प्रतिमाह संकायवार कम से कम दो-दो सेमिनार आयोजित कराए जाएंगे। इसके लिए विभागाध्यक्षों को अतिरिक्त जिम्मेदारी और अधिकार भी दिए जाएंगे। नेशनल सेमिनार पर भी खासा जोर रहेगा, इसका लाभ छात्र-छात्राओं को जरूर मिलेगा।

### वर्ष 2003 में केमेस्ट्री प्रवक्ता के रूप में हुई थी नियुक्ति

इनसे पहले डॉ. मोहम्मद तारिक वर्ष 2021 से कार्यभार संभाले हुए थे। प्रो. मोहसिन हसन खां की नियुक्ति इसी कॉलेज में वर्ष 2003 में बतौर केमेस्ट्री प्रवक्ता के रूप में हुई थी। वह मूल रूप से बरेली के रहने वाले हैं। उन्होंने पहली जुलाई से प्राचार्य पद की जिम्मेदारी संभाल ली।

## एक नजर

### सीडीओ से दिव्यांगता प्रमाण पत्र कैंप लगवाने की मांग

**शाहजहांपुर।** दिव्यांग बच्चों के लिए दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कैंप का आयोजन कराए जाने के लिए वृहस्पतिवार को दिव्यांग हेल्प वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह को एक पत्र दिया गया। जिसमें मांग की गई कि दिव्यांग बच्चों के दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कैंप का आयोजन ट्रस्ट के संचालित कार्यालय रसूलपुर जहान गंज संजय कुमार सरस्वती इंटर कॉलेज के पीछे रेती रोड पर कर कराया जाए। जिससे कि दिव्यांग बच्चों के दिव्यांग प्रमाण पत्र बन सकेगे। संगठन की अध्यक्ष रेखा सिंह ने बताया कि दिव्यांगों की समस्याओं को देखते हुए कैंप का आयोजन जरूरी है।

### नए डीएसओ होंगे चमन, ओमहरि का गौतमबुद्धनगर तबादला

**शाहजहांपुर।** जिला पूर्ति कार्यालय में शासन की ओर से फेरबदल किया गया है। जिसमें डीएसओ ओमहरि उपाध्याय का तबादला गौतमबुद्धनगर कर दिया गया। उनके स्थान पर गौतमबुद्धनगर से डीएसओ चमन शर्मा को भेजा गया है। वहीं पूर्ति विभाग के एआरओ बीएस डोलिया का तबादला अयोध्या, जबकि वेदप्रकाश अलीगढ़ भेजे गए हैं। अब दो एआरओ के स्थान पर रायबरेली से अनिल कुमार को यहां का एआरओ बनाकर भेजा गया है। नवागत अधिकारी सोमवार तक यहां आकर कार्यभार ग्रहण कर सकते हैं।

### जिला कृषि अधिकारी ने किया ज्वाइन

**शाहजहांपुर।** नवागत जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर ने बुधवार शाम जिले में पहुंच कर ज्वाइन कर लिया। अब तक वह एसडीओ सदर उन्नाव के पद पर तैनात थे। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाएगा। प्रयास रहेगा कि सभी सरकारी योजनाएं आखिरी किसान तक पहुंचाई जाएं। बता दें कि शासन ने बीते दिनों छह साल से जमे जिला कृषि अधिकारी डॉ. सतीश चंद्र पाठक का तबादला हरदोई कर दिया था। उनके स्थान पर उन्नाव में एसडीओ सदर के पद पर तैनात विकास किशोर को यहां भेजा गया था। विकास किशोर ने बुधवार शाम यहां पहुंच कर ज्वाइन कर लिया।

# बारिश फिर धूप...बादल, राहत और उमस के बीच गुजरा दिन

## वृहस्पतिवार सुबह बारिश ने गर्मी से दी राहत, दोपहर बाद बरसात रुकने पर खिली धूप ने कर दिया परेशान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



बारिश से बचने को सड़क पार कर दूसरी तरफ जाते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** दो दिन हुई बारिश से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं किसानों के भी चेहरे खिल गए लेकिन वृहस्पतिवार को मौसम बनता-बिगड़ता रहा, इस वजह से पूरे दिन उमस बनी रही। इस दौरान बिजली की ट्रिपिंग और परेशान करती रही। उमस भरी गर्मी में महिलाएं और बच्चे अधिक परेशान होते रहे। वहीं बारिश से दलदल में तब्दील हुई सड़कों से निकले के लिए भी लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शाम को छाए हल्के बादलों के बरसने की लोगों को उम्मीद थी लेकिन बरसात नहीं हुई।

बुधवार देर रात करीब 11:30 बजे शहर में हल्की बूंदाबांदी हुई वहीं पुवायां में बारिश ने तेज रूप धारण कर लिया। करीब 10 से 15 मिनट की बारिश ने माहौल को खुशनुमा बना दिया। वृहस्पतिवार सुबह शहर में जब लोगों की आंख खुली तो बारिश हो रही थी। करीब नौ बजे बारिश कम हुई तो लोगों ने काम पर जाने के लिए निकलना शुरू किया। दोपहर करीब डेढ़ बजे तक बादल छाए रहे, लेकिन उमस बनी रही।

इसी दौरान कुछ स्थानों पर बिजली गुल हो गई, जिससे लोग पसीने से तर-बतर हो गए। करीब 1:45 बजे एक बार फिर तेज बदली छा गई और छमक कर बदरा बरस गए। इससे कुछ देर के लिए एक बार फिर से उमस भरी गर्मी राहत मिल गई। करीब 15 मिनट की बरसात के बाद तेज धूप इधर तरह से निकल आई, मानो बरसात ही न हुई हो। इससे अचानक फिर गर्मी बढ़ गई। 20 मिनट धूप के बाद मौसम में एक बार फिर बदलाव आया और बदली छा गई लेकिन बारिश नहीं हुई। इसके बाद एक बार फिर उमस भरी गर्मी शुरू हो गई और लोग देर शाम तक बारिश होने का इंतजार करते रहे लेकिन बारिश नहीं हुई।

- धूप के बाद दोबारा छाए बादलों ने पहुंचाई फिर थोड़ी देर की राहत

वहीं शहर की गलियों में दलदल हो गया। जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कत हुई, जिन्हें एक मोहल्ले से दूसरे मोहल्ले में जाना था, उन्हें कीचड़ से बचने के लिए ई-रिक्शा व दोपहिया आदि साधनों का सहारा लेना पड़ा लेकिन जिन्हें कुछ दूर जाकर जरूरी सामान की खरीदारी करनी पड़ी तो उन्हें कीचड़ और दलदल से होकर गुजरना पड़ा। मौसम में पल-पल बदलाव के दौरान बिजली की ट्रिपिंग भी होती रहीं। कभी एक घंटा तो कभी 15 से 20 मिनट की कटौती होती रही। दोपहर करीब एक बजे खिरनी बाग, जजी कचहरी के पीछे की कॉलोनी में बिजली गुल हो गई। करीब एक घंटे बाद बिजली आई तब लोगों ने राहत की सांस ली। शाम को तो ट्रिपिंग ने और भी परेशान कर दिया। हर दस मिनट बाद पांच मिनट के लिए बिजली गुल होती रही।

### नाला हुआ चोक, जलभराव से लोग परेशान

- पुलिया के नीचे सीवर लाइन के पाइप में अटक जाता है मलबा
- कई बार शिकायत के बाद भी अधिकारी बने हुए हैं लापरवाह

**शाहजहांपुर।** शहर के मोहल्ला हुंडालखेल में भवानी मंदिर वाली गली में नाला चोक हो जाने से जलभराव हो गया। इससे लोग परेशान है। कई बार शिकायत के बाद भी अधिकारी बेपरवाह बने हुए हैं। महानगर के मोहल्ला हुंडालखेल निवासी नरेश पांचाल एडवोकेट ने बताया कि मोहल्ले में सिंह भवानी मंदिर वाली गली की पुलिया के नीचे से सीवर लाइन का मोटा पाइप पड़ा हुआ है, जिसमें मलबा अटकता है और पुलिया चोक हो जाती है। इसका स्थाई समाधान पुलिया को ऊंचा करके किया जा सकता है लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शिकायतकर्ता नरेश पांचाल ने बताया कि आए दिन बरसात के दिनों में नाला चोक हो जाता है। नाले का गंदा पानी सड़क पर बहने लगता है। सफाई कर्मी जनशिकायतों पर रस्म अदायगी कर पानी निकास का साधन बना कर चले जाते हैं लेकिन कुछ देर में फिर वही स्थिति हो जाती है। इस समस्या के स्थायी समाधान के बारे में कोई चिंता नहीं करता। जबकि कई बार लिखित रूप में नगर निगम के अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिए जा चुके हैं।



नाला चोक होने से हुआ जलभराव।

### घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर,अमृत विचार:** चौक कोतवाली के एक मोहल्ले की महिला ने बताया कि उसका अपने पति से विवाद चल रहा था। उसके पति ने उस पर कई केस दर्ज करा रखे है। पीड़िता का मायका गढ़िया रंगीन थाना क्षेत्र में है। उसने अपने गांव के चन्द्रभान सिंह से मदद मांगी तो वह घर पर आने लगा। आरोपी की उसके मकान पर नीयत खराब हो गई। वह मकान में अपने बच्चों के साथ अकेले रहती है। आरोप है कि तीन जुलाई को सुबह पांच बजे आरोपी उसके घर पर आया और उसे जबरन पकड़ लिया। आरोपी अश्लील हरकतें करने लगा। विरोध करने पर उसे मारा पीटा और कपड़े फाड़ दिए। आरोपी ने कहा कि मुकदमे में पैसे बर्बाद कर रहा हूं और तू रखैल बनकर रहेगी। उसने शोर मचाया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि आरोपी चंद्रभान सिंह के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी को फोटो लगाकर पुतला जलाने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ कांग्रेसियों ने कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष अर्चना वाल्मीकि के नेतृत्व में वृहस्पतिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को सौंपा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर प्रदर्शन भी किया।

दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि तीन जुलाई को भाजपा के कुछ अराजक तत्वों ने राहुल गांधी का फोटो जलाने की घिनौनी हरकत की तथा बनारस में कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के पुश्तैनी घर के सामने राहुल गांधी का फोटो जलाने की नाकाम कोशिश की, जिसका कांग्रेसी विरोध करते हैं और इस तरह की हरकत करने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई की मांग करते हैं। जिलाध्यक्ष अर्चना वाल्मीकि ने कहा कि भाजपा अपनी हरकतों से बाज आए, वरना इसका उन्हीं की भाषा में जवाब दिया जाएगा।

- राहुल गांधी का फोटो लगाकर पुतला दहन करने वालों पर कार्रवाई की मांग
- महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष के नेतृत्व मे पहुंचे कांग्रेसी

उन्होंने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी ने कोई भी ऐसा वक्तव्य नहीं दिया जो भाजपा तथा हिंदू समाज को गलत लगा हो। राहुल गांधी ने कहा हिंदू समाज हिंसक नहीं हो सकता ना हिंसा करता है। इस मौके पर कांग्रेस के अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष सईद अंसारी, अफजाल अंसारी, अल्पसंख्यक के प्रदेश सचिव फरीद खान, वकार वारसी, यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राम जी अवस्थी, फरमान खान, महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव पूनम पांडेय, संगीता, लाइवा कादरी एडवोकेट, रीना कुमारी, संजना, सीमा, सायरा, रूबी, भटौली देवी, सीमा देवी, कुलदीप सिंह, संजीव चौधरी आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना ने राहुल गांधी का फूंका पुतला



राहुल गांधी के पुतला फूंकने की तैयारी में खड़े राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के कार्यकर्ता।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- राहुल गांधी के बयान के विरोध में कांट के बस अड्डे पर जुटे तमाम कार्यकर्ता

**अमृत विचार:** सदन में राहुल गांधी के वक्तव्य हिन्दू हिंसात्मक होता है, के विरोध में राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के कार्यकर्ताओं ने वृहस्पतिवार को कांट के बस अड्डा पर राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया।

जिसमें जिलाध्यक्ष संदीप हिंदू एवं मुख्य सहयोगी विकास पाठक, जिला सचिव शोभित हिंदू, जगपाल, रोहित शर्मा, नीरज कुमार, अमन, अन्नू गुप्ता, विमल गुप्ता, कुलदीप कश्यप, नागेश सिंह, वीनू मिश्र, विमलेश सिंह, रामनरेश, आकाश कश्यप, गौरव वर्मा, विवेक सिंह, अभिषेक सक्सेना, परवेज वर्मा, गगन, अमन, अवनीश सक्सेना, सुनील सिंह, सुरजीत वर्मा, किशन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कोटेदारों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** आदर्श कोटेदार एवं उपभोक्ता वेलफेयर एसोसिएशन शाहजहांपुर के पदाधिकारियों ने प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद के नाम पत्र सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को सौंप कर ईकेवाईसी में आ रही समस्याओं से अवगत कराया। संगठन ने पांच सूत्रीय मांग पत्र भी सौंपा। कोटेदारों ने कहा कि सर्वर की समस्या के कारण राशन वितरण भी सही तरह से नहीं हो पा रहा है तो केवाईसी कैसे संभव है। सर्वर की समस्या का समाधान किया जाए। अधिकांश बुजुर्गों व बच्चों के अंगूठे नहीं आ पाते हैं। ऐसे में यूनिट कटने पर मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। कोटेदार का लाभांश अति अल्प है। अन्य प्रदेशों की तरह ही हमारा लाभांश 200 रुपये प्रति क्विंटल कराया जाए। इस दौरान आदर्श कोटेदार एवं उपभोक्ता वेलफेयर एसोसिएशन शाहजहांपुर के जिला अध्यक्ष जागेश्वर उर्फ जग्गू मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष राजीव पांडे, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय मिश्रा, जिला महासचिव विपिन यादव, नीरज कुमार, सोनू, मुनेंद्र आदि मौजूद रहे।

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

S.R. INSTITUTIONS
Approved by PCI, AICTE, INC, DGT New Delhi
Affiliated to AKTU, BTE, UPSMF, ABV Medical University, Uttar Pradesh Lucknow
Registration Open 2024-25
B.Sc. (Nursing) GNM DPT
B.PHARMA D.PHARMA
ITI Courses
ELECTRICIAN 2 Years Course | COPA 1 Year Course | H.S.I. 1 Year Course | RADIOLOGY TECHNICIAN 2 Years Course
Add. : Maikpur, Bhuta-Faridpur Road, Bhuta, Bareilly, UP-243503
Contact : 9720456885, 9837464606

21 वां प्रांतीय निर्वाचन

लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में जिले को मिला सम्मान, नवनिर्वाचित पदाधिकारी बोले- साथियों के हित की लड़ाई लड़ते रहेंगे

# वेद प्रकाश प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुरेंद्र बनाए गए प्रांतीय वरिष्ठ मंत्री

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



महानगर पहुंचने पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का किया गया भव्य स्वागत।

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय सम्मेलन में जिले को सम्मान मिला है। लखनऊ में 21वें प्रांतीय निर्वाचन महोत्सव में शाहजहांपुर को वरीयता क्रम में महत्वपूर्ण पद प्राप्त हुए जिसमें जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश गुप्ता को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल का पुनः प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

वहीं नारायण दास अग्रवाल को प्रांतीय संयुक्त महामंत्री, सुरेंद्र सिंह सेठ को प्रांतीय वरिष्ठ मंत्री के पद पर निर्वाचित किया गया। शशांक कौशिक को प्रांतीय मंत्री निर्वाचन चुना गया। ओवैस हसन खां को प्रदेश मंत्री पद पर निर्वाचित किया गया। प्रांतीय सम्मेलन 29 व 30 जून को प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल के नेतृत्व में लखनऊ में आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेश के व्यापार मंडल के सभी जिलों के व्यापारी पहुंचे थे। जिले व नगर के सभी व्यापारियों में अपने जिले से प्रांतीय स्तर पर निर्वाचित हुए पदाधिकारियों को लेकर काफी उत्साह व खुशी व्यक्त की। सभी प्रांतीय पदाधिकारियों के स्वागत के लिए एक होटल में कार्यक्रम रखा गया। जिसमें सभी प्रांतीय पदाधिकारियों का हार फूल पहनाकर स्वागत किया गया। सभी बाजारों के अध्यक्ष, महामंत्री सहित सभी व्यापारियों ने माला स्वागत पटका से प्रदेश पदाधिकारियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिन बाथम और संचालन महानगर महामंत्री अमित शर्मा ने किया।

- सभी प्रांतीय पदाधिकारियों का महानगर के व्यापारियों ने किया भव्य स्वागत

इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि संगठन में शक्ति है और इसी शक्ति के बल पर वह व्यापारियों के लिए काम करते हैं और उनके हक की लड़ाई लड़ते हैं। 1998 से व्यापारियों के हित में काम करते चले आ रहे हैं और यह एकता का ही प्रतिफल है कि वह प्रांतीय नेता बने हैं। इससे उनका संगठन और मजबूत हुआ है। लगातार संगठन में व्यापारियों की संख्या बढ़ती जा रही है, जो यह दर्शाती है कि संगठन में शक्ति है और इसी शक्ति के बल पर अपने हक की लड़ाई को जीता जा सकता है।

प्रांतीय वरिष्ठ मंत्री सुरेंद्र सिंह सेठ ने कहा कि सभी व्यापारियों के एक साथ मिलकर जो संगठन बना है। यह सभी व्यापारियों की एकजुटता का ही प्रतिफल है कि वह प्रदेश में प्रांतीय नेता बने हैं। वह विश्वास दिलाते हैं कि वह सभी व्यापारियों की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे और उनके लिए काम करेंगे। महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने कहा कि जल्द ही सभी बाजारों की इकाइयों का पुनर्गठन किया जाएगा। क्विक एक्शन कमेटी का गठन होगा, इसके लिए व्यापारी तैयार रहें।

### ये लोग रहे मौजूद

इस मौके पर कुंजबिहारी अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, श्याम मोहन अग्रवाल, नवल सोमानी सुशील दीक्षित, नेहाल मिर्जा, नेहाल ख़ान, प्रमोद मेहरोत्रा, सगीर अहमद अंसारी, विवेक कुमार गुप्ता, अखिल कुमार मिश्रा, रितेश सेठी, अजीत पाल सिंह, अमित अग्रवाल, राजेंद्र गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, फुरकान अली, मुस्तकीम ख़ान, महेंद्र कुमार दुबे, कंचन गुप्ता, अशोक गुप्ता, संजय गुप्ता, रामू बाजपेई, पंकज टंडन, प्रवीण मिश्रा, अशोक अग्रवाल, राशिद खान, मोहम्मद नासिर, शैलेंद्र सक्सेना, राजेंद्र गुप्ता, राजीव गुप्ता, वैभव गुप्ता, सागर कपूर, रईस अहमद, इकबाल खान लकी, सुरेश चंद्र, ज्ञान चंद्र , पवन ग्रोवर, अंशदीप सिंह, प्रिंस होरा, विपुल अग्रवाल, मोहम्मद आसिफ, विवेक सिंह, अजीत पाल सिंह साहनी, अमित अग्रवाल, विनीत अवस्थी, सतनाम चावला, यासीन मलिक, उज़ैर खान, अजय गुप्ता, अनूप गुप्ता, पंकज गुप्ता, अंकित खंडेलवाल, रितेश खंडेलवाल, संजय बाबू, पियूष गुप्ता, प्रवीण मिश्रा, सुशील गुप्ता, मधुरेश गुप्ता, रविंद्र सिंह, मितिल गुप्ता, अजीत, सौरव गुप्ता, मोहित गुप्ता, राममोहन वर्मा, सुधीर अग्रवाल, विवेक सहगल आदि मौजूद रहे।

अजीत सिंह के निर्देशन में प्रयागराज व दिल्ली के विशेषज्ञों द्वारा संचालित
EXCELLENT IAS ACADEMY
www.excellentias.org
IAS/PCS NCERT
ए.सी. डिजीटल क्लास रूम
अनुष्का डी.एस.पी., पी.सी.एस. 2022
उपदेश कुमार डिप्टी जेलर, पी.सी.एस. 2023
प्रातः 10 बजे से
निःशुल्क वर्कशाप के साथ नया बैच : 24 जून, सोमवार
7983948124, 9935264849
रामपुर गार्डन, पतंजलि स्टोर के सामने, बरेली

सांई पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट एण्ड सांई अस्पताल
(UP State Medical Faculty Lucknow)
प्रवेश सत्र : 2024-25
छात्रवृत्ति उपलब्ध
• Diploma OT • Diploma Dialysis
• Diploma Cardio
Stadium Road, Bareilly
Call us : 6399449913, 7253077077

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

### आज का मौसम

आसमान में तेज धूप खिली रहेगी।

35.0⁰ अधिकतम तापमान | 28.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.17 | सूर्यास्त 07.11

## विशेष रजिस्टर में रखा जाएगा किसानों का लेखा जोखा, आधार की तर्ज पर करेगा काम

# जिले के साढ़े पांच लाख किसानों के बनेंगे किसान कार्ड

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- ऋण लेने के दौरान खसरा-खतौनी का काम करेगा कार्ड

**अमृत विचार :** जिले में साढ़े पांच लाख किसानों के किसान कार्ड बनेंगे। एक विशेष रजिस्टर में किसानों का ब्योरा दर्ज कर पंजीकरण किया जाएगा। किसान कार्ड आधार कार्ड की तर्ज पर काम करेगा और इसके सहारे जमीन का लेखा जोखा जाना जा सकेगा। साथ ही किसान ऋण लेने के लिए भी इस कार्ड का प्रयोग कर सकेंगे।

31 जुलाई तक गांवों में शिविर लगाकर कार्ड बनाए जाएंगे। सबसे पहले पायलट प्रोजेक्ट के तहत किसान कार्ड का प्रयोग फर्रुखाबाद जिले में किया गया था, जो सफल रहा। इसके बाद अब इस योजना को पूरे प्रदेश में लागू किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के किसानों को योजना का लाभ देने की कवायद चल रही है।

### एप पर किसान कार्ड नंबर डाल कर देखा जा सकेगा जमीन का ब्योरा

जिले में आधार की तर्ज पर ही किसान कार्ड बनाया जाएगा। इसके लिए एक जुलाई से किसान रजिस्ट्री की शुरुआत की गई है। इसमें किसान का आधार नंबर, खेत का रकबा, खसरा नंबर आदि का विवरण दर्ज किया गया है। इसके बाद एक नंबर जारी होगा। इस नंबर के जरिए ही संबंधित किसान का पूरा विवरण देखा जा सकेगा। रजिस्ट्री से मिलने वाले नंबर के जरिये ही आगे पीएम किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। केंद्र सरकार की ओर से एग्रीस्टैक (कृषि के लिए डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा) विकसित करने की योजना के तहत किसान रजिस्ट्री शुरू की जा रही है। केंद्र सरकार की ओर से तैयार कराए गए मोबाइल एप पर हर किसान का पूरा विवरण दर्ज किया जाएगा।

### एक से 31 जुलाई तक हर गांव में लगेंगे शिविर

इसके लिए एक से 31 जुलाई तक हर गांव में शिविर लगेंगे। इसमें दो कर्मचारी रहेंगे। ये गांव में रहकर संबंधित किसान का नाम, पिता का नाम, स्वामित्व वाले सभी गाटा संख्या, सह खातेदार होने की स्थिति में गाटे में किसान का अंश, मोबाइल नंबर, आधार नंबर, ईकेवाईसी विवरण आदि दर्ज करेंगे। किसी प्रकार के स्वामित्व हस्तांतरण (विरासत, बैनामा आदि) होने पर किसान रजिस्ट्री में बदलाव किया जा सकेगा। इसमें किसान के हर गाटे में दो सत्र में बोई जाने वाली फसल का विवरण भी शामिल किया जाएगा।

### किसानों को मिलेगा यह फायदा

अभी किसान को किसी तरह का ऋण लेने को बार-बार राजस्व रिकॉर्ड देना पड़ता है। किसान रजिस्ट्री होने से उनके नंबर को संबंधित एप पर डालकर उसका पूरा विवरण देखा जा सकेगा। इससे किसान कल्याण की योजनाएं बनाने और उसने क्रियान्वयन में आसानी होगी। लाभार्थियों के सत्यापन, कृषि उत्पाद के विपणन व अन्य वित्तीय मामलों में भी सहूलियत होगी। पीएम किसान सम्मान निधि का भुगतान, फसली ऋण के लिए किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा, आपदा के दौरान किसानों को क्षतिपूर्ति देने के लिए किसानों को चिह्नित करने में आसानी होगी।



किसान रजिस्ट्री से किसानों को विभिन्न योजनाओं का भरपूर लाभ मिलेगा। किसी भी तरह की धांधली की गुंजाइश नहीं रहेगी। जिले के लगभग साढ़े पांच लाख किसानों को योजना का लाभ मिलने की उम्मीद है। **-धीरेंद्र सिंह**, जिला कृषि अधिकारी।

# दहेज हत्या में एक को उम्रकैद 14 हजार रुपये का जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** थाना सेहरामऊ दक्षिणी के गांव मियापुर गौटिया निवासी राजपाल को कोर्ट ने दहेज हत्या के मुकदमे में दोषी पाए जाने पर उम्रकैद की सजा सुनाई है, साथ ही 14 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

राजपाल के खिलाफ वर्ष 2021 में दहेज की खातिर हत्या किए जाने का मामला दर्ज हुआ था। जिसमें अभियुक्त को सजा दिलवाने के लिए संबंधित थाना प्रभारी और पैरोकार को प्रभारी पैरवी करने के लिए निर्देशित किया गया था। कोर्ट में मुकदमा चलने के दौरान एएसजे कोर्ट संख्या 11 के न्यायाधीश ने गवाहों के बयान और पैरोकार कांस्टेबल विमल कुमार की ओर से पेश किए गए साक्ष्य व शासकीय अधिवक्ता शिवकुमार सिंह के तर्कों को सुनने के बाद पत्रावली का अवलोकन कर अभियुक्त राजपाल को दोषी पाए जाने पर उम्रकैद की सजा सुनाई है, साथ ही 14 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, चालान किया

**शाहजहांपुर।** निगोही प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि विगत दिनों अभियुक्त अमित एक किशोरी को अगवा करके ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म किया था। किशोरी के पिता ने अभियुक्त के खिलाफ अगवा, दुष्कर्म, पाक्सो के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने गुरुवार की दोपहर आरोपी अमित को गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया।

## एक नजर

### मंडी गया पल्लेदार लापता



**जलालाबाद।** गांव कुंडरी चकचंद्रसेन निवासी कमला ने पुलिस को बताया कि उसके पति नेक अली पुत्र झांगड़ी 30 जून को रोजाना की तरह सुबह छह बजे नवीन मंडी जलालाबाद को पल्लेदारी करने के लिए कह कर घर से गए लेकिन शाम को घर नहीं आए, तो उनकी तलाश शुरू की। मगर कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उसने थाने में तहरीर देकर पति की बरामदगी की गुहार लगाई है। वहीं कोतवाल हरिपाल सिंह बालियान ने बताया कि कमला की ओर से तहरीर मिली है, जिस पर गुमशुदगी दर्ज कर लापता पल्लेदार की खोजबीन शुरू कर दी गई है।

### युवक लापता, गुमशुदगी दर्ज

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला शहबाजनगर निवासी मोहम्मद नदीम ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि उसके भाई मोहम्मद नईम(26) की सैलून की दुकान शहबाजनगर रोड पर एक मैरिजलान के निकट हे। उसका भाई 28 जून की शाम साढ़े पांच बजे दुकान बंद करके घर नहीं पहुंचा है। उसके मोबाइल पर घंटी बज रही है और फोन नहीं उठ रहा है। घर वापस न आने पर परिवार वाले परेशान है। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है और मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर लगा दिया गया है।

### सटोरिया गिरफ्तार, चालान

**शाहजहांपुर।** रामचंद्र मिशन थाना प्रभारी सीपी शुक्ला को बुधवार की शाम सूचना मिली कि ग्रीन वेली चौराहे के पास एक सटोरिया सट्टे की पर्ची लिख रहा है। पुलिस ने सटोरिये को पकड़ लिया। पकड़ा गया सटोरिया इद्रीश निवासी ख्वाजा फिरोज थाना रामचंद्र मिशन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से सट्टे की पर्ची व 860 रुपये बरामद किए है। पकड़े आरोपी ने बताया कि नंबर फंस जाने पर पांच रुपये के स्थान चार सौ रुपये मिलते है। पुलिस ने सटोरिये का चालान कर दिया।

### सर्पदंश से व्यक्ति की मौत

**शाहजहांपुर।** खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव सूथा निवासी वीर सिंह(40) वृहस्पतिवार की सुबह सात बजे खेत पर धान की रोपाई करने के लिए गया था। उसके पैर में सर्प ने डस लिया। परिवार वाले उसे मेडिकल कॉलेज लेकर आए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

# तालाब में नहाने गए किशोर और छात्र की डूबकर मौत

## 14 घंटे बाद उतराता मिला मोहल्ला गदियाना के शाहनूर का शव, दोस्त के कहने पर बारिश में नहाते हुए पहुंचा था

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



मृतक के घर के बाहर लगी लोगों की भीड़ व मौजूद परिजन। ● अमृत विचार

- दोस्त लौटा लेकिन शहनूर के नहीं आने पर परिजनों ने की तलाश
- संविलियन विद्यालय अनावा में कक्षा तीन का छात्र था गोविंद
- दोस्तों के साथ गुरूवार दोपहर गया था नहाने, उन्होंने दी सूचना

**अमृत विचार :** शहर में शहबाजनगर रोड पर तालाब में नहाने गए एक किशोर अपने दोस्त के साथ गया था। वह घर नहीं लौटा तो परिवार वालों ने उसकी तलाश की। उसका शव तालाब में 14 घंटे बाद तालाब में उतराता हुआ मिला। पुलिस ने किशोर के शव को तालाब से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार वालों का कोई आरोप नहीं है। वहीं साथियों के साथ तालाब में नहाने गए सिंधौली के कक्षा तीन के छात्र की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद से दोनों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



मृतक शहनूर खां।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला गदियाना निकट जामिया फातिमा शहबाजनगर निवासी शहनूर खां(13) के पिता अख्तर अली की कई साल पहले मौत हो गई थी। बुधवार की सुबह दस बजे बारिश हो रही थी। शहनूर अपने दोस्त कल्लू के साथ बारिश के पानी में नहा रहा था। उसके दोस्त ने शहनूर से कहा कि चलो तालाब में नहाएंगे और मछली पकड़ेंगे। दोनों बारिश के पानी में नहाते हुए तालाब के पास पहुंच गए। इस दौरान नहाते हुए शहनूर तालाब में डूब गया।

इसी बीच उसका दोस्त कल्लू कहीं और निकल गया। शहनूर शाम पांच बजे तक घर वापस नहीं आया तो परिवार वालों ने उसकी तलाश की लेकिन पता नहीं चला। परिवार वाले कल्लू के घर पर गए, जो नहीं मिला। रात दस बजे तक शहनूर नहीं मिला तो परिवार वालों ने सदर बाजार थाने पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह फोर्स के साथ उसके घर पर गए और परिवार वालों से जानकारी की। पुलिस रात 12 बजे कल्लू के घर पर गई तो कल्लू घर मिला। उसने पुलिस को बताया कि दोनों लोग तालाब पर नहाने और मछली पकड़ने गए थे। पुलिस परिवार वालों के साथ रात एक बजे तालाब पर पहुंची तो शहनूर का शव उतराता हुआ मिला।

पुलिस ने किशोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि परिवार वालों का कहना है कि वह दोस्त के साथ नहाने के लिए गया था और तालाब में डूब गया। उन्होंने बताया कि मृतक के परिवार वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है।



रिश्तेदार के साथ गुमसुम बैठीं नीला दुपट्टा ओढ़े मृतक की मां।

**सिंधौली।** गांव अनावा निवासी रामगोपाल का पुत्र गोविंद राठौर(9) वृहस्पतिवार दोपहर चार साथियों के साथ गांव के उत्तर में तारा तालाब में नहाने गया था, जहां वह गहरे पानी में नहाते समय चला गया। जिससे उसकी डूब कर मौत हो गई। अन्य नहा रहे लडकों ने जब उसे डूबते देखा, तो शोर मचा दिया। जिसे सुनकर गांव के लोग तालाब की तरफ दौड़ पड़े। जब तक तालाब से गोविंद को ढूंढ कर निकाला गया तब तक परिजन पहुंच गए और उसे पुवायां अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मौत की खबर सुनकर गांव में शोक है, वहीं कई घरों में चूल्हे नही जले। वह संविलियन विद्यालय अनावा में कक्षा तीन का छात्र था। पढ़ने में होनहार था। घटना के बाद से माता-पिता बदहवास हालत में हैं, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### दोस्त ने आकर डूबने की बात नहीं बताई

मृतक शहनूर के भाई अफजाल ने बताया कि उसका भाई मोहल्ले के कल्लू के साथ तालाब में नहाने और मछली पकड़ने के लिए गया था। उसका भाई डूब गया था फिर भी उसके दोस्त कल्लू ने घर पर आकर जानकारी नहीं दी। यदि वह घर आकर तुरंत बता देता तो उसके भाई की जान बच सकती थी। मृतक चार भाइयों में चौथे नंबर का था। उसके तीन भाई अफजाल, इकबाल, अनवार है। उसकी मां का नाम अफसाना है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

# बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शहर में एक युवक ने छह साल की बच्ची को अगवा करके अपने घर ले जाकर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। पुलिस ने बच्ची का डॉक्टरी परीक्षण कराया।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की छह साल बच्ची बुधवार की शाम घर के बाहर खेल रही थी। पड़ोस का रहने वाला युवक बच्ची को अगवा करके अपने घर ले गया। आरोप है कि युवक ने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। बालिका के परिजन घटना के समय कहीं गए हुए थे। कुछ देर बाद बच्ची अपने घर गयी और मां को घटना से अवगत कराया। बच्ची के मां उसे लेकर थाना सदर बाजार आई और आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म आदि की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस ने बच्ची का डाक्टरी परीक्षण कराया। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि दुष्कर्म के आरोपी संजीव को वृहस्पतिवार की सुबह गिरफ्तार करके चालान कर दिया है। टीम में उप निरीक्षक सुनील कुमार, सिपाही अनुज सैनी थे।

# इंटरलाकिंग को चार दिन मेगा ब्लॉक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर




- इस दौरान मुगलसराय समेत 60 ट्रेनें रहेगी निरस्त
- रोजा में सात जुलाई से एक माह के लिए होगी रिमाडलिंग
- लखनऊ तक ही आएगी लखनऊ-शाहजहांपुर पैसेंजर ट्रेन

**अमृत विचार :** रोजा रेलवे स्टेशन पर सात जुलाई से यार्ड में नान इंटरलॉकिंग का कार्य होगा। इसके लिए प्री-नान इंटरलाकिंग को 26 और नान इंटरलॉकिंग कार्य के लिए चार दिन का मेगा ब्लॉक लिया जाएगा। इसकी वजह से मुरादाबाद मंडल की 60 ट्रेनें निरस्त रहेंगी। सीतापुर और लखनऊ की ओर जाने वालों का सफर प्रभावित होगा। यह कार्य सात अगस्त तक होगा।

मुरादाबाद मंडल में रोजा रेलवे स्टेशन पर यार्ड में सात जुलाई से पांच अगस्त तक रिमाडलिंग का कार्य होगा। शाहजहांपुर व रोजा में ठहरने वाली ट्रेनों में त्रिवेणी एक्सप्रेस, बरेली-वाराणसी, बरेली-प्रयागराज, जनता एक्सप्रेस आदि ट्रेनें प्रभावित रहेगी। जननायक एक्सप्रेस 23 जुलाई से 4 अगस्त तक, बरेली-वाराणसी एक्सप्रेस 31 जुलाई से 4 अगस्त, मुगलसराय एक्सप्रेस एक से पांच अगस्त, जनता एक्सप्रेस 23 जुलाई से चार अगस्त, नौचंदी एक्सप्रेस 23 जुलाई से 4 अगस्त, चंडीगढ़ एक्सप्रेस 31 जुलाई से चार अगस्त, त्रिवेणी एक्सप्रेस 31 जुलाई से पांच अगस्त तथा काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस 31 जुलाई से चार अगस्त तक निरस्त रहेगी। जबकि शाहजहांपुर से चलने वाली शाहजहांपुर-सीतापुर, शाहजहांपुर-बालामऊ पैसेंजर ट्रेन भी निरस्त रहेगी। लखनऊ-शाहजहांपुर पैसेंजर ट्रेन लखनऊ तक ही आएगी। कुछ ट्रेनें कानपुर-लखनऊ होकर जाएंगी। कुछ ट्रेनें बरेली, पीलीभीत, सीतापुर होकर जाएंगी। इसके अलावा राजधानी एक्सप्रेस, श्रमजीवी एक्सप्रेस, सियालदहा एक्सप्रेस, उपासना एक्सप्रेस, कुंभ एक्सप्रेस, गंगा सतलज एक्सप्रेस, उपासना एक्सप्रेस, पंजाब मेल समेत कई ट्रेनों कई ट्रेनों को शार्ट टर्मिनेट, शार्ट ओरिजनेट, डायवर्ट, रिशेड्यूल किया जाएगा।

सात जुलाई से यार्ड में रिमाडलिंग का कार्य शुरु होगा। जिससे स्टेशन पर प्लेटफार्म की संख्या बढ़ जाएंगी। सीतापुर से आने वाली ट्रेनें सीधे प्लेटफार्म पर आ सकेंगी। – **श्रीकांत यादव**, स्टेशन अधीक्षक

# छुट्टा पशु से टकरा कर बाइक सवार घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** छुट्टा पशु से टकरा कर बाइक सवार घायल हो गया। जबकि पशु की मौके पर ही मौत हो गई।

एक बाइक सवार वृहस्पतिवार शाम ग्राम पतराजपुर निगोही-बीसलपुर मार्ग पर जा रहा था। तभी सामने से छुट्टा पशु आ गया। बाइक सवार ने ब्रेक मारे, लेकिन बाइक नहीं रुक पाई और पशु में टकरा गई। घटना में पशु की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक सवार की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाइक सवार को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। हालांकि देर शाम तक घायल की पहचान नहीं हो पाई। पुलिस उसकी पहचान कर परिजनों से संपर्क करने का प्रयास कर रही है।

# टीन शेड में गाटर से लटका मिला महिला का शव, पिता ने लगाया हत्या का आरोप

संवाददाता, मदनापुर/शाहजहांपुर

- पति बोला- खाना बनाने को लेकर हो गया था विवाद
- दो माह पहले हुई थी शादी मुस्कान की सोनू से शादी

**अमृत विचार :** कस्बे में एक महिला का शव टीन शेड में गाटर में दुपट्टे से लटका हुआ मिला। ससुराल वालों ने उसका शव उतार उसके मायके वालों को सूचना दी। पिता परिवार वालों के साथ बेटी की ससुराल पहुंचे। उसका शव जमीन पर पड़ा था। मृतका के पिता ने मार डालने का आरोप लगाया है। दहेज के लिए ससुराल वाले परेशान किया करते थे।



मृतका मुस्कान।

कस्बा मदनापुर निवासी सोनू की शादी 25 अप्रैल 24 को मुस्कान(21) निवासी सिकंदरपुर कला थाना मदनापुर के साथ हुई थी। बुधवार शाम मुस्कान ने सभी को खाना खिलाया और रात साढ़े नौ बजे एक कमरे में सोने चली गई। उसका पति दूसरे कमरे में सो रहा था। ससुराल वाले वृहस्पतिवार की सुबह पांच बजे उठे तो देखा कि मुस्कान का शव टीन शेड में पंखे के गाटर से दुपट्टे से लटका हुआ था। इस दौरान गांव वाले एकत्रित हो गए। ससुरालियों ने शव उतार लिया और मृतका के पिता पप्पू को सूचना दी। पप्पू सुबह आठ बजे परिवार वालों के साथ बेटी की ससुराल पहुंचे और देखा कि उसका शव जमीन पर पड़ा था। मृतका के पिता ने थाने पर सूचना दी। एसओ अमित चौहान फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता पप्पू ने आरोप लगाते हुए बताया कि दहेज के लिए पति तथा अन्य लोग परेशान किया करते थे। उनका आरोप है कि ससुराल वालों ने उसको मारकर टीन शेड में गाटर से लटका दिया है। इधर मृतका के पति सोनू का कहना है कि खाना बनाने को लेकर शाम को विवाद हो गया था। उसने स्वयं फांसी लगाकर जान दी है। प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह ने बताया कि मृतका के मायके वालों की तरफ से तहरीर नहीं आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतका की मां सावित्री देवी समेत अन्य मायके वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**महंगाई**

## बरसात में सब्जियों के दामों में आया उछाल, आलू-प्याज के साथ हरी सब्जियों ने भी भरी कुलाचें

# फुटकर बाजार में 40 में बिकने वाला टमाटर 100 रुपये तो 50 के पार पहुंची तोरई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



सब्जी बेचता दुकानदार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बरसात का मौसम अभी ढंग से शुरू भी नहीं हो पाया था कि सब्जियों को महंगाई की नजर लगनी शुरू हो गई है। पिछले दो दिनों में ही आलू-प्याज समेत हरी सब्जियों के रेट उछाल मारने लगे हैं। टमाटर का भाव तो दो गुना होते हुए सातवें आसमान पर पहुंच गया है, जबकि अन्य सब्जियों में 10 से 20 रुपये प्रति किलो की दर से बढ़ोत्तरी हो चुकी है।

लोगों का मानना है कि जैसे-जैसे बरसात का मौसम बढ़ता जाएगा, वैसे-वैसे सब्जियों के भाव बढ़ते रहेंगे। चूंकि जनपद में पिछले दो दिन से ही बारिश शुरू हुई है, इसके बावजूद सब्जियों के भाव में जबरदस्त उछाल आना शुरू हो गया है। एक दिन पहले जो भाव चल रहा था, उसमें खासी बढ़ोत्तरी हो चुकी है। वैसे देखा जाए तो बरसात के मौसम में हरी सब्जियों को नुकसान पहुंचता है, इसलिए इन सब्जियों के दाम बढ़ना स्वाभाविक है, लेकिन आलू, प्याज आदि की आमद कम होने से मंडियों में थोक भाव भी काफी ऊपर हो जाता है। ऐसे में फुटकर सब्जी के दाम और भी अधिक बढ़ने लगते हैं। सब्जियों के भाव बढ़ने से आम आदमी के घरों में भी सब्जी की मांग में कटौती होने लगी है। यानि कि जो सब्जी लोग आधा किलो या एक किलो लेकर घर जाते थे, वह अब 250 ग्राम से 500 ग्राम तक सिमटती जा रही है। टमाटर तो बमुश्किल 100 ग्राम और 200 ग्राम तक खरीदा जाने लगा है।


| सब्जियों के नाम | बुधवार के दाम | वृहस्पतिवार के दाम |
|---|---|---|
| आलू | 30 | 40 |
| टमाटर | 40 | 80 से 100 |
| तोरई | 30 | 50 |
| अरबी | 40 | 60 |
| बैगन | 20 | 30 |
| भिंडी | 40 | 60 |
| प्याज | 30 | 40 |
| नोट सब्जियों के दाम प्रति किलो में | | |




सब्जियों के रेट एकदम बढ़ गए हैं। अभी तो बरसात ढंग से शुरू भी नहीं हुई और सब्जियों के भाव में जबरदस्त उछाल आ गया है। इससे आम आदमी को सब्जी खरीदने से पहले सोचना पड़ रही है कि कितने में काम चल जाएगा। पाव भर लूं या आधा किलो। खासतौर पर गरीब आदमी को टमाटर, बैगन, भिंडी जैसी सब्जियां भी लेना महंगा पड़ रहा है। – **शिव कुमार**



बुधवार को सब्जियों के रेट ठीक-ठाक थे, लेकिन वृहस्पतिवार को अचानक उछाल आ गया। यही हाल रहा तो अगले दो-चार दिनों में सब्जी मंडी जाना भी बंद करना पड़ेगा। फास्ट फूड का छोटा सा रोजगार है, जिसमें सब्जियों की जरूरत अधिक होती है, ऐसे में आइटम भी महंगे करने पड़ेंगे, जिसका असर दुकानदारी पर पड़ सकता है। – **अमित**



सब्जियों के रेट एक दिन में इतने बढ़ गए हैं कि गरीब आदमी की थाली में सब्जी दिखाई देना ही बंद हो जाएगी। जिसके घर में सदस्यों की संख्या 8-10 होगी, वह तो सब्जी के लिए तरसता नजर आएगा। बरसात की मार सब्जियों पर अधिक पड़ती है। हरी सब्जियों की फसल खराब होने से कीमतें बढ़ जाती हैं। – **राजेश कश्यप**



सब्जियों के दाम एकदम बढ़ने से समस्या खड़ी होने लगी है। वैसे बरसात के मौसम में हर बार दाम बढ़ जाते हैं और स्वाभाविक भी है, लेकिन अभी से दो गुने रेट होना उचित नहीं है। यही हाल रहा तो आम परिवारों में सब्जियां पहुंच से दूर हो जाएंगी। दाल-रोटी का सहारा रहेगा। सब्जियों का स्वाद फिलहाल तो छोड़ना होगा। – **गीता शुक्ला**

# छेड़छाड़ का विरोध पर तमंचे से किया फायर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की महिला ने बताया कि उसके पति की मृत्यु हो चुकी है। वह परिवार के साथ एक साल से किराए के मकान में रह रही है। मकान मालिक का पुत्र शिवम चौहान उसकी 16 वर्षीया पुत्री को परेशान कर अश्लील हरकतें करता है। आरोपी एक साल पहले किसी लड़की की हत्या भी कर चुका है। आरोप है कि 27 जून की रात दो बजे आरोपी अपने एक साथी के साथ हाथ में तमंचा लेकर कमरे में घुस आया। उसकी पुत्री का नाम लेकर गालियां देने लगा। विरोध करने आरोपी ने महिला के ऊपर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया, जिससे वह बाल-बाल बच गई। शोर शराबा होने पर आरोपी धमकी देकर भाग गया। पीड़िता ने रोजा थाना पर तहरीर दी। वहीं प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने आरोपी शिवम चौहान तथा एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# कांवड़ यात्रा मार्ग में मीट और शराब की दुकानें रहेंगी बंद

- रास्ते और बिजली की लाइनें दुरुस्त करने और खानपान के शिविर लगवाने के निर्देश
- कांवड़ यात्रा के समय अधिक तीव्रता की ध्वनि वाले यंत्रों का प्रयोग न करने की अपील

## डीएम ने सावन को लेकर अधीनस्थों और आयोजकों के साथ की बैठक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** श्रावण मास में होने वाली कावड़ यात्रा को लेकर वृहस्पतिवार को डीएम उमेश प्रताप सिंह ने संभावित आयोजकों और अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने श्रावण मास और कावड़ यात्रा की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों से जानकारी तथा कमेटी के सदस्यों से फीडबैक लिया। उन्होंने कमेटी से समस्याओं को सुनते हुए उनका निस्तारण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। डीएम ने सख्त निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा मार्ग में पड़ने वाली मीट और शराब की दुकानें तथा होटल बंद रहेंगे। सख्त निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा मार्ग में पड़ने वाली मीट और शराब की दुकानें तथा होटल बंद रहेंगे।

कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में डीएम ने कावड़ यात्रा के दृष्टिगत मंदिरों, घाटों पर साफ-सफाई, बिजली, पानी आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही कावंड़ियों की सुविधा के लिए प्रस्तावित शिविरों में खानपान, प्याऊ आदि की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने सभी तहसीलों के उप जिला मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि वह कांवड़ मार्गों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं सुधार लें। अधीक्षण अभियंता विद्युत से रास्ते में पड़ने वाले जर्जर खंभे ठीक कराने तथा ट्रांसफार्मरों को जाली से ढकने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी से कहा कि कावड़ यात्रा के दौरान भोजनालयों/खानपान की दुकानों की नियमित चेकिंग की जाए। कांवड़ यात्रा मार्ग पर पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की जिम्मेदारी नगर निगम को दी।

उन्होंने जनपद के सभी सीएचसी/पीएचसी को सक्रिय करने तथा कांवड़ मार्ग के प्रमुख स्थलों पर एंबुलेंस की व्यवस्था रखने को कहा। यात्रा के समय अधिक तीव्रता की ध्वनि वाले यंत्रों का प्रयोग न करने के लिए लोगों को प्रेरित करने के निर्देश भी दिए गए। निर्देश दिए कि डीजे संचालकों से संपर्क कर भड़काऊ, अश्लील, सांप्रदायिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले गाने चलाए जाने पर रोक लगाई जाए। साथ ही डीजे की ऊंचाई 8 फीट तक सीमित रखी जाए। सावन माह में बड़े मंदिरों में बैरिकेडिंग, पार्किंग की व्यवस्था की जाए। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वह घाटों पर गहरे जल की चेतावनी वाले बोर्ड लगाने के साथ ही बल्ली-रस्सियों से बैरिकेडिंग करना सुनिश्चित करें।

बैठक एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय, एडीएम वित्त एवं राजस्व डॉ. सुरेश कुमार, एसपी सिटी संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, एसपी ग्रामीण मनोज कुमार, सीओ वीएस वीर कुमार, सीओ प्रयांक जैन सहित समस्त एसडीएम, यात्रा संयोजक तथा कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट में कांवड़ यात्रा की तैयारियों के संबंध में बैठक करते डीएम उमेश प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

### डीजे पर भड़काऊ गीत न बजाएं: एसपी

एसपी आशोक मीणा ने बताया कि सावन महीने में सुरक्षा के दृष्टिगत पूर्ण प्रबंध किए गए हैं। थाना स्तर पर भी अयोजकों एवं कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि कावड़ यात्रा में जाते समय बाइक से आपस में रेस न लगाएं और यातायात नियमों का पालन करें। कांवड़ यात्रा के दौरान शराब आदि किसी भी प्रकार के नशे का सेवन करते हुए ड्राइविंग न करें। साथ ही किसी नए रास्ते से भी यात्रा न की जाए। परंपरागत तरीके से कावड़ यात्रा निकले। यात्रा में किसी भी तरह के फूहड़, सांप्रदायिकता फैलाने वाले, भड़काऊ, अश्लील, गाने डीजे पर न बजाए जाएं, ऐसा करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी तरह की अराजकता फैलाने वाली पोस्ट न करें और न ही उसे शेयर करें। शिविरों में 360 डिग्री सीसी टीवी अवश्य लगाया जाए और लाइट की व्यवस्था जरूर रहे। यात्रा मार्ग में शिविर रोड से 10-15 मीटर अंदर की ओर लगाए जाएं। किसी भी नई परंपरा की शुरुआत न की जाए।

## किशोरी को किया अगवा, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले के व्यक्ति ने बताया कि एक जून की दोपहर दो बजे उसकी 15 वर्षीय पुत्री किसी काम से घर से निकली थी। वह रात आठ बजे तक वापस नहीं आई तो उसकी तलाश की। उसका पता नहीं चला। दूसरे दिन पता चला कि तिलहर क्षेत्र का हरिपाल उसकी पुत्री को अगवा करके ले गया है। उसकी पुत्री आरोपी से मोबाइल से फोन पर बात किया करती थी। पुलिस ने आरोपी हरिपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

## गड्ढे में फंसा ट्रक, लगा जाम

**शाहजहांपुर।** कटरा क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर बुधवार की चावल से भरा ट्रक गड्ढे में धंस गया। इस दौरान एक घंटे तक जाम लगा रहा। क्रेन ने आकर ट्रक को गढ्ढे से बाहर निकाला। बुधवार की रात साढ़े नौ बजे चावल भरा ट्रक उत्तराखंड से महाराष्ट्र नासिक जा रहा था। ट्रक अप्पू निवासी दलाई चौड़ा जिला जयपुर चला रहा था। मीरानपुर कटरा क्षेत्र में हाईवे पर गांव इंदरपुर के सामने पुलिया के निकट गड्ढे में ट्रक फंस गया। इस दौरान हाईवे एक साइड में एक घंटे जाम लग गया। वाहनों की लंबी कतार लग गयी। पुलिस मौके पर पहुची और क्रेन मंगवाकर ट्रक को गड्ढे से निकलवाकर साइड में खड़ा किया। रात ही में गड्ढे को भरवाया गया।

# शैक्षिक पंचांग के अनुसार ही पठन पाठन सुनिश्चित करें प्रधानाचार्य


जीआईसी में प्रधानाचार्यों को दिशा निर्देश देते डीआईओएस हरिवंश कुमार। ● अमृत विचार

- डीआईओएस ने बैठक में विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रधानाचार्यों को दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज सभागार में वृहस्पतिवार को डीआईओएस हरिवंश कुमार ने जीआईसी और सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की बैठक कर विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी देते हुए रूपरेखा तय की।

डीआईओएस ने प्रधानाचार्यों को प्रमुख एजेंडा में शामिल योजनाओं और कार्यक्रमों नवीन सत्र में प्रवेश, पौधरोपण, समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत गठित किए जाने वाले क्लब, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, संचारी रोग, राजकीय कर्मचारियों की चल अचल संपत्ति का मानव संपदा पोर्टल पर विवरण अंकित करना, छात्रवृत्ति, खेलकूद, सड़क सुरक्षा, खान एकेडमी, प्रोजेक्ट अलंकार आदि की जानकारी देते हुए व्यापक चर्चा की। इस दौरान डीआईओएस ने प्रधानाचार्यों और शिक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वह समय से विद्यालय पहुंचे और समय से ही विद्यालय छोड़ें। साथ ही शैक्षिक पंचांग के अनुसार ही पठन-पाठन सुनिश्चित करें। छात्रों का समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराकर विभाग द्वारा दी गई दवाइयां अवश्य खिलाई जाएं।

### अनियमितता मिली तो होगी कार्रवाई

उन्होंने कहा कि स्कूल-कॉलेजों का निरीक्षण भी किया जाएगा, यदि कोई अनियमितता मिलती है, तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### ये रहे मौजूद

बैठक में प्रधानाचार्य अनिल कुमार, धनवीर, संजय कुमार मौर्य, डॉ. अमीर सिंह यादव, दीपक कुमार दीक्षित, ओमप्रकाश प्रजापति, संजय कपूर, अयूब खान, बाणासुर, उमेश अग्निहोत्री, कृष्णा गुप्ता, खुशनुमा बानो, शाइस्ता नसीम समेत बड़ी संख्या में प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### एसपी ने तिलहर और कटरा में की पैदल गश्त



**शाहजहांपुर।** अपराध नियंत्रण तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसपी अशोक कुमार मीणा ने पुलिस फोर्स के साथ तिलहर तथा कटरा क्षेत्र में वृहस्पतिवार की शाम पैदल गश्त की। उन्होंने कटरा और तिलहर में मुख्य बाजार, भीड़-भाड़ वाले स्थान पर पैदल गश्त की। उन्होंने दोनों थाना प्रभारियों की निर्देश दिए कि सड़क की पटरी पर ठेले लगाने वालों का चालान किया जाए। साथ ही रोजाना वाहनों की चेकिंग की जाए। शाम के समय होटल और ढाबे की चेकिंग की जाए। अपराधी लोगों पर पैनी नजर रखी जाए। पैदल गश्त में सीओ तिलहर प्रयांग जैन, कटरा तथा तिलहर प्रभारी निरीक्षक मौजूद रहे।

### एसपी ने कलान थाने का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर।** एसपी अशोक कुमार मीणा ने वृहस्पतिवार दोपहर कलान थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय में अभिलेखों को देखा और बैरक, मैस आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि विवेचनाओं का समय से निस्तारण किया जाए, शिकायती प्रार्थनापत्रों को वरीयता के आधार पर निस्तारण किया जाए, थाना परिसर में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। महिला हेल्प डेस्क पर आने वाली शिकायतों के बारे में जानकारी करते हुए समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय एएसपी ग्रामीण, सीओ जलालाबाद, प्रभारी निरीक्षक मौजूद रहे।

चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊ परसपुर, बरेली
मो. 8859492000
8859493000
GNM, DPT*, DOT* & B.Sc. (Nursing)
GNM में प्रवेश प्रारम्भ
हॉस्टल एवं ट्रांसपोर्ट की सुविधा
प्रैक्टिकल हेतु आधुनिक प्रयोगशालाएं
सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति।
सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन द्वारा पित्त की थैली, गुर्दे एवं यूरेटर की पथरी और गदूद (प्रोस्टेट) का ऑपरेशन
मेडिक्लेम
आयुष्मान कार्ड में निःशुल्क इलाज
स्त्री एवं प्रसूति रोग
सभी प्रकार की सर्जरी
पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि
आई.सी.यू., कार्डियक, मॉनिटर, वैन्टिलेटर
हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
मो. 9458882565
9410002566

कृतिका ग्रुप ऑफ कॉलेज
मान्यता एवं सम्बद्धता (आयुर्वेद) : भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (NCISM) नई दिल्ली एवं एम.जी.जी.यू.ए. गोरखपुर उ.प्र.
मान्यता एवं सम्बद्धता (फार्मेसी) : फार्मेसी काउंसिल ऑफ इण्डिया नई दिल्ली
डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ। बोर्ड ऑफ टैक्निकल एजुकेशन, लखनऊ।
मान्यता एवं सम्बद्धता (नर्सिंग) उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ।
ADMISSION OPEN
AYURVED
B.A.M.S.
अवधि : 4-1/2 वर्ष, योग्यता : NEET Qualified
PHARMACY
B. Pharma
बी. फार्मा
अवधि : 4 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
D. Pharma
डी. फार्मा
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
PARA MEDICAL
Diploma O.T.
डिप्लोमा इन ओ.टी. टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
Dip Lab. Technician
डिप्लोमा इन लैब टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
NURSING
B.Sc. Nursing
बी.एससी. नर्सिंग
अवधि : 4 वर्ष आयु 17 वर्ष, योग्यता : 10+2 बायोलॉजी
A.N.M.
डिप्लोमा महिला हेल्थ वर्कर
अवधि : 2 वर्ष आयु 17-35 वर्ष, योग्यता : 10+2 किसी भी विषय में
सुविधायें
♦ आयुर्वेदिक अस्पताल ♦ औषधियों युक्त हर्बल गार्डन ♦ शैक्षिक भवन एवं लाईब्रेरी ♦ पूर्ण सुसज्जित लैब ♦ वाई-फाई कैम्पस ♦ बस सुविधा ट्रेनिंग के लिए 100 बेड का पूर्ण व्यवस्थित स्वयं का आधुनिक कोपल अस्पताल ♦ छात्र- छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास ♦ छात्रवृत्ति एवं शिक्षा ऋण (लोन) की सुविधा ♦ शव विच्छेदन की सुविधा (Cadaver)
कैम्पस : खाई खेड़ा, निकट काण्डू का पुल, पीलीभीत रोड, रिठौरा, बरेली (उ.प्र.) पिन : 243122
सम्पर्क सूत्र
8171489611, 7248343676
9027510784, 8218234755
सिटी आफिस : कोपल हॉस्पिटल, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत रोड, बरेली (उ.प्र.) पिन-243006
सम्पर्क सूत्र
9758519405, 9457697581
Visit us : www.kritikaayurvedcollege.in, www.kritikapharmacycollege.in, www.kritikanursing.com

KOPAL HOSPITAL BAREILLY
NABH PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE PRE ACCREDITED
कोपल अस्पताल
AN ISO-9001-2008 CERTIFIED HOSPITAL
डा. के.पी. गंगवार
एम.एस. (आर्थो)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
12.30 pm to 5.30 pm
डा. स्मृति गंगवार
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ.
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
12.00 pm to 3.00 pm, 6.30 pm to 7.30 pm
डॉ. मनोज गुप्ता
एम.एस. (जनरल सर्जन)
लैप्रोस्कोपिक सर्जन
12:00 pm to 2:00 pm
डॉ. एस.के. जौहरी
एम.डी.,
गहन चिकित्सा रोग विशेषज्ञ
3:30 pm to 5:00 pm, 6:00 pm to 9:00 pm
डॉ. आकाश गुप्ता
एम.डी.
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए निःशुल्क ऑपरेशन एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध
पीलीभीत बाईपास रोड, सुरेश शर्मा नगर, बरेली
Ph.: 0581-2525711, 2525038
HELPLINE No. 9758519405

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582
डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448
डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

## एक नजर

### अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

शाहजहांपुर। सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला सैनिक कॉलोनी निवासी राहुल कुमार ने बताया कि वह विद्युत विभाग में टीजी 2 पद विद्युत परीक्षण शाला द्वितीय में कार्यरत है। 22 जून को दिन में तीन बजे मोहल्ला कटिया टोला से निकल रहा था। अग्रवाल रेडीमेड के सामने तेज रफ्तार से आई पिकअप ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। मोबाइल और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। उसने मेडिकल कॉलेज में डाक्टरी परीक्षण कराया था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### अभियुक्त राइफल समेत गिरफ्तार, चालान किया

शाहजहांपुर। बंडा प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि तीन जुलाई को धीरेंद्र सिंह निवासी बरीबरा थाना बडा ने अभियुक्त सोमवीर सिंह निवासी बरीबरा थाना बंडा समेत चार के खिलाफ हत्या के प्रयास आदि की धारा का मुकदमा दर्ज कराया था। अभियुक्त फरार चल रहा था। पुलिस ने वृहस्पतिवार की दोपहर बाद अभियुक्त सोमवीर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस फायरिंग की घटना में अभियुक्त के कब्जे से राइफल तथा कारतूस का खोखा बरामद कर लिया है। पुलिस अभियुक्त का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक नीरज कुमार, सौरभ कुमार, पूजा तोमर आदि थे।

### राजस्व निरीक्षक की स्कूटी में मारी टक्कर

पीलीभीत। नगर पालिका पीलीभीत में तैनात राजस्व निरीक्षक रोशनलाल ने थाना सुनगढ़ी में तहरीर देकर बताया कि दो जुलाई की शाम छह बजे वह नगर पालिका कार्यालय के बाहर रोड किनारे स्कूटी खड़ी करके सामान खरीद रहे थे। इस बीच एक कार सवार ने स्कूटी में टक्कर मार दी।

# जंगल में जान को खतरा, फिर भी कर रहे कटरुआ की तस्करी

## दुधवा नेशनल पार्क और पीलीभीत टाइगर रिजर्व से जुड़ा है खुटार का जंगल, बड़ी संख्या में रोजाना तड़के पहुंच रहे लोग

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** खुटार वन रेंज का जंगल का दायरा काफी बड़ा है। यह वन रेंज दुधवा नेशनल पार्क और पीलीभीत टाइगर रिजर्व से जुड़ा हुआ है। खुटार रेंज के जंगलों में बरसात में धरती के फूल और कटरुआ की निकासी जोरों पर शुरू हो गई है। वन क्षेत्र से धरती के फूल की खोदाई कर उनको धड़ल्ले से बिक्री किया जा रहा है। इसके बावजूद वन विभाग इस पर रोक लगाने में नाकाम साबित हो रहा है। जबकि जंगली जानवरों के हमले से भी बेखबर है। कारण है कि लापरवाही बरतने पर लोगों की जान जा सकती है। फिर भी ध्यान देने की जरूरत नहीं समझी जाती है।

खुटार वन रेंज का क्षेत्रफल करीब छह हजार हेक्टेयर में फैला है। इसका दायरा पीलीभीत के टाइगर रिजर्व और दुधवा नेशनल पार्क के जंगलो से जुडा हुआ है। जो नेपाल की सीमा से जोड़ता है। जंगलों में जंगली जानवरों का डेरा है। यहां तेंदुआ, बाघ आदि तमाम जंगली जानवरों की आवाजाही लगी रहती है। जिससे खुटार रेंज जंगल को बफर जोन घोषित किया गया है और आवाजाही पर प्रतिबंध है। इसके बाद भी रोक नहीं लग पा रही है। बता दे कि बरसात के दिनों में कटरुआ और धरती के फूल जंगल से लाकर क्षेत्र में महंगे दामों में बिक्री किए जा रहे हैं।

प्रतिबंध के बावजूद इसपर रोक नहीं लग पा रही है। जहां अधिक संख्या में लोग रोजाना जंगल में पहुंच रहे है और खोदाई कर धरती के फूल निकाल लाते हैं। इसके बाद खुटार की मार्केट में महंगे दामों पर बेच रहे है, जिससे कटरुआ और धरती के फूल की तस्करी का काम जोरो से फलफूल रहा है। जबकि इस पूरी तरह से जंगल जाने पर प्रतिबंध है। लोगों की लापरवाही से कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है। लेकिन जिम्मेदारों का ध्यान इस ओर नहीं है।



बाजार में कटरुआ की बिक्री करते लोग। ● अमृत विचार

### आठ सौ से 12 सौ रुपये किलो बिकता है कटरुआ

खुटार वन रेंज जंगलों से कटरुआ खोदकर उसे आठ सौ से 12 सौ रुपये में बेचा जा रहा है। नगर के बंडा रोड पर स्थित मेन मार्केट में सड़क किनारे भारी तादाद में खुलेआम सुबह से शाम तक कटरुआ महंगे दामों में बेचा जा रहा है। खास बात यह है कि वन विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### शाहजहांपुर, पीलीभीत और लखीमपुर खीरी के लोग खंगाल रहे

बरसात के मौसम में जनपद शाहजहांपुर के खुटार के कई गांव, पीलीभीत से सीमा से सटे गांव और जनपद लखीमपुर खीरी बार्डर पर नजदीक गांव के लोग जंगल में सुबह से दोपहर और शाम तक कटरुआ खंगालने का काम करते हैं। यहां से थोक और फुटकर में बिक्री किया जाता है। इसके बाद मेन मार्केट में सड़क किनारे बैठकर लोग अच्छे दामों में बेचते है।

### वन विभाग की चेतावनी बेअसर

वन विभाग की ओर से लोगों को चेतावनी दी गई है कि जंगल में बरसात के मौसम में कटरुआ, धरती के फूल बीनने के लिए अवैध रूप से प्रवेश करता है। तो पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई होगी। साथ ही अपील में कहा गया था कि पिछले वर्षों में जंगल में बाघ, भालू हमला कर चुके है। अधिकारियों के सख्त आदेश है कि अगर कोई व्यक्ति कटरुआ खरीदते, बेचते पाया जाता है। तो उस पर वन जीव अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। बावजूद इसके लोग मनमानी करने में लगे हैं।

प्रतिबंध के बाद भी खुटार में कटरुआ बेचे जाने की जानकारी मिली है। रेंजर को मामले में कार्रवाई के लिए कहा जाएगा और पत्र जारी कर मामले में कार्रवाई की जाएगी। -डॉ. सुशील कुमार, एसडीओ वन विभाग

### जान से मारने की नीयत से फायरिंग रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** बंडा थाना क्षेत्र के गांव बरी निवासी धीरेंद्र सिंह ने बताया कि बुधवार को दो बजे उसके खेत में गांव के ही वीपी सिंह, सुधीर सिंह, सोमवंशी सिंह, रजित के पशु तीन दिन से गन्ने के खेत में चर रहे थे। फसल चराने का विरोध किया तो गाली देते हुए मारपीट करने लगे। आरोपी वीपी सिंह, सुधीर सिंह, रामवीर सिंह घर से बंदूक लेकर आ गए और फायरिंग शुरु कर दी। धीरेंद्र सिंह तथा उसका भाई पिंकू सिंह अपनी जान बचाकर घर की ओर भाग आए।

आरोप है कि घर के दरवाजे पर आकर भी फायरिंग की। दीवार में गोली कि निशान है और फायरिंग का वीडियो भी बनाया गया है। फायरिंग की आवाज सुनकर गांव के लोग एकत्रित हो गए और आरोपी असलहा लेकर भाग गए। उप निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि आरोपी वीपी सिंह, सुधीर सिंह, सोमवंशी, रजित के खिलाफ हत्या के प्रयास आदि की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

### सांड़ से टकराकर बाइक सवार घायल

बीसलपुर, अमृत विचार : ससुराल से लौटते वक्त बाइक सवार सांड से टकरा गया। हादसे में वह गंभीर रुप से घायल हो गया। जबकि गोवंश की मौत हो गई।

नगर के मोहल्ला दुर्गा प्रसाद के रहने वाले चेतन स्वरूप का पुत्र रामदास बाइक से कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खिरकिया अपने ससुर के दसवां संस्कार में शामिल होने गए थे। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद वह बाइक से बीसलपुर आ रहे थे। पीलीभीत मार्ग पर ग्राम जसौली दिवाली के पास पहुंचते ही बाइक छुट्टा सांड से टकरा गई। जिसमें बाइक सवार घायल हो गया। सीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## पढ़ेंगे- पढ़ाएंगे, उन्नत देश बनाएंगे




स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत रैली निकालते मदरसा नूरुल हुदा के बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- मदरसा नूरुल हुदा के बच्चों ने निकाली स्कूल चलो रैली
- प्रेरक नारे लगाकर अभिभावकों को किया जागरूक

**अमृत विचार:** मदरसा नूरुल हुदा बिजलीपुरा के तत्वावधान में वृहस्पतिवार को स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकाली गई। बच्चों ने शिक्षकों के नेतृत्व में क्षेत्र का भ्रमण कर अभिभावकों को संदेश दिया कि वह बच्चों का स्कूलों और मदरसों में नामांकन कराकर उन्हें तालीम दिलाएं।

प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद शिक्षकों की देखरेख में छात्र-छात्राओं ने आसपास के मोहल्लों का भ्रमण कर नारे लगाते हुए अभिभावकों को स्कूल चलो अभियान का संदेश दिया। बच्चे एक भी बच्चा छूट गया-संकल्प हमारा टूट गया, पढ़ेंगे पढ़ाएंगे-उन्नत देश बनाएंगे, कोई न छूटे इस बार-शिक्षा है सबका अधिकार, हर घर में फिर दीप जलेगा, हर बच्चा स्कूल चलेगा, आधी रोटी खाएंगे-स्कूल जरूर जाएंगे आदि नारे लगाकर स्कूलों लोगों को जागरूक कर रहे थे।

रैली बिजलीपुरा, बाबूजई, हयातपुरा आदि क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए वापस मदरसे में ही संपन्न हुई। रैली में शारिक अली खां, साजिद अली खां, सैयद शारिक अली, कामरान हुसैन, ममनून खां, जहूर अहमद, मोहम्मद जाहिद आदि स्टाफ के सदस्यों का सहयोग रहा।

# धरना दे रहे किसानों ने अख्तियार किया कड़ा रुख, रोजाना फूंका जाएगा पुतला

संवाददाता, निगोही

- जेई और पुलिस कर्मियों की अभद्रता के बाद किसानों ने लिया निर्णय
- समस्या समाधान नहीं हुआ तो जिला कमेटी के साथ मिलकर होगा बड़ा आंदोलन

**अमृत विचार:** विद्युत समस्याओं को लेकर भारतीय किसान मजदूर यूनियन राष्ट्रवादी का धरना चौथे दिन भी जारी रहा। बुधवार को धरना स्थल पर जेई और पुलिस कर्मियों द्वारा अभद्रता किए जाने के आरोप की जानकारी मिलने पर रात में ही जिला प्रभारी शिशुपाल सिंह धरना दे रहे पदाधिकारियों का हाल चाल लेने पहुंचे और धरने को तेज करने की बात कही। वृहस्पतिवार को तिलहर तहसील अध्यक्ष प्रमोद वर्मा भी धरना स्थल पहुंचे और धरने पर बैठे अनिल वर्मा, मोनू कुशवाह, रामगोपाल वर्मा, जोगेंद्र कुशवाह व रवि कश्यप के साथ धरने पर बैठे और चार दिन से चलाए जा रहे धरने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं होने पर चिंता व्यक्त करते हुए शुक्रवार से आंदोलन को उग्र करने की बात कही।

तहसील अध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने कहा कि चार दिन से किसान धरना दे रहे हैं। भीषण बरसात और गर्मी में समस्याओं को लेकर किसान अपना घर बार छोड़ कर रात दिन धरने पर बैठे और अधिकारी अपने बंगलों पर चैन की नींद सो रहे हैं, इसलिए शुक्रवार से धरने को उग्र किया जाएगा। अब अग्रिम निर्णय तक प्रतिदिन प्रदर्शन के साथ पुतला दहन भी किया जाएगा। इस दौरान यदि समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो जिला कमेटी के साथ मिलकर एक बड़े आंदोलन की रणनीति बनाकर आंदोलन किया जाएगा। समस्याओं के समाधान के लिए चाहे कितनी बड़ी लड़ाई लड़नी पड़े यूनियन पीछे नहीं हटेगी। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष निगोही अजवेंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष तिलहर नेत्रपाल मौर्य, तहसील उपाध्यक्ष कामता प्रसाद वर्मा, नगर अध्यक्ष मुन्ना लाल, नन्हे लाल वर्मा, कमलेश वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



निगोही विद्युत उपकेंद्र पर प्रदर्शन करते धरनारत किसान। ● अमृत विचार

# विवादित भूमि की पैमाइश किए बिना लौटी राजस्व टीम

संवाददाता, खुटार

- नहीं पहुंचा शिकायत कर्ता दूसरे पक्ष ने बताई अपनी पैतृक जमीन
- नायब तहसीलदार ने कमेटी गठित कर जांच करने के दिए निर्देश

**अमृत विचार:** विवादित भूमि पर कब्जा करने के मामले में वृहस्पतिवार को नायब तहसीलदार अमित कुमार ने मौके पर पहुंच कर जांच की लेकिन शिकायतकर्ता मौके पर नहीं पहुंचा। इसके बाद राजस्व टीम बिना जांच पूरी किए वापस लौट गई। स्थिति स्पष्ट करने के लिए नायब तहसीलदार ने टीम गठित कर जांच करने के निर्देश दिए हैं।

खुटार के रहने वाले अखिलेश मिश्रा ने गोला बाइपास के पास सड़क किनारे भूमि पर अवैध कब्जा करने की शिकायत प्रशासन से की थी। जिस पर अधिकारियों ने जांच के निर्देश दिए थे। वृहस्पतिवार दोपहर ढाई बजे के बाद नायब तहसीलदार अमित कुमार, लेखपाल अनुराग के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन शिकायत कर्ता नहीं पहुंचा, जबकि दूसरा पक्ष रामिलन मिश्रा मौजूद रहे। नायब तहसीलदार और लेखपाल ने राजस्व अभिलेखों को देखकर जमीन की गाटा संख्या का मिलान किया और लोगों से पूछताछ की लेकिन स्थिति स्पष्ट नहीं होने पर बिना पैमाइश के ही राजस्व टीम वापस लौट गई। इसके बाद नायब तहसीलदार टीम गठित कर जांच करने के निर्देश दिए है। विपक्षी पूर्व सभासद मिलन मिश्रा का कहना है कि जिस जमीन को लेकर शिकायत की गई है, वह उनकी पैतृक जमीन है।



जांच करते नायब तहसीलदार व लेखपाल। ● अमृत विचार

### अवैध रूप से हड्डी गोदाम चलाने पर दो भाइयो पर रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** सदर बाजार थाना के उप निरीक्षक गौरव कुमार को बुधवार को सूचना मिली कि पुरानी रेलवे स्टेशन के पास खंते वाली मजार के पास एक गोदाम हड्डी का है, जिसमें काफी दुर्गंध आ रही है। उप निरीक्षक सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और देखा कि गोदाम में मृत पशुओं की हड्डियां बोरों में भरी है। मौके पर मौजूद असलम निवासी बाडूजई पेशावरी थाना सदर बाजार ने कहा कि उसका गोदाम है। उसने बताया कि उसके भाई हबीब के पास जिला पंचायत से मृत पशुओं के अवशेष उठाने का ठेका है। मृत पशुओं का अवशेष एकत्रित करके वाहन से बाहर भेज देते है। आरोपी असलम ने जिला पंचायत के लाइसेंस की कॉपी दिखाई। लेकिन गोदाम के कागज नहीं दिखा पाए। दोनों अवैध रूप से गोदाम चला रहे है, जिससे संक्रमण की संभावना है। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि आरोपी असलम तथा हबीब के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

सुपर स्पेशलिटी विभाग
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, शाहजहाँपुर द्वारा संचालित
शाहजहाँपुर में एक मात्र संस्थान जहाँ एक ही छत के नीचे सारे समाधान
अस्पताल में उपलब्ध सुपर स्पेशलिटी विभाग
यूरो सर्जरी विभाग
न्यूरो सर्जरी विभाग
पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग
प्लास्टिक सर्जरी विभाग
OPD का समय- प्रातः 9:00 बजे से अपरान्ह 3:00 बजे तक
परामर्श शुल्क पर 80% की छूट ₹1000 ₹200
24 घंटे उपलब्ध सुविधायें I.C.U., M.R.I., CT-Scan की सुविधा उपलब्ध
दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
• आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
• पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।
• ई.सी.एच.एस. कार्डधारकों के लिये कैशलेस इलाज की सुविधा।
परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में 1 वर्ष के लिये उपलब्ध है।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 7521001988, 7521001989


Dr. Puja Priya Saxena
Obstetrician & Gynaecologist
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
M.B.B.S., DGO, DNB
Ex. Registrar Artemis Hospital, Gurugram
Ex. Resident St. Stephen Hospital, New Delhi
Laproscopic Fellowship Cancer Hospital Shirdi, Maharashtra
विशेषताएं
● सामान्य/जटिल प्रेग्नेन्सी तथा डिलीवरी/दर्द रहित डिलीवरी/ऑपरेशन द्वारा डिलीवरी। ● बाँझपन का इलाज
● गर्भपात से जुड़ी समस्याएँ। ● दूरबीन द्वारा बच्चेदानी एवं अण्डेदानी का ऑपरेशन। ● किशोरी अवस्था क्लीनिक।
● बच्चेदानी/अण्डेदानी में गाँठ का/दवाई/ऑपरेशन से इलाज। ● माहवारी की समस्याएँ। ● परिवार नियोजन।
● स्त्री रोग विशेषज्ञ। ● बच्चेदानी के मुँह के कैंसर की जाँच/वेकसीन।
Consultation Hours / मरीज देखने का समय
Morning 9:30 AM to 1:30 PM, Evening 7:00 PM to 8:00 PM
प्रातः 9.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक, सायं 7.00 बजे से रात्रि 8.00 बजे तक
SUNDAY Closed, SATURDAY Evening Closed / रविवार को पूर्ण अवकाश, शनिवार को सायं काल अवकाश।
Shri Shiv Mohini Goel Hospital / श्री शिव मोहनी गोयल हॉस्पिटल
Infront of Saraswati Shishu Mandir, Moh. Sinjai, Shahjahanpur
सरस्वती शिशु मन्दिर के सामने, मो. सिंजई, शाहजहाँपुर
M. 05842-316044, 9795466990

भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक

क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग [COLO-RECTAL-CENTER]

28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली

9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine

45 वर्षों का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण

मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

# ढकिया रघा तालाब में तीन दिन से दिख रहा मगरमच्छ

संवाददाता, तिलहर

- नहीं पहुंचे वन अधिकारी, गांव के लोग दहशत में
- बार-बार आश्वासन देकर टरका रहे वन अधिकारी

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव ढकिया रघा के ग्रामीणों ने बताया कि वन रेंजर ने बुधवार को मगरमच्छ को पकड़वाने की बात कही थी लेकिन ग्रामीण तीन दिन से इंतजार कर रहे लेकिन कोई भी गांव नहीं पहुंचा। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से हस्तक्षेप कर मगरमच्छ को पकड़वाने की मांग की है।

गांव के विक्रम ने बताया कि मंगलवार की रात नदी से तालाब में मगरमच्छ आ गया था। जब लोग उधर से निकले तब लोगों ने तालाब में मगरमच्छ को देखा, तो दहशत फैल गई। सूचना वन विभाग को दी गई। निगोही क्षेत्र के वनकर्मी सतीश ने मंगलवार को कहा कि घबराने की बात नहीं है। शाम को तिलहर क्षेत्र के वन रेंजर घनश्याम शुक्ला ने बताया कि बुधवार को मगरमच्छ को पकड़वा लिया जाएगा लेकिन बुधवार शाम तक कोई भी वन अधिकारी मगरमच्छ को पकड़ने नहीं पहुंचा है। बुधवार को बाहर आया फिर अंदर चला गया इससे ग्रामीणों ने बच्चों को घरों में कैद कर लिया है। जबकि तालाब के पास से आने-जाने का रास्ता है। ग्रामीणों ने बताया कि वन रेंजर घनश्याम शुक्ला से फोन पर वार्ता हुई तो उन्होंने कहा कि बारिश के कारण बुधवार को कोई नहीं पहुंच सका। वृहस्पतिवार को वन विभाग दरोगा अजय सिंह को पिंजरा लेकर भेजा जाएगा। तालाब में उसे पकड़ा नहीं जा सकता है जैसे ही वह ऊपर आएगा उसको पकड़ कर पिंजरा में बंद कर लिया जाएगा। ग्रामीण वृहस्पतिवार को को भी पूरा दिन इंतजार ही करते रह गए।

# संदिग्ध परिस्थितियों में रोड किनारे पड़ी मिली किशोरी

**रौसर कोठी, अमृत विचार:** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के हरदोई बाईपास चौराहे पर बुधवार की देर रात एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में रोड किनारे पड़ी मिली। पुलिस ने किशोरी से पूछताछ कर परिजनों को सूचना दी। उसे बिना मेडिकल कराए भाई के साथ भेज दिया।

बुधवार के रात करीब 8:30 बजे हरदोई बाईपास चौराहे पर सड़क किनारे एक किशोरी पड़ी हुई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बोलेरो से आए कुछ लोग उसे यहां उतार गए थे। दुकानदारों की सूचना पर थाना रामचंद्र मिशन पुलिस ने किशोरी से पूछताछ की। वह बदहवास थी। उसके पास मिले मोबाइल से पुलिस ने परिवार वालों का नंबर तलाश कर सूचना दी। सूचना पर किशोरी का ममेरा भाई मौके पर आ गया पुलिस ने बिना मेडिकल परीक्षण कराए तथा बिना कोई लिखित सुपुर्दगी के किशोरी को उसके साथ भेज दिया। इंस्पेक्टर चंद्र प्रकाश शुक्ला ने बताया कि किशोरी को उसके ममेरे भाई के साथ भेज दिया गया है। यदि मामले में तहरीर दी जाती है तो रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# पालिका बोर्ड की बैठक नहीं होने से सभासद नाराज, किया हंगामा

## विकास कार्य रुका होने का लगाया आरोप, ईओ को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, तिलहर



ईओ कल्पना शर्मा को ज्ञापन देते सभासद। • अमृत विचार

- तिलहर नगर पालिका के सभासद बोले- प्रत्येक माह बोर्ड की बैठक नहीं हुई तो होगा आंदोलन

**अमृत विचार:** नगर पालिका में हर महीने बोर्ड बैठक नहीं होने से नाराज सभासदों ने नगर पालिका में जमकर हंगामा कांटा। इस दौरान सभासदों ने अध्यक्ष को संबोधित ज्ञापन अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा को सौपा।

गुरुवार दोपहर को नगर के कई वार्डों के सभासद संदीप रस्तोगी के नेतृत्व में नगर पालिका में एकत्रित हुए। सभासदों ने नगर पालिका में होने वाली हर महीने की बोर्ड बैठक नहीं होने पर नगर का विकास कार्य रुका होने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। सभासदों ने कहा कि बोर्ड बैठक नहीं होने से कई विकास कार्य बाधित हो रहे हैं। कई बार प्रत्येक महीने बोर्ड बैठक करने के लिए अधिकारियों से कहा गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। सभासदों ने कहा कि पिछले एक वर्ष से अधिक समय हो गया है लेकिन अभी तक केवल एक ही बोर्ड बैठक संपन्न हुई है। बैठक नहीं होने से सभासदों में नाराजगी है। उन्होंने कहा कि अगर अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी का यही रवैया रहा तो वह धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। इसकी जिम्मेदारी अध्यक्ष सहित नगर पालिका प्रशासन की होगी। इस दौरान सभासद रेशनवती, शानू हुसैन, राखी गुप्ता, सभासद राधा गुप्ता, सत्येंद्र सिंह, अमित लोधी, आसिफ खान, दिलीप सक्सेना अक्कू, सभासद पति साजिद अंसारी उर्फ सोनी आदि मौजूद रहे।

आवश्यकता है

सहायक प्रशासनिक अधिकारी
कम्प्यूटर ऑपरेटर
फार्मासिस्ट
कम्प्यूटर हार्डवेयर, नेटवर्किंग एवं सी.सी.टी.वी. मेंटेनेंस हेतु
लैब टेक्नीशियन

अनुभवी व्यक्ति की, वेतन-योग्यतानुसार
शीघ्र संपर्क करें :-
HR ऑफिस, रूम नं. 102, OPD गेट के पास
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर में
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक
मो. 7521001986, 7521001994

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# धरती को हराभरा बनाएं, आओ पर्यावरण बचाएं



पौधरोपण करते व्यापार मंडल पदाधिकारी। • अमृत विचार



बादशाहनगर में पौध रोपित करते वीआईपी ग्रुप के सदस्य। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जिला कारागार में व्यापारियों ने रोपी पौध

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारियों के सहयोग से जिला कारागार में वृहस्पतिवार को पौधरोपण किया गया। सभी ने एक-एक पौधा परिसर में रोपित किया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक मिजाजी लाल, जेलर कृष्ण मुरारी गुप्ता सहित तमाम अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

कारागार परिसर में पौधरोपण अभियान चलाकर जहां एक तरफ पौधारोपण किया गया, वहीं दूसरी तरफ जन जागरुकता अभियान की भी शुरुआत की गई। इस दौरान जेल अधीक्षक ने कहा कि पौधे हमारे जीवन के लिए संजीवनी हैं। अगर पौधे नहीं तो ऑक्सीजन नहीं और ऑक्सीजन नहीं तो जीवन नहीं। व्यापारियों ने कारागार में पौधरोपण कर परिसर को और अधिक हरा भरा बनाने का प्रयास किया गया। वहीं जन जागरुकता का संदेश भी दिया गया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता व महानगर अध्यक्ष मोहम्मद सलाउद्दीन के साथ साथ वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील गुप्ता गुड्डू, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, महानगर महामंत्री अनूप गुप्ता, युवा जिला अध्यक्ष नरेंद्र शुक्ला, महानगर कोषाध्यक्ष सुमित पुरी, महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्याम मोहन मिश्रा, आबिद हसन खान, युवा महानगर अध्यक्ष सचिन सक्सेना, व्यापारी नेता अजय गुप्ता, देवेश ठाकुर उपस्थित रहे।

## वीआईपी ग्रुप ने बादशाहनगर में लगाई पौध

**शाहजहांपुर।** वीआईपी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड्स के बैनर तले शुरू किया गया पौधरोपण महाअभियान भावलखेड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायत बादशाहनगर में पहुंच गया। वृहस्पतिवार को ग्रुप के सदस्यों ने सौरभ गुप्ता के नेतृत्व में पौधरोपण किया। इस अवसर पर ग्रुप की अध्यक्ष नीतू गुप्ता, पौधरोपण प्रभारी ज्योति गुप्ता एवं महेंद्र दुबे ने संयुक्त रूप से बताया कि इस वर्ष जनपद में एक लाख पौधे रोपित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सदस्यों के उत्साह को देखते हुए लगता है कि यह लक्ष्य आसानी से पूरा कर लिया जाएगा। पौधारोपण करने वालों में संयोजक अनिल गुप्ता, अनूप कुमार, रिद्धि बहल व ग्रामीण भी शामिल रहे।

# खुटार में पानी निकास को लेकर दो पक्षों में विवाद

**खुटार, अमृत विचार:** गांव हरिहरपुर में पानी निकास को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। दोनों पक्ष लाठी-डंडा और फावड़ा लेकर आ धमके लेकिन मारपीट होने से बच गई। इसके बाद दोनों पक्षों की तरफ से छह लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई।

क्षेत्र के गांव हरिहरपुर निवासी अभय सिंह ने पुलिस को बताया कि गांव की नालियों और बारिश का पानी तालाब में जाता था। आरोप है कि गांव के दो लोगों ने तालाब को मिट्टी से पाटकर उस पर अवैध कब्जा कर लिया है और मकान खड़ा कर दिया है। इससे बारिश का पानी रोड पर आकर भरता है। तीन जुलाई को बारिश हो रही थी। उक्त लोग रोड किनारे नया नाला बनाने के लिए गांव का सफाई कर्मचारी के साथ ही अन्य मजदूरों को लगा रखा था। इससे पानी घर में भरेगा। इसका विरोध करने पर उक्त सभी लोगों ने गाली-गलौज की और लाठी डंडा लेकर लड़ाई झगड़ा पर आमादा हो गए। उधर, उसी गांव के मुनेंद्र सिंह ने बताया कि उसका मकान मेन रास्ते पर है और बरसात का पानी बहता है। आरोप है कि गांव के चार लोगों ने उस रास्ते पर मेड़ बांध दी। इससे पानी एकत्र होकर घर में जा रहा है। इसके बाद वह अपने साथ गांव का सफाई कर्मचारी को लेकर मेड़ को हटाने गया तो उक्त लोग लाठी डंडा व फावड़ा लेकर आए और पिटाई करने पर आमादा हो गए। विवाद बढ़ने की आशंका देख लौट गए। दोनों पक्षों ने थाने पहुंच कर तहरीर दी। लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई।

# शिक्षकों ने किया बीएसए, लेखाधिकारी का स्वागत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



बीएसए दिव्या गुप्ता को बुके देकर स्वागत करते आदर्श शिक्षामित्र संगठन के पदाधिकारी।



बीएसए दिव्या गुप्ता का स्वागत करता प्राथमिक शिक्षक का प्रतिनिधिमंडल।



वित्त एवं लेखाधिकारी अरुण कुमार राणा का स्वागत करते यूटा संगठन के शिक्षक।

- शिक्षक और शिक्षामित्र संगठनों ने बुके देकर किया स्वागत समस्याएं भी गिनाईं

**अमृत विचार:** नवागत बीएसए दिव्या गुप्ता और वित्त एवं लेखाधिकारी अरुण कुमार राणा का स्वागत करने और बधाई देने के लिए वृहस्पतिवार को भी शिक्षक संगठन कार्यालयों में पहुंचते रहे। संगठनों ने अधिकारी द्वय को बुके भेंटकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया।

जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने नवागत बीएसए को बुके भेंटकर स्वागत करते हुए उन्हें शिक्षकों की समस्याओं से भी अवगत कराया और उनका समय से निस्तारण कराने का आग्रह किया। जिलाध्यक्ष मगरे लाल के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधिमंडल में मंडल अध्यक्ष दिनेश गंगवार, महामंत्री विश्राम सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र मिश्रा, गौरव पांडेय, धीरेंद्र यादव आदि शामिल रहे।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने बीएसए और वित्त एवं लेखाधिकारी का बुके देकर स्वागत किया और शिक्षकों की समस्याओं का समाधान किए जाने का आग्रह किया। महामंत्री देवेश वाजपेयी के नेतृत्व में स्वागत करने वालों में जिला कोषाध्यक्ष रविंद्र पाल प्रजापति, राजकुमार तिवारी, डॉ. विनय गुप्ता, राहुल तोमर, राजकुमार सिंह, अरविंद त्रिपाठी, राकेश रोशन, दिनेश पाल, सचिन प्रेमी, विश्वनाथ प्रताप सिंह आदि रहे। प्राथमिक शिक्षक संघ की महिला प्रतिनिधिमंडल ने प्रांतीय संगठन मंत्री अर्चना तिवारी के नेतृत्व में बीएसए और लेखाधिकारी को बुके देकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। सुषमा गुप्ता, बबीता श्रीवास्तव, पूजा भार्गव आदि शामिल रहे।

यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) के प्रतिनिधि मंडल ने जिला अध्यक्ष विनीत कुमार गंगवार के नेतृत्व में बीएसए और वित्त एवं लेखाधिकारी का बुके देकर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में जिला महामंत्री हरिशंकर, अवनीश कुमार सिंह, चंदन वर्मा, ममता, सोमपाल, योगेश त्रिवेदी, बिधु शेखर, काव्य सक्सेना, राघवेंद्र कुशवाहा, अरुण गौतम आदि शामिल रहे। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल वित्त एवं लेखाधिकारी का स्वागत कर शिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराया। अवधेश कुमार मैथिल, महेंद्र सिंह, अंकुर त्रिपाठी विमुक्त, उपेंद्र गुप्ता आदि शामिल रहे।

विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजकमल आर्य के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने बीएसए और लेखाधिकारी को बुके देकर स्वागत किया। महामंत्री अनंत वाजपेयी, शाहनवाज अहमद, दाताराम, सईद अहमद, हृदयेश कुमार रहे। आदर्श समायोजित शिक्षक/शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष यदुवीर सिंह यादव के नेतृत्व में बीएसए दिव्या गुप्ता का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया।

## एक नजर

### धान की पौध लेकर जा रहे युवक की नहर में डूबकर मौत

**विजय नगला।** धान की पौध लेकर नहर पार कर रहा युवक डूबने लगा। वह बचाव के लिए चिल्लाया तो ग्रामीण नहर में कूद गए और युवक को निकालकर बाहर ले गए। युवक को जिला अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने युवक की मौत की पुष्टि कर दी। परिवार ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। बिनावर थाना क्षेत्र के गांव सिकरोड़ी निवासी गैसे आलम (18) पुत्र नवी आलम गुरुवार सुबह खेत में धान की रोपाई कर रहे थे। दोपहर लगभग 12 बजे पौध खत्म हो गई। गैसे आलम दोबारा पौध अपने सिर पर रखकर हजारा नहर से होते हुए खेत पर वापस आ रहे थे। नहर में उनका पैर फिसल गया और वह डूबने लगे। वह चिल्लाए और उनके पीछे आ रहे बच्चे ने शोर मचाया तो आसपास खेतों पर काम कर रहे किसान दौड़कर पहुंचे और नहर से युवक को निकाला। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत शर्मा ने बताया कि युवक की नहर में डूबकर मौत हुई थी। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया।

### इसी महीने आईवीआरआई आएगी नैक की टीम

**बरेली।** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) में इसी महीने नैक (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद) की टीम दौरा करेगी। इसको लेकर संस्थान ने तैयारियां तेज कर दी हैं। यूजी (स्नातक) और पीजी (स्नातकोत्तर) के स्मार्ट क्लासरूम और अन्य शैक्षिक सुविधाओं का चाक चौबंद किया जा रहा है। नैक के मानकों में संस्थान के पाठ्यक्रम पहलू, योजना, संरचना, विकास, अकादमिक शिक्षण और मूल्यांकन, अनुसंधान, नवाचार, इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षण संसाधन, छात्र सहायता और प्रगति निर्धारित है। निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त ने बताया नैक की टीम संस्थान की शैक्षिक गुणवत्ता और उपलब्धियों का मूल्यांकन करेगी।

### अनम से बनी सीमा ने प्रेमी मुनेश से की शादी



**बरेली।** अनम ने धर्म परिवर्तन कर सीमा नाम रख लिया और गांव सिरोही निवासी प्रेमी मुनेश कश्यप से शादी कर ली। मुरादाबाद के गांव जटपुरा निवासी अनम से बनी सीमा ने बताया कि एक साल पहले बाजपुर में मुलाकात मुनेश से हुई थी। फोन पर बातचीत करने लगे। शादी का निर्णय लिया, लेकिन मजहब की दीवार आड़े आ गई। इस पर अनम ने घर छोड़ दिया और प्रेमी मुनेश के पास पहुंची। बुधवार को दोनों शहर स्थित अगस्त्य मुनि आश्रम में पहुंचे और पं. केके शंखधार से मिले। दोनों ने शादी करने की इच्छा जताई। प्रेमी युगल के बालिग होने की पुष्टि के बाद पं. केके शंखधार ने उनकी शादी कराई। अनम का कहना है कि उन्होंने मर्जी से धर्म परिवर्तन किया है।

# दंपती ने एसएसपी कार्यालय में पेट्रोल डालकर की आग लगाने की कोशिश

## प्लॉट पर दबंगों के कब्जे की कोशिश का आरोप, कहा- शिकायत पर भी सुन नहीं रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली



जिला अस्पताल में भर्ती रूपकिशोर। • अमृत विचार

- अफसरों के आदेश पर आठ नामजद, 20 अज्ञात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** दबंगों के मकान पर कब्जा करने की कोशिश के बावजूद इज्जतनगर पुलिस पर मदद न करने का आरोप लगाते हुए दंपती ने बृहस्पतिवार को एसएसपी कार्यालय में अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगाने की कोशिश की लेकिन पुलिसकर्मियों ने उन्हें इसमें कामयाब नहीं होने दिया। इस घटना के बाद अफसरों के आदेश पर इज्जतनगर पुलिस ने आठ नामजद और करीब 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली लेकिन दंपती के आरोपों को फर्जी भी बताया है।

गली नंबर-8 एयरफोर्स गेट के पास रहने वाले रूपकिशोर पत्नी सुमन के साथ बृहस्पतिवार दोपहर एसएसपी कार्यालय पहुंचे जहां परिसर में ही एक टिनशेड के नीचे उन्होंने खुद पर पेट्रोल डाल लिया और आग लगाने की कोशिश करने लगे। यह नजारा देखकर वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने दौड़कर रूपकिशोर को आत्मदाह करने से रोका। दरोगा सोनी खंपा ने दोनों को ऑफिस में बैठाकर कोतवाली पुलिस को सूचना दी। फिर दोनों से पूरा मामला समझकर वरिष्ठ अफसरों को जानकारी दी।

रूपकिशोर ने आरोप लगाया कि उनके मकान पर इलाके का ही दबंग राजन वाल्मीकि कब्जा करना चाहता है। बृहस्पतिवार को उसने अपने कुछ साथियों के साथ आकर जबरन मकान पर कब्जा करने की कोशिश की। वह पहले से इसकी शिकायत पुलिस से करते आ रहे हैं लेकिन पुलिस कोई मदद नहीं कर रही है। अफसरों के आदेश पर इज्जतनगर पुलिस ने कुछ ही देर बाद रूपकिशोर की पत्नी सुमन की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर ली। इसमें राजन वाल्मीकि, दीपक, रचना, बेबी, पलक, गुल्लू, बलराज शर्मा, कल्लो और 15-20 अज्ञात लोगों पर हत्या की कोशिश, अभद्रता, बलवा, घर में घुसकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। रूपकिशोर को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### इंस्पेक्टर ने एसएसपी को भेजी रिपोर्ट में फर्जी बताए आरोप

इंस्पेक्टर इज्जतनगर राधेश्याम ने अफसरों के निर्देश पर आननफानन रिपोर्ट तैयार कर एसएसपी अनुराग आर्य को भेजी। इसमें मामला पूरी तरह फर्जी बताया गया है। इंस्पेक्टर के मुताबिक उन्होंने खुद मौके पर जाकर जांच की थी। इसमें पाया गया कि गायत्री नगर की गली नंबर-18 में 400 वर्ग गज का प्लॉट की सुमन के पिता मनोहर लाल के नाम पर रजिस्ट्री है। विनय शर्मा के पिता ने 1996 में इसे नन्हे खां से खरीदा था। गायत्रीनगर में ही रूपकिशोर का भी एक अलग प्लॉट गली नंबर-19 में है। रूप किशोर गली-18 के प्लॉट में बने एक कमरे में 15 साल से रह रहे हैं लेकिन उनके पास उसका कोई दस्तावेज, बैनामा या किरायानामा नहीं है। रूपकिशोर इस प्लॉट पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं। विनय शर्मा काफी बुजुर्ग हैं। आत्मदाह की कोशिश सिर्फ दबाव बनाने के लिए की गई है।

## भतीजे, भतीजी को खोने वाली कांट की शोभा ने की कार्रवाई की मांग

# खुद को ब्रह्मांड का महानायक बताता था भोले बाबा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** कांट की रहने वाली शोभा ने हाथरस भगदड़ में अपने भतीजे और भतीजी को खोया है। बाबा को लेकर शोभा के मन में बहुत गुस्सा है। कहा कि सूट बूट वाला भोले बाबा खुद को ब्रह्मांड का महानायक बताता था। कहता था कि वह कुछ भी करने में सक्षम है। उसके यहां लोग रोते हुए आते हैं और हंसते हुए जाते हैं। अब वह बिलखते हुए बाबा पर कार्रवाई की मांग कर रही है।



शोभा

कांट क्षेत्र के भगौली गांव के मूल निवासी आनंद अपनी पत्नी दुर्गेश, दो बेटों आयुष, आरुष और बेटी काव्या के साथ जयपुर में रहते हैं। सोमवार को वह अपनी बहन शोभा के साथ हाथरस आए थे। साथ में दो बच्चे आयुष और काव्या भी थे। शोभा बताती हैं कि बाबा 12 बजे आए थे। एक बजे आरती कराई और चले गए। पहले 3 बजे और फिर शाम 5 बजे तक आरती समापन होता था। हाईवे था, हाईवे के नीचे खाई थी। सारी सुविधाएं सही कर ली गई थीं, लेकिन खाई को नहीं भरवाया गया। हाईवे पर तार-बांस लगे थे। इनको तार बांस हटा देना चाहिए था। जब संगत निकली मैं दोनों बच्चों के साथ खाई में गिर गई। हम लोग ढाई घंटे तक खंदी में फंसे रहे। मैं सबके हाथ जोड़ती रही। कहती रही कि मेरे बच्चे हैं, बचा लो। लेकिन किसी ने मेरी बात नहीं सुनी। हम सबके पैर छूते रहे। मेरे दोनों बच्चे मर गए। इसके लिए कमेटी वाले और बाबा जिम्मेदार हैं। उन पर कार्रवाई होनी चाहिए। बच्चों के पिता आनंद और मां दुर्गेश बदहवास हैं। मां कहती हैं- हमने कहा था कि सत्संग में मत जाओ, लेकिन बेटा गांव आने से पहले वहां चला गया।

## प्रार्थना पत्र देकर लौट रहा था, सालों ने पीटा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** एक युवक की पत्नी उसे छोड़कर मायके चली गई। युवक के अनुसार पत्नी उसके साथ रहने चाहती है लेकिन साले ऐसा होने नहीं दे रहे। वह पत्नी को बुलाने के लिए एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर लौट रहा था। रास्ते में सालों ने मारपीट की। पुलिस ने सात आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज करली।

सदर कोतवाली के मोहल्ला नई सराय निवासी गुलफाम अहमद पुत्र फिरोज अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका निकाह 26 फरवरी 2023 को उसी के मोहल्ले की सनोवर के साथ हुआ था। उसने कोई दान दहेज नहीं लिया था। निकाह के बाद ही दोनों में झगड़ा होने लगा। पत्नी आए दिन अपने मायके चली जाती थी। वह पत्नी को रखना चाहता है लेकिन साले ऐसा नहीं होने दे रहे। उसने कोतवाली सदर में सालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसके चलते वह रंजिश मानने लगे। 26 जून को वह इसी मामले में शिकायत करने एसएसपी कार्यालय आए थे। वापस लौटते समय सालों ने पीट दिया।

## बिजली के तार की चपेट में आने से किसान की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना अलापुर क्षेत्र का किसान हाइटेंशन लाइन की तार की चपेट में आने की वजह से गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर गए जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। किसान की मौत के बाद उसके परिवार में कोहराम मच गया।

पुलिस ने शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। अलापुर थाना क्षेत्र के गांव बमनी निवासी राजेंद्र (42) खेती करके परिवार का पालन-पोषण करते थे। परिजनों के अनुसार गुरुवार दोपहर लगभग ढाई बजे वह अपने खेत से लौटकर घर जा रहे थे। रास्ते में ट्रांसफार्मर से हाइटेंशन लाइन का तार टूटा हुआ था। राजेंद्र ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार नहीं देख पाए। वहीं इससे संबंधित दूसरा तार उनके चेहरे से जा लगा और वह गंभीर रूप से झुलस गए। आसपास मौजूद किसान दौड़कर मौके पर पहुंचे। लकड़ी से उन्हें हाइटेंशन लाइन से दूर किया गया। उनके परिजनों को लोगों ने सूचना दी। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए जहां मृत घोषित कर दिया गया।

# जेडी माध्यमिक शिक्षा का ऑडिटर रिश्वत लेते दबोचा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ऑडिटर ने जीपीएफ और पेंशन दिलाने के लिए मांगे थे एक लाख 25 हजार रुपये की रिश्वत
- एंटी करप्शन की टीम ने आरोपी को 30 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार

**अमृत विचार :** भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) की टीम ने गुरुवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद के संयुक्त निदेशक (जेडी) कार्यालय के सम्प्रति ऑडिटर राकेश कुमार वर्मा को 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। राकेश ने जीपीएफ और पेंशन दिलाने के लिए एक लाख 25 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। आरोपी के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

बदायूं की कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चौधरी सराय लालपुल मोड़ निवासी रूपेश कुमार ने एंटी करप्शन टीम से राकेश की रिश्वत मांगने की शिकायत की थी। रूपेश की मां सरोज देवी नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज बदायूं में सेविका के पद से 31 दिसंबर 2023 को सेवानिवृत हुई थीं। सेवानिवृत्ति के बाद जीपीएफ फंड और पेंशन के लिए बदायूं शिक्षा कार्यालय से फाइल बरेली माध्यमिक शिक्षा परिषद के संयुक्त निदेशक कार्यालय भेजी गई थी। कार्यालय का ऑडिटर राकेश वर्मा जीपीएफ फंड और पेंशन दिलाने के बदले में 1 लाख 25 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा था।

रिश्वत की पहली किश्त 30 हजार रुपये तय हुई थी। एंटी करप्शन ने टीम बनाकर गुरुवार को राकेश को संयुक्त निदेशक माध्यमिक शिक्षा कार्यालय के कार्यालय से रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। एंटी करप्शन सीओ यशपाल सिंह ने बताया कि आरोपी को पहली किस्त लेते हुए गिरफ्तार कर लिया गया।

आरोपी को उसके मकान पर भी ले जाकर तलाशी ली गई, लेकिन वहां पर कुछ बरामद नहीं हुआ। आरोपी के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## इग्नू से एमए ज्योतिष और भगवद् गीता की करें पढ़ाई

**बरेली, अमृत विचार:** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने सत्र 2024-25 में एमए और एमबीए के कई नए पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। इसके अलावा बीए, बीएससी और बीकॉम भी कर सकते हैं। इसमें एमए ज्योतिष और भगवत गीता भी शामिल है। जुलाई में इन पाठ्यक्रमों प्रवेश शुरू हो गए हैं।

इग्नू के बरेली अध्ययन केंद्र की समन्वयक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि इस सत्र से नए विशेष पाठ्यक्रम एमबीए एग्रो बिजनेस, कंस्ट्रक्शन, लॉजिस्टिक्स एंड सप्लाई चेन और हॉस्पिटल हेल्थ केयर मैनेजमेंट शुरू किए हैं।

इसके अलावा एमए ज्योतिष, एमए भगवद् गीता शामिल हैं। इसके अलावा बीए, बीएससी और बीकॉम भी कर सकते हैं। इग्नू ने ऑनलाइन प्रवेश की अंतिम तिथि भी 30 जून से बढ़ाकर 15 जुलाई कर दी है। अभ्यर्थी इग्नू की वेबसाइट पर समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करा कर ऑनलाइन प्रवेश ले सकते हैं।

# विवि परिसर में लागू होगा एकेडमिक कैलेंडर, एक साथ होंगी परीक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अभी तक अलग-अलग विभाग की अलग-अलग प्रवेश और परीक्षाएं होती थीं
- कुलपति के आदेश पर बनी समिति ने की बैठक, जल्द जारी होगा कैलेंडर

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में भी अब महाविद्यालयों की तरह एकेडमिक कैलेंडर लागू होगा। इसके तहत सभी विभागों के प्रवेश और परीक्षाएं भी एक साथ होंगी। कुलपति प्रो. केपी सिंह के आदेश पर प्रवेश सेल में शिक्षा संकायाध्यक्ष की अध्यक्षता में गुरुवार को इस संबंध में बैठक हुई। अब जल्द ही एकेडमिक कैलेंडर जारी कर दिया जाएगा।

विश्वविद्यालय परिसर में अभी छह संकाय हैं, जिनमें अलग-अलग विभाग हैं। इनमें बीटेक, एमबीए, एलएलएम, एमए और एमएससी, बीफार्मा, बीएचएम समेत कई पाठ्यक्रमों की पढ़ाई होती हैं। इनमें डिप्लोमा और सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम भी शामिल हैं। अभी सभी विभागों के प्रवेश अलग-अलग समय तक होते हैं और इसके अलावा सब की परीक्षाएं भी अलग-अलग समय पर होती हैं। इसकी वजह से कुछ विभागों की परीक्षा गर्मी से पहले हो जाती हैं तो कुछ गर्मी में होती हैं। इसकी वजह से विद्यार्थी छात्रावासों में भी रहते हैं। इस वर्ष भी कुछ विभागों की परीक्षाएं हो गई थीं तो कुछ का शेड्यूल ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद रखा गया था। इसकी वजह से भीषण गर्मी में छात्रों को परीक्षा के दौरान दिक्कत हुई थी। छात्रावास में रहने वाली छात्राओं ने भी गर्मी में परेशानी की वजह से विरोध किया था।

इस समस्या के समाधान के लिए कुलपति प्रो. केपी सिंह ने विश्वविद्यालय परिसर में शैक्षिक कैलेंडर लागू करने का निर्देश दिया था। इसके तहत शिक्षा संकायाध्यक्ष प्रो. एसके पांडेय की अध्यक्षता में एक समिति बनाई गई। इस समिति के सचिव डॉ. अतुल कटियार, प्रो. यतेंद्र कुमार, प्रो. भोला खान, डॉ. सौरभ वर्मा, डॉ. विजय सिन्हाल, डॉ. प्रतिभा और डॉ. अमित सिंह हैं। गुरुवार को समिति की प्रवेश सेल में बैठक हुई। इसमें सभी सदस्यों से राय ली गई कि किस समय तक प्रवेश पूरे होने चाहिए और कब तक परीक्षाएं होनी चाहिए। इसके तहत 15 अगस्त तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने का निर्णय लिया। इसके बाद नियमों के तहत 90 दिन की पढ़ाई के बाद सेमेस्टर परीक्षाएं कराने पर सहमति बनी। ऐसे में एक सेमेस्टर दिसंबर तक और दूसरा सेमेस्टर 15 मई तक पूरा कर लिया जाएगा। सभी विभागों की मिड टर्म यानी इंटरनल और एंड टर्म और एक्सटर्नल की परीक्षाएं भी एक साथ ही होंगी। विश्वविद्यालय एक साथ ही सभी का परीक्षा कार्यक्रम जारी करेगा।

एक साथ परीक्षा होने पर सभी विद्यार्थियों की छुट्टियां भी एक साथ हो जाएंगी। बैठक के बाद अब जल्द ही पूरा कैलेंडर तैयार किया जाएगा और संभव है कि इसे एक सप्ताह या 10 दिन में कुलपति की अनुमति के बाद जारी कर दिया जाएगा।

# पत्नी के हत्यारे पति को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** फास्ट ट्रैक कोर्ट की अपर सत्र न्यायाधीश मिर्जा जीनत ने पत्नी की हत्या में पति को दोषी माना है। आजीवन कारावास और 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार अलीगढ़ के छर्रा निवासी जीवाराम ने 18 फरवरी 2021 को थाना फैजगंज बेहटा पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उनकी बहन उषा और शांति की शादी एक ही गांव गनगोली निवासी दो युवकों से हुई थी। शांति के बेटे पवन ने उन्हें फोन करके सूचना दी कि मौसा हरदेव ने सुबह पांच बजे मौसी उषा की फावड़े से गला काटकर हत्या कर दी है। वह अपने परिजन और रिश्तेदारों के साथ गनगोली गए। उषा का शव कमरे में पड़ा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। विवेचना कर आरोपी हरदेव के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। गुरुवार को न्यायाधीश ने साक्ष्य का अवलोकन किया। एडीजीसी ओमपाल कश्यप और बचाव पक्ष की दलील सुनने के बाद हरदेव को सजा सुनाई गई है।

## मुख्यमंत्री योगी पर अशोभनीय टिप्पणी करने का आरोपी गिरफ्तार

**बिसौली, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और हिंदू धर्म के खिलाफ टिप्पणी करने वाले युवक का पुलिस ने शांतिभंग में चालान किया। टिप्पणी को लेकर संगठनों में रोष है।

कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव खजुरिया निवासी पिंटू राज ने मुख्यमंत्री आदित्यनाथ और हिंदू धर्म करे लेकर अभद्र टिप्पणी की थी। चार दिन पहले यह वीडियो वायरल हो गया। इस वीडियो को संज्ञान में लेते हुए विश्व हिंदू परिषद के मनु शर्मा ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। आरोपी पिंटू राज के खिलाफ शांतिभंग में कार्रवाई की।

# हिमांशु एनकाउंटर: दोस्तों की गवाही पर सीबीसीआईडी की आपत्ति, सुनवाई टली

विधि संवाददाता

- दोनों दोस्त कोर्ट में गुरुवार को पहुंचे थे गवाही देने, अब 16 को होगी सुनवाई

**बरेली, अमृत विचार :** 18 साल पुराने चर्चित हिमांशु गिहार एनकाउंटर केस में अदालत ने स्वतः संज्ञान लेते हुए सीबीसीआईडी की चार्जशीट के अलावा हिमांशु के दो दोस्तों को तलब किया था। दोनों दोस्त गुरुवार को कोर्ट में गवाही देने के लिए हाजिर भी हुए लेकिन सीबीसीआईडी के एसपीओ अजय मिश्रा ने आपत्ति दर्ज कराते हुए समय मांगा। कोर्ट ने सुनवाई को 16 जुलाई की तारीख तय की है।

शाहजहांपुर निवासी अशोक गिहार ने 19 अगस्त 2006 में कटरा के थानाध्यक्ष दिनेश सिंह, जीप चालक अंजनी, सिपाही कमलेश और सुरेश के खिलाफ फर्जी मुठभेड़ दिखाकर उनके बेटे हिमांशु गिहार की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। बताया था कि 6 जनवरी 2006 को हिमांशु अपने दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने बाइक से जा रहा था। कटरा थानाध्यक्ष ने हिमांशु को बाइक रोकने का इशारा किया। तीन सवारी होने की वजह से हिमांशु ने बाइक नहीं रोकी। इस पर थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने पीछा करके फरीदपुर थाना क्षेत्र में उसका फर्जी एनकाउंटर कर दिया। सीबीसीआईडी ने इंस्पेक्टर समेत सात के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट भेजी थी।

सभी गवाहों की गवाही होने के बाद अदालत ने हिमांशु के उन दो दोस्तों को बतौर गवाह पेश करने के लिए आदेश दिया जोकि घटना के चश्मदीद हैं। सीबीसीआईडी ने चार्जशीट में उनको गवाह नहीं बनाया था।

## हापुड़ में सिग्नल फेल होने से कई ट्रेनें प्रभावित

**बरेली, अमृत विचार :** हापुड़ यार्ड में बारिश की वजह से सिग्नल फेल होने से कई ट्रेनें प्रभावित हो गईं। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक गुरुवार सुबह करीब 8 बजे हापुड़ यार्ड में सिग्नल फेल हो गया था। इसके बाद ट्रेनों को रास्ते में रोकना पड़ा। यात्रियों ने ट्रेनों के रास्ते में रोकने की शिकायत रेलवे अधिकारियों को एक्स पर पोस्ट कर कीं तो मंडल रेल प्रबंधक की ओर से हापुड़ यार्ड में सिग्नल फेल होने की जानकारी दी गई। बरेली जंक्शन से गुजरने के बाद सुहेलदेव सुपर फास्ट, आला हजरत एक्सप्रेस और न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस आदि ट्रेनों का संचालन भी प्रभावित हो गया।

# बेटी की बरात से लापता पिता का दो दिन बाद पेड़ पर फंदे से लटका मिला शव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बेटी की शादी के समय कल्याणपुर निवासी अहलकार अचानक हो गए थे लापता
- परिजनों ने की तलाश नहीं मिलने पर बेटी की विदाई के बाद फिर शुरू किया था ढूंढना

**अमृत विचार :** बेटी की शादी के दौरान लापता हुए किसान का शव नीम के पेड़ पर लटकता मिला। पुलिस ने शव फंदे से नीचे उतारा और पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। किसान के आत्महत्या करने के कारण का पता नहीं चल सका है।



मृतक अहलकार

दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव कल्याणपुर निवासी अहलकार सिंह (50) पुत्र देवपाल सिंह खेतीबाड़ी करके परिवार का पालन पोषण करते थे। दो जुलाई को उनकी बेटी प्रियंका की शादी थी। पीलीभीत के गांव मीरापुर से बरात आई थी।

समारोह चल रहा था। बराती खाना खा रहे थे। खुशी का माहौल था। रात लगभग 11 बजे अहलकार सिंह लापता हो गए। परिजनों ने इधर-उधर तलाश किया लेकिन उनका कहीं पता नहीं चल सका। अगले दिन बेटी की विदाई के बाद परिजनों ने फिर से उनकी तलाश शुरू की।

गुरुवार सुबह अहलकार सिंह का शव गांव नेता झुकसा के जंगल में नीम के पेड़ पर लटका मिला। परिजनों को जानकारी मिली तो बेहाल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। मौका मुआयना कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

परिजनों ने बताया कि अहलकार की किसी से भी दुश्मनी नहीं थी। मौत की बजह वे नहीं बता सके। पोस्टमार्टम में हैंगिंग आई है।

## सीबीगंज में तीन बच्चों पर कुत्तों ने किया हमला

**बरेली, अमृत विचार :** सीबीगंज क्षेत्र के बंडिया में बुधवार शाम गली में खेल रहे तीन बच्चों पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। आसपास मौजूद लोगों ने कुत्तों को भगाकर बच्चों की जान बचाई। हमले में बच्चे घायल हो गए हैं।

सीबीगंज के बंडिया, खना गौंटिया और मथुरापुर गांव में पिछले साल खुंखार कुत्तों ने चार बच्चों पर हमला करके उनकी जान ले ली थी। इसके बाद भी कुत्तों की धरपकड़ नहीं की गई। बंडिया गांव निवासी मोनिस ने बताया कि बुधवार शाम को उनकी 12 साल की बहन नन्नी मोहल्ले के अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। इसी दौरान कुत्तों ने बच्चों पर हमला कर दिया। आसपास मौजूद लोगों ने कुत्तों को भगाया। गांव में कई बार कुत्ते हमला कर चुके है।

# दुष्कर्म के केस में गवाही न देने पर विवेचक की गिरफ्तारी का आदेश

विधि संवाददाता

- उझानी में तैनात मनोज कुमार के खिलाफ जारी हो चुका है गैरजमानती वारंट
- एक साल से लटका है केस फास्ट ट्रैक कोर्ट ने एडीजी को जारी किया पत्र

**बरेली, अमृत विचार:** दुष्कर्म के केस में गवाही देने न आने पर फास्ट ट्रैक कोर्ट के स्पेशल जज रवि कुमार दिवाकर ने एडीजी को उझानी (बदायूं) में तैनात विवेचक मनोज कुमार सिंह को गिरफ्तार कराकर पेश करने का आदेश दिया है। मनोज कुमार सिंह पिछले साल कई समन और गैरजमानती वारंट जारी होने के बाद भी कोर्ट में हाजिर नहीं हुए हैं। इस केस में सुनवाई के लिए 9 जुलाई की तारीख नियत की गई है।

वर्ष 2021 में थाना आंवला में बख्तियार के खिलाफ दुष्कर्म के आरोप में एफआईआर दर्ज हुई थी। पुलिस ने इस केस में विवेचना के बाद चार गवाह बनाकर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। इनमें से तीन गवाहों की गवाही हो चुकी है। कई समन जारी होने के बावजूद विवेचक मनोज कुमार सिंह के गवाही देने न आने से केस लटका हुआ है। साल भर पहले कोर्ट ने विवेचक के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किया था लेकिन इसके बाद भी वह गवाही देने नहीं पहुंचे।

थाने के पैरोकार ने कोर्ट को अवगत कराया कि मनोज कुमार सिंह बदायूं के उझानी थाने में तैनात हैं, उन्हें वारंट तामील करा दिया गया था।

इस पर कोर्ट ने टिप्पणी की कि तामील होने के एक साल बाद भी विवेचक के कोर्ट में गवाही देने के लिए हाजिर न होने से लग रहा है कि वह अभियुक्त से मिल गए हैं और दुष्कर्म जैसे गंभीर केस को लंबे समय तक लटकाकर उसे लाभ पहुंचाना चाहते हैं, जबकि कोर्ट को नियमानुसार दुष्कर्म के केस का निस्तारण चार्जशीट पर संज्ञान लेने के दो महीने अंदर करना होता है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

मेरा अंक प्रमाण पत्र मुख्य / पूरक परीक्षा सन् 19-20 अनुक्रमांक 4031536 का प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। मैंने इण्टरमीडिएट की परीक्षा राष्ट्रीय इण्टर कॉलेज बिशारतगंज से उत्तीर्ण की है। **नवीन कुमार पुत्र राकेश कुमार निवासी कस्बा बल्लिया, थाना भमोरा, जिला बरेली।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पासपोर्ट में मेरी पुत्री का नाम MISTHI अंकित है जोकि गलत है जबकि जन्म प्रमाण पत्र क्रमांक 213197001670 के अनुसार मेरी पुत्री का नाम MISHTHI है जोकि सही है। भविष्य में मेरी पुत्री को MISHTHI के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **सत्यदीप गुप्ता पुत्र राधा कृष्ण गुप्ता निवासी मो. सरवनपुरी कॉलोनी पूरनपुर देहात तहसील पूरनपुर जिला पीलीभीत।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने बड़े पुत्र शोभित को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **अवधेश पुत्र रामविलास निवासी ग्राम व थाना गढ़िया रंगीन, जनपद शाहजहाँपुर।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा मकान रकवई 88 वर्ग मी. स्थित बालाजी धाम कालोनी, कस्बा एवं तहसील आंवला, जिला बरेली, उक्त सम्पत्ति के पूर्व मूल बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 20.04.2009 व वही सं. 1, जिल्द सं. 1850 के पृष्ठ सं. 349 से 376, क्रमांक 2514 आंवला में कहीं खो गया है, जिस किसी को मिले, वह इस पते पर पहुँचाने का कष्ट करे। **रजनी देवी पत्नी यशवीर सिंह, बालाजी धाम कालोनी, आंवला, बरेली (यू.पी.) मो.नं. 9412672893**

**REQUIRED**
1. Marketing Executive for Printing & Advertising firm. Own conveyance must. Target based.
2. Manual Accounts Expert. Salary negotiable
stxc@rediffmail.com

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## सिकंदरा में सोल फैक्ट्री में भीषण आग करोड़ों का माल राख

**आगरा, अमृत विचार:** सिकंदरा नवीन फल एवं सब्जी मंडी के निकट स्थित एआर सोल फैक्ट्री में गुरुवार को भीषण आग लग गई। करीब एक करोड़ रुपये नुकसान होने का आंकलन किया गया है। फायर ब्रिगेड की चार दमकलों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया।

फैक्ट्री संचालक अंशुल अग्रवाल ने बताया कि फैक्ट्री के सुरक्षा कर्मियों ने सुबह सात बजकर बीस मिनट पर आग लगने की सूचना दी। तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। इस बीच आग की लपटें तेज होने से धुएं के गुबार छा गए। आग ने पूरी फैक्ट्री को चपेट में ले लिया। प्लास्टिक का दाना और सोल होने के चलते आग ने विकराल रूप ले लिया। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने फोम और पानी का प्रयोग करके आग पर काबू पाया। फैक्ट्री संचालक ने आग से करीब एक करोड़ रुपये की संपत्ति नष्ट होने का अनुमान जताया है।

# हैड़ाखान मार्ग पर मुश्किल में मुसाफिर

## काठगोदाम से तीन किलोमीटर दूर फिर शुरू हुआ भूस्खलन, लोनिवि ने संभाला मोर्चा

संवाददाता, हल्द्वानी


हैड़ाखान मोटर मार्ग का हाल, कुछ दिन पूर्व बारिश के दौरान यहां पर हुआ था भूस्खलन।

**अमृत विचार :** वर्ष 2022 में खाई में समाया हैड़ाखान मोटर मार्ग फिर नहीं बन पाया। करीब एक सप्ताह पहले शुरू हुई बरसात से सड़क पर एक बार फिर भू-स्खलन शुरू हो गया है। मार्ग लगभग दलदल में तब्दील हो चुका है और इन्हीं खतरों के बीच मुसाफिर आवाजाही कर रहे हैं। खास बात यह है कि यहां लोगों की सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं है। केवल एक जेसीबी को मलबा हटाने के लिए तैनात किया गया है। ग्रामीणों एक दूसरे कच्चे मार्ग का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन अब इस पर भी मलबा गिर रहा है।

हैड़ाखान मार्ग पर काठगोदाम से करीब तीन किलोमीटर दूर नवंबर 2022 में जब भू-स्खलन हुआ था, तब प्रशासन ने आवाजाही के लिए कच्चे मार्ग का निर्माण किया था। यह मोटर मार्ग भौर्सा, रौसिल, पंगोट, खनस्यू, हैड़ाखान, पसौली, गुमाल गांव, पानिया महतर, पानिया बोर समेत कई गांवों की आवाजाही का एकमात्र माध्यम है।

यहां से प्रतिदिन सैकड़ों किसान अपनी फसल, दूध व अन्य उपज लेकर हल्द्वानी मंडी आते हैं। वर्तमान में मार्ग में फिर से भू-स्खलन होने लगा है। पहाड़ से लगातार मलबा कच्चे मार्ग पर आ रहा है। बीते दिन हुई बारिश के बाद कच्चे मार्ग पर गिरा मलबा कीचड़ में तब्दील हो गया है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। चार पहिया वाहनों का गुजरना लगभग बंद हो चुका है।

ग्रामीण हर्षित बिष्ट ने बताया कि शाम होने से पहले मार्ग पर आवाजाही कर लेते हैं। शाम होने के बाद मार्ग से गुजरना खतरे से कम नहीं है। इधर, लोक निर्माण विभाग ने हैड़ाखान मोटर मार्ग के एक छोर पर जेसीबी खड़ी की है, लेकिन मलबा हटाने का कार्य ठप पड़ा है। चिंता की बात है कि मानसून की अभी पहली बारिश हुई है और मार्ग पर भू-स्खलन शुरू हो गया है।

### वन विभाग में अटका नई सड़क का मामला

**हल्द्वानी।** हैड़ाखान मोटर मार्ग के क्षतिग्रस्त हिस्से पर सड़क नहीं बनाई जा सकती है। पूर्व में लोक निर्माण विभाग ने सर्वे कराया था, जिसमें पता चला कि पहाड़ी पूरी तरह से कमजोर हो चुकी है। नवंबर 2022 से पहले ही इस मार्ग पर भू-स्खलन होने लगा था, मगर उस दौरान भूकंन आने की वजह से भू-स्खलन और बढ़ गया। वर्तमान में क्षतिग्रस्त हिस्से के पास से नई सड़क बनाने की योजना है, लेकिन वन भूमि होने के कारण प्रस्ताव वन विभाग में अटका हुआ है।

## पिता की लाइसेंसी रिवॉल्वर से बेटे ने खुद को गोली से उड़ाया

**संवाददाता, आगरा।** थाना एत्मादुद्दौला में एक कारोबारी ने पिता की लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली। एक दिन पहले उसने छोटे भाई को कारोबार और टैक्स से संबंधित जानकारी दी थी और खुद ने जान दे दी।

थान ट्रांस यमुना कॉलोनी निवासी अतुल शिवहरे (40) को एफएमसीजी का कारोबार है। गुरूवार को सुबह रोजना की तरह जिम गए और लौटकर नहाने के बाद पूजा की। मां से चाय बनाने को कहा, तभी उसके कमरे से गोली चलने की आवाज आई। परिजन पहुंचे तो वह मृत मिला। परिजनों ने बताया कि छोटा बेटा चिकित्सक है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डीएसपी सिटी सूरज सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। कारोबारी की कॉल डिटेल निकलवाई जाएगी। परिजनों से भी जानकारी की जाएगी।

# कार चालक को नींद की झपकी बनी पांच लोगों की मौत की वजह


मुकरमपुर गांव में पिता और बेटों की मौत के बाद रोती बिलखतीं महिलाएं।

संवाददाता, स्वार

- कार सवार सात लोगों में से पांच की गई जान, घायल मां-बेटे का चल रहा उपचार

**अमृत विचार:** मुरादाबाद क्षेत्र के मूंढापांडे में दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर गुरुवार सुबह कार चालक को नींद की झपकी पांच लोगों की मौत की वजह गई। चालक कार पर नियंत्रण खो बैठा। इससे डिवाइडर फांद कर कार रोडवेज बस से टकरा गई। हादसे में कार सवार सात लोगों में से पांच की जान चली गई। घायल मां-बेटे का उपचार चल रहा है। दुर्घटना की जानकारी के बाद मूंढापांडे पुलिस और लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। बाद में पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

परिजनों के अनुसार, अशरफ अली (60) और उनकी पत्नी जैतून बेगम (56) 20 मई को हज करने गए थे। दोनों बुधवार रात दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे। चार बेटे उन्हें लेने दिल्ली गए थे। गुरुवार को उनके बेटे अहसान की कार से मां-बाप को लेकर आ रहे थे। परिवार वाले लोग हज करके आ रहे अशरफ अली और उनकी पत्नी जैतून बेगम के आने का इंतजार कर रहे थे, घर में खुशी का माहौल था। लेकिन मूंढापांडे में हुए हादसे में पांच लोगों के मौत की खबर मिली तो गांव में कोहराम मच गया। एक ही गांव के पांच लोगों की मौत से ग्रामीण गमगीन हैं। गांव में चूल्हे तक नहीं जल सके। गांव में हादसे के बाद सूचना पर मृतकों के घर पर आने वाले रिश्तेदार व परिचितों का तांता लगा है। देर शाम तक लोग शव घर पहुंचने का इंतजार करते रहे। रात आठ बजे तक शव घर पहुंचने की बात कही गई। मृतकों के घरों से चीख पुकार की आवाजें आ रही हैं। कुछ लोग रामपुर जिला अस्पताल में शव लेने के लिए पहुंचे। कार चालक के घर में भी चीख-पुकार मची हुई है। उधर, चालक का शव बिना पोस्टमार्टम कराए ले जाने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। उच्चाधिकारियों ने इस मामले में स्वार कोतवाल संदीप त्यागी को निर्देश दिए। इस पर कोतवाल मौके पर पहुंच गए। परिजनों को समझा-बुझाकर के बाद कार चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

# 28 देशों की सुंदरियां ताज के दीदार को पहुंचीं


ताज महल परिसर में फोटो खिचातीं 28 देशों की सुंदरियां। • अमृत विचार

संवाददाता, आगरा

- वास्तुकला और इतिहास जाना, पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के किए पुख्ता इंतजाम

**अमृत विचार:** 28 देशों की 110 सुंदरियां गुरूवार को ताज के दीदार को पहुंची। सभी को ताज को निहारा और उसकी सुंदरता देखकर बोलीं, गजब की खूबसुरती, वाह ताज।

इस दौरान पुलिस प्रशासन ने उसकी सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए थे। इस वर्ष भारत में मिस टीन इंटरनेशल-2024 का आयोजन जयपुर में किया जा रहा है। 28 देशों की प्रतिभागी ताजमहल का दीदार करने पहुंचीं। टूरिस्ट गाइडों ने उन्हें ताजमहल के इतिहास, वास्तुकला और शाहजहां-मुमताज की प्रेम कहानी की जानकारी दी। इस दौरान पर्यटन पुलिस द्वारा सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे।

**इन देशों से आई सुंदरियां :** भारत के अलावा फिजी, जर्मनी, इंडोनेशिया, जापान, स्पेन, श्रीलंका, थाईलैंड, यूगांडा, यूएसए, वेनेजुएला, वियातनाम लिथुआनिया, बांग्लादेश, बोस्टवाना, ब्राजील, कंबोडिया, क्यूबा, डोमिनियन रिपब्लिक, इंग्लैंडमैक्सिको, मंगोलिया, नमीबिया, नेपाल, नीदरलैंड, फिलिपींस, साउथ अफ्रीका, और जिम्बाब्वे की सुंदरियां शामिल रहीं।

# टीएमयू में डॉक्टर ने फंदे पर लटककर दी जान

पाकबड़ा/ मुरादाबाद

- एमडी एनेस्थीसिया द्वितीय वर्ष का छात्र था डॉ. ओशो राग चौधरी

**अमृत विचार :** टीएमयू में झारखंड के रहने वाले एमडी एनेस्थीसिया के छात्र ने गुरुवार को फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना को लेकर कॉलेज प्रबंधन सकते में है। टीएमयू में एक हफ्ते के भीतर यह दूसरी घटना है।

पुलिस टीम ने पहुंचकर जांच शुरू कर दी। फॉरेंसिक टीम ने कमरे से कुछ दवाइयां कब्जे में ली हैं। झारखंड की राजधानी रांची के रहने वाले डॉक्टर ओशो राग चौधरी (28) ने दो साल पहले तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (टीएमयू) में एमडी एनेस्थीसिया के कोर्स में प्रवेश लिया था। वह द्वितीय वर्ष का छात्र था। कॉलेज प्रबंधन ने बताया कि डॉक्टर ओशो राग चौधरी यूनिवर्सिटी हॉस्टल के कमरा नंबर 106 में रहता था। गुरुवार को ओशो के रूम पार्टनर डॉ. आशीष ने ओशो को फोन किया, लेकिन उसका फोन नहीं उठा। इससे पहले भी वह कई बार फोन कर चुके थे। आशीष ने सुबह 8:40 बजे हॉस्टल में जाकर चेक किया तो कमरा अंदर से बंद था। उन्होंने दरवाजा खटखटाया, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद आशीष ने अपने दोस्त नितेश के साथ दरवाजा तोड़ दिया। दोनों कमरे में गए तो ओशो का शव पंखे से लटका हुआ था।

घटना की जानकारी कॉलेज प्रबंधन को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ओशो के घर वालों को सूचना दे दी गई। वह शुक्रवार तक पहुंचेंगे। पुलिस मामले को आत्महत्या मान रही है।

## नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में दो पकड़े गए

**मिलक, अमृत विचार:** नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। क्षेत्र निवासी महिला ने रामचंद्र व अशोक निवासी ग्राम भौनकपुर थाना मिलक पर उसकी नाबालिग पुत्री के अपहरण का आरोप लगाया है। तीन जून को मिलक कोतवाली में मामला पंजीकृत करवाया था। पुलिस नाबालिग व आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। गुरुवार को पुलिस ने नाबालिग को रामचंद्र व अशोक के साथ बरामद कर लिया। नाबालिग के चिकित्सीय परीक्षण और बयान के आधार पर पुलिस ने दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी करते हुए अग्रिम कार्रवाई को अंजाम दिया। विधिक कार्रवाई करते हुए पुलिस ने रामचंद्र व अशोक को जेल भेज दिया है।

# शिक्षिका का शव घर में फंदे से लटका मिला शव

कार्यालय, चन्दौसी

- बुलंदशहर की अविवाहित पीटीआई किराए के मकान में रहती थी अकेली

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के छोटे लाल कॉलोनी में अविवाहित पीटीआई (शिक्षिका) का शव पंखे पर फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। शिक्षिका किराए के मकान में अकेली रहती थी। शिक्षिका मूलरूप से बुलंदशहर की रहने वाली थी। घटना की सूचना पर फारेसिंक टीम ने पहुंच सबूत जुटाए। पुलिस परिजनों के आने का इंतजार कर रही थी।


शिक्षिका की मौत के बाद जानकारी करती पुलिस।


रचना का फाइल फोटो।

मूलरूप से बुलंदशहर जनपद के थाना कोतवाली क्षेत्र के गांव ककरई निवासी रचना 32 वर्ष पुत्री शांति स्वरूप कई वर्षों से राम प्यारी आर्य कन्या इंटर कॉलेज में पीटीआई के पद पर कार्यरत थी। वह काफी समय से गणेश कॉलोनी में रह रही थी। मात्र दो माह पहले ही शिक्षिका ने छोटे लाल कॉलोनी में मकान की दूसरी मंजिल का भाग किराए पर लिया था। छुट्टी के बाद शिक्षिका रविवार को आई थी। उसी मकान के दूसरे हिस्से में उसी विद्यालय की शिक्षिका शारदा परिवार के साथ रहती है। गुरुवार की शाम शारदा कपड़े उतारने गई, तो शिक्षिका के कमरे का दरवाजा बंद था। शारदा ने दरवाजा खोला तो अंदर का नजारा देख चीख निकल गई। कमरे में रचना पंखे पर दुपट्टे के फंदे से लटकी थी। घटना की सूचना मकान मालिक राजीव कुमार शर्मा की पत्नी प्रगति शर्मा को दी। उन्होंने मामले की जानकारी पुलिस को दी। कुछ देर बाद प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और साथी शिक्षिका व मकान मालकिन से जानकारी की।

## जलभराव वाले रास्ते में डूबने से बच्चे की मौत

**खटीमा, अमृत विचार:** नानी के निधन पर मायके आई महिला के दो वर्षीय पुत्र की जलभराव वाले रास्ते में डूब कर मौत हो गई। बच्चे की मौत की सूचना पर एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट भी मौके पर पहुंचे। एसडीएम से रास्ते को बनवाने की मांग भी की। पीलीभीत निवासी नीतू अपने तीन बच्चों के साथ अपनी नानी के निधन पर बंगाली कॉलोनी आई थी। घर जाने वाले रास्ते में बारिश के कारण काफी पानी भरा हुआ है। रास्ते से जाते हुए उसका दो वर्षीय पुत्र कपिल पानी में गिरकर डूब गया। उसे नागरिक अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया।

## किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** एक जून को थाना अजीमनगर क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने का मामला दर्ज हुआ था। इस मामले में 30 जून को पीड़िता को बरामद कर पीड़िता के बयानों के आधार पर धारा को बढ़ा दिया था। विवेचना में थाना अजीमनगर पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी पंकज पुत्र सुरेश निवासी ग्राम मूसेपुर थाना मिलक खानम को मुरसैना तिराहे से गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# बिजलीकर्मी की मौत परिजनों ने लगाया जाम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** रजा बिजलीघर में तैनात कर्मचारी की करंट से मौत हो गई। इससे गुस्साए परिजनों ने नवाबगेट डिवीजन के सामने सड़क पर शव रखकर हंगामा किया और जाम लगा दिया। उन्होंने मुआवजे की मांग की और कार्रवाई की जिद पर अड़ गए। घटना की सूचना के बाद सीओ सिटी और कोतवाल मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को समझा बुझाकर कर शांत कराया और जाम खुलवाया।

शहर के मोहल्ला बेरियान अकब महल सराय निवासी नवेद (30) कई वर्ष से रजा बिजलीघर में पेट्रोलमैन के पद पर तैनात था। गुरुवार सुबह आठ बजे बिजली समस्या की शिकायत के बाद वह बिजलीघर से शटडाउन लेकर मिस्टन गंज गया था। यहां बिजली के खंभे चढ़कर काम कर रहा था।

इस बीच तारों में करंट दौड़ गया। करंट से झुलसकर वह खंभे से नीचे गिर गया। यह देख नीचे मौजूद कर्मचारी घबरा गए। उसने नवेद की मौत की सूचना जेई को दी तो विद्युत निगम के अधिकारियों में खलबली मच गई। नवेद के साथी कर्मचारी ने उसके परिजनों को सूचना दी तो वे मौके पर पहुंच गए। वे शव का पोस्टमार्टम कराए बिना मुआवजे की मांग और एक्सईएन, एसडीओ को मौके पर बुलाने को लेकर जिद पर अड़ गए।

एक्सईएन, एसडीओ के नहीं पहुंचने पर वे शव को एंबुलेंस में रखकर नवाबगेट डिवीजन पहुंचे, यहां उन्होंने सड़क पर जाम लगाकर हंगामा किया। इसकी सूचना के बाद सीओ सिटी जितेंद्र कुमार, शहर कोतवाल पवन सिंह राणा मौके पर पहुंचे। उन्होंने गुस्साए परिजनों को समझा बुझाकर शांत कराया।

**सम्मन बनाम प्रतिवादी**
**बअदालत श्रीमान तहसीलदार महोदय, मुकाम पूरनपुर-पीलीभीत**
**मु.नं.-टी2016125603830 2024**
**प्रेमवती बनाम रमेश आदि**

धारा-34/35 उ.प्र. राजस्व संहिता-2016 ग्राम खाता, पर. तह. पूरनपुर जिला पीलीभीत प्रतिवादी बनाम 1. नीलम देवी पुत्री रमेश निवासी ग्राम खाता पर. तह. पूरनपुर जिला पीलीभीत। वाजे हो कि आपके खिलाफ नालिश दफा 34/35 उ.प्र. राजस्व संहिता दायर की है। अत: आप वतारीख 11.07.2024 को बवक्त 10 बजे दिन असालतन या अन्य कोई शाखा जो वाकिफ हाल मुकदमा हो उक्त तारीख पर अपनी जवाबदेही पेश करे यह लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाहों की व जो दस्तावेज जिसकी शहादत पर आम व ताईद अपना जवाबदेही इत्तदवाल करना चाहते हो पेश करो अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो उसकी समात आपकी गैर हाजिरी में आपके मसमूह फैसला होगा। दिनांक 01 माह 07 सन् 2024 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार, पूरनपुर, पीलीभीत**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेंस लि. शाखा शाहजहाँपुर में श्रीमती तबस्सुम पत्नी श्री कामरान खान वाहिदा बेगम पत्नी श्री मो. अफज़ाल खान निवासी मोहम्मद जई शाहजहाँपुर ने एक किता आराजी जिसका क्षेत्रफल 136.38 वर्ग मी. स्थित मोहम्मद जई तहसील सदर जिला शाहजहाँपुर के एवज़ में व्यापार ऋण हेतु आवेदन किया है। जिसकी चौहद्दी पूरब-मकान अलाउद्दीन, पश्चिम-मकान खुशनूदी बेगम, उत्तर-मकान हरदेव प्रसाद मिश्रा, दक्षिण-गली है। उक्त आराजी को श्रीमती तबस्सुम पत्नी श्री कामरान खान व श्रीमती सुहायदा बेगम पत्नी श्री मोहम्मद अफज़ाल खान निवासी मोहम्मद जई शाहजहाँपुर ने क्रेता युनुस पुत्र श्री हबीबुल हसन निवासी मोहम्मद जई तहसील सदर जिला शाहजहाँपुर बहैसियत मुख्तियार खास बजरिया मुख्त्यार नामा (18.01.2018) से क्रय किया गया है जिसका इन्दराज रजिस्ट्री दिनांक 18.01.2018 बही संख्या-1, जिल्द संख्या 909 के पृष्ठ 309 से 359 तक क्रमांक 881, पर कार्यालय उपनिबन्धक जिला शाहजहाँपुर में हुआ है। उक्त आराजी पर वर्तमान में श्रीमती तबस्सुम पत्नी कामरान खान एवं श्रीमती मुहायदा, बेगम पत्नी श्री मोहम्मद अफज़ाल खान निवासी मोहम्मद ज़ई तहसील सदर जिला मुहायदा मालिक काबिज व दखील है।

यदि किसी अन्य व्यक्ति/संस्था को उक्त आराजी पर कोई आपत्ति हो तो सामान्य कार्य दिवस में सात दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेंस लि. शाखा शाहजहांपुर में या मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। अन्यथा उक्त समयावधि के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा उक्त आराजी के एवज़ में श्रीमती तबस्सुम पत्नी श्री कामरान खान व श्रीमती मुहायदा बेगम पत्नी श्री मोहम्मद अफज़ाल खां निवासी मोहम्मद जई तहसील सदर जिला शाहजहांपुर के पक्ष में ऋण हेतु अग्रिम कार्यवाही नियमानुसार निष्पादित कर दी जायेगी।

**मयंक गुप्ता**
**सूचीबद्ध अधिवक्ता**

**कार्यालय ग्रा.पं उदयपुर कटैया, वि.खं ददरौल (शाहजहाँपुर)**

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त जीएसटी में पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत उदयपुर कटैया विकास खण्ड ददरौल शाह० में वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा की धनराशि से ग्राम पंचायत से विकास योजना से स्वीकृत निम्नलिखित कार्य कराये जाने है। अतः इन कार्यों हेतु प्राक्कलन के अनुसार निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु दिनांक 05/07/2024 को सांय 05 बजे तक सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय में आमन्त्रित की जाती हैं। निविदायें दिनांक 12/07/2024 को 11 बजे निविदादाताओं/ उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | आवश्यक सामग्री | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | फारुक के मकान से सुखपाल के मकान तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। लम्बाईxचौड़ाई 75x3.30 मीटर अनुमानित लागत 303069 लाख ₹ | रेता/ बजरी / मौरंग / महीन रेता, ईट, ईट रोड़ी, बजरी, इण्टरलाकिंग ईट ब्लाक | मात्रा एवं सामग्री की पूर्ण जानकारी ग्रा.पं. कार्यालय से सम्पर्क कर ली जा सकती है। जिसकी सूचना कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। |
| 2 | मकसूद के मकान से साबिर के मकान तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य ल.xचौ. 87x3 मी. अनु. ला. 347201 लाख ₹ | | |

ग्राम प्रधान - श्रीमती हुमैरा    ग्राम सचिव - आकांक्षा अग्निहोत्री

**कार्यालय ग्राम पंचायत दविहारी विकास खण्ड अंबियापुर (बदायूँ)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्म विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दविहारी विकास खण्ड अम्बियापुर बदायूँ में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 15वाँ वित्त आयोग, पंचम वित्त आयोग की धनराशि से निम्न कार्य प्रस्तावित हैं, जिसके लिए सामग्री-ईट SOB, प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ी, सीमेंट, मौरंग, रेता, बजरी, बजरफुट, सरिया, पेंट, इण्टरलॉक ईट, हैण्डपम्प का सामान आदि क्रय किया जाना है। सामग्री हेतु सीलबंद निविदाएं दिनांक 11.07.2024 समय अपरान्ह 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 12.07.2024 को सायं ग्राम पंचायत पर खोली जायेंगी। ग्राम पंचायत को किसी भी समय बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार होगा।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | हैंडपंप मरम्मत/रिबोर कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार |
| 2. | सामु. शौ. मरम्मत कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार |
| 3. | उ.प्र.वि. में मॉडल शौचालय निर्माण। | प्राक्कलन के अनुसार |
| 4. | सुखपाल के घर से रतिभान के घर तक नाली निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार |
| 5. | मदन के घर से सुखपाल के घर तक नाला निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार |
| 6. | वीरेन्द्र के घर के सामने सी.सी./इण्टरलॉकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार |
| 7. | गौकिल के घर से छत्रपाल के घर तक सी.सी./इण्टरलॉकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार |
| 8. | छत्रपाल के घर से झनक के घर तक सी.सी./इण्टरलॉकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार |
| 9. | झनकू के घर से प्रेमपाल के घर तक सी.सी./इण्टरलॉकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार |
| 10. | छत्रपाल के घर के पास पुलिया निर्माण। | प्राक्कलन के अनुसार |
| 11. | पंचायत घर में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार |
| 12. | PS एवं UPS में बाउंड्रीवॉल इंटरलॉकिंग एवं कायाकल्प के अन्य कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार |
| 13. | प्रा. वि. में कायाकल्प के अन्तर्गत कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार |
| 14. | खेल मैदान मरम्मत कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार |
| 15. | पुष्पेन्द्र के घर से मेन रोड तक सी.सी. मरम्मत कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार |

प्रधान-सूरजमुखी    सचिव-दीपेश कुमार शर्मा

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बरेली**
**वृत लो0नि0वि0, बरेली**

पत्रांक : 5771/142सी0(ई0टेण्डर)-3/23    दिनांक: 27.06.2024

**ऑन-लाइन निविदा आमंत्रण सूचना**
**द्वितीय आमंत्रण**

1- महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑन-लाइन ई-निविदा दिनांक 08.07.2024 से दिनांक 25.07.2024 की अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 25.07.2024 को अपरान्ह 12.30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:-

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | लागत: अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | लागत: 5 वर्ष अनुरक्षण की अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | लागत: कुल अनुमानित लागत (4+5) (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह) | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी (मार्ग कार्य हेतु) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य सड़क निधि योजनान्तार्गत नवनिर्माण के कार्य | | | | | | | | | |
| 1 | एन0एच0-24 ग्राम बरतारा से जहानपुर होकर सरही नहर पुलिया तक मार्ग। | प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर | 278.93 | 21.13 | 300.06 | 17.00 | 2725.00 | 12 | ए |
| 2 | रमेश्वरगंज गौटिया से खिरिया घाट तक सम्पर्क मार्ग। | | 81.16 | 6.15 | 87.31 | 6.37 | 2725.00 | 06 | ए, बी |
| 3 | ग्राम खिरिया रसूलपुर से पंचदेवरा सम्पर्क मार्ग। | | 270.74 | 20.51 | 291.25 | 16.56 | 2725.00 | 12 | ए |
| 4 | ब्लाक सिंधौली कटिया मुर्छा मार्ग से ग्राम (कोटावारी) करनैयापुर तक मार्ग का नवनिर्माण का कार्य। | | 120.01 | 9.09 | 129.10 | 8.45 | 2725.00 | 12 | ए, बी |
| 5 | सुराही मार्ग से समौरा सम्पर्क मार्ग। | | 190.64 | 14.44 | 205.08 | 12.25 | 2725.00 | 12 | 'ए' |
| 6 | सिंघीपुर कल्वर्ट मार्ग (अ0जि0मा0) किमी-10 से फतेहपुर नहर पुलिया से रखिया बुजुर्ग सम्पर्क मार्ग। | | 102.74 | 7.78 | 110.52 | 7.53 | 2725.00 | 12 | ए, बी |
| 7 | गोला मोहम्मदी शाहजहाँपुर सम्पर्क मार्ग (मछेछा पुल) से ग्राम रक्शा के पुल तक नहर की पटरी पर मार्ग का नवनिर्माण का कार्य। | | 151.13 | 11.45 | 162.58 | 10.13 | 2725.00 | 12 | ए, बी |
| 8 | ग्राम रूजवारी जूनियर हाईस्कूल (यज्ञशाला) से होकर सरेखी (सेरली) सम्पर्क मार्ग। | | 84.14 | 6.37 | 90.51 | 6.53 | 2725.00 | 06 | ए, बी |
| 9 | जनपद शाहजहांपुर ब्लॉक कॉट मल्लपुर से बहादुरपुर सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर | 100.54 | 7.62 | 108.15 | 7.41 | 2725.00 | 06 | ए, बी |
| 10 | पड़ैचा मोड़ से ग्राम अमोरा सम्पर्क से पाल ब्रिक फिल्ड से ग्राम सिरोमनपुर होते हुये मरेना-गटेहरा सीमा चकरोड से इमिलिया मरेना रोड तक सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | | 193.53 | 14.66 | 208.19 | 12.41 | 2725.00 | 12 | ए |
| 11 | कांट कुर्रिया कलाँ मार्ग से मार्ग से ग्राम कुर्रिया बहरी की पुलिया से ग्राम कुतआपुर के उत्तरी रास्ते से होते हुये ग्राम पल्हौरा की पुलिया तक सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | | 112.68 | 8.54 | 121.21 | 8.06 | 2725.00 | 12 | ए, बी |
| 12 | ब्लॉक कॉट में मल्हपुर से बिरारा सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | | 85.59 | 6.48 | 92.07 | 6.60 | 2725.00 | 06 | ए, बी |
| 13 | मल्हपुर से सरथौली सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | | 103.78 | 7.86 | 111.64 | 7.58 | 2725.00 | 06 | ए, बी |
| 14 | कटरा जलालाबाद मार्ग से कुनिया जमालपुर सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | | 129.52 | 9.81 | 139.33 | 8.97 | 2725.00 | 09 | ए, बी |
| 15 | ब्लाक ददरौल में अजीजगंज चौहनापुर मार्ग से ग्राम चांदापुर देवी स्थान तक मार्ग का निर्माण का कार्य। | | 57.18 | 4.33 | 61.52 | 5.08 | 2725.00 | 06 | ए, बी, सी |
| 16 | कुल्तुपुर से कुनिया शहनजीरपुर सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | | 186.24 | 14.11 | 200.35 | 12.02 | 2725.00 | 12 | ए, |
| 17 | जरौली से भुड़ी ककोड़ा सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर | 122.41 | 9.27 | 131.69 | 8.58 | 2725.00 | 06 | ए, बी |
| 18 | जलालाबाद अल्लागंज मुख्य मार्ग से ग्राम चिलौआ मार्ग से रघुवर दयाल इण्टर कालेज होते हुए सेड़ा नाला सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | | 115.03 | 8.71 | 123.75 | 8.19 | 2725.00 | 06 | ए, बी |
| 19 | ब्लाक मदनापुर उमरसड़ से मटेहना सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | | 112.98 | 8.56 | 121.54 | 8.08 | 2725.00 | 06 | ए, बी |
| 20 | ग्राम जल्लापुर गढिया रंगीन अमरेडी से मलरिया मिर्जापुर तक सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | | 169.32 | 12.83 | 182.15 | 11.11 | 2725.00 | 12 | ए, बी |
| 21 | ग्राम मरेना विक्रमपुर छूटे हुये मार्ग से विक्रमपुर आबादी तक सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | | 153.39 | 11.62 | 165.01 | 10.25 | 2725.00 | 12 | ए, बी |
| 22 | ग्राम हिमतपुर वडियाकला मार्ग से हिमतपुर वडिया गॉव तक सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | | 102.13 | 7.74 | 109.87 | 7.49 | 2725.00 | 06 | ए, बी |
| 23 | ब्लॉक कलान में ग्राम हरनौखा से चौकिया सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | | 126.15 | 9.56 | 135.70 | 8.79 | 2725.00 | 12 | ए, बी |
| 24 | जल्लापुर ढकिया रंगीन मार्ग से जगत पिपरथना पूर्व विधायक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री रूप सिंह के मकान तक सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | | 51.47 | 3.90 | 55.37 | 4.77 | 2725.00 | 06 | 'ए, बी, सी' |

2- निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

UP - 216892 **दिनांक** 02/07/2024
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

**अधिशासी अभियन्ता**
**प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर**

**अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर**

**अधीक्षण अभियन्ता**
**बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली**



चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। ● एजेंसी

# अवैध निर्माण मामला: मोहरों की तरह अदालतों का किया जा रहा प्रयोग

● दिल्ली हाईकोर्ट ने अनधिकृत निर्माणों को लेकर एमसीडी आयुक्त को लगाई फटकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी में अवैध और अनधिकृत निर्माणों को लेकर एमसीडी आयुक्त को फटकार लगाई और कहा कि इस प्रक्रिया में अदालतों का इस्तेमाल मोहरों के तौर पर किया जा रहा है। अदालत ने कहा कि दिल्ली में बाढ़ का एक कारण यह है कि अनधिकृत निर्माण के कारण पानी की निकासी अवरुद्ध हो गई है और उसने नगर निगम प्रमुख से दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा।

पीठ ने कहा कि उसने देखा है कि कुछ वकील भी अनधिकृत निर्माण



के मामलों में भयदोहन कर पैसा ऐंठ रहे हैं तथा अदालती प्रक्रिया का दुरुपयोग किया जा रहा है। पीठ ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के आयुक्त से कहा-हमें इस पूरे मामले में मोहरे की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। हम इस मिलीभगत को खत्म करना चाहते हैं, यह एक बड़ा गठजोड़ है। व्यवस्था ध्वस्त हो रही है। आप कुछ करें और अपने अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने अदालत के निर्देश के अनुपालन में कार्यवाही में डिजिटल माध्यम से शामिल हुए एमसीडी के आयुक्त अश्विनी कुमार को प्रेरित याचिकाएं दायर करने के बारे में अवगत कराया, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता क्योंकि अवैध और अनधिकृत निर्माण का तथ्य विवाद में नहीं है।

पीठ ने कहा-याचिकाकर्ता और एमसीडी के अधिकारी अपने परोक्ष उद्देश्यों और धन उगाही के लिए अदालतों का रणनीतिक उपकरण के रूप में उपयोग कर रहे हैं। पेशेवर लोग अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ कई याचिकाएं दायर कर रहे हैं। हम एक अजीब स्थिति में फंस गए हैं। अगर हम कार्रवाई करते हैं, तो वे संपत्ति के मालिक से पैसे ऐंठने लगते हैं। अगर हम कार्रवाई नहीं करेंगे तो अनधिकृत निर्माण बना रहेगा। अदालत ने कहा-दिल्ली में बाढ़ इसलिए आई क्योंकि पानी के निकास मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं। नालियां जाम हो गई हैं। यह अनधिकृत निर्माणों के कारण हुआ है। सार्वजनिक भूमि और नालों पर मकान और इमारतें बना दी गई हैं, जिससे पानी निकलने का कोई रास्ता नहीं बचा है। उसने शहर में हो रहे अनधिकृत निर्माणों के प्रति आंखें मूंद लेने के लिए एमसीडी अधिकारियों पर सवाल उठाया और कहा कि यह अफसरों की मिलीभगत के बिना संभव नहीं है। पीठ द्वारा उठाई गई चिंताओं का जवाब देते हुए आयुक्त ने अदालत को आश्वासन दिया कि दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी उन्होंने अदालत को आश्वासन दिया कि नगर निगम अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई करेगा और उन्हें हटा दिया जाएगा। अदालत 20 वर्षीय एक महिला द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें यहां पहाड़गंज में एक भूमि पर किए जा रहे अवैध और अनधिकृत निर्माण को रोकने और उसे ध्वस्त करने के लिए अधिकारियों को निर्देश देने का अनुरोध किया गया था।

## एक नजर

### अभिनेता दर्शन और अन्य आरोपियों की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**बेंगलुरु।** शहर स्थित एक अदालत ने बृहस्पतिवार को रेणुकास्वामी हत्या मामले में आरोपी कन्नड़ अभिनेता दर्शन थुगुदीपा, उनकी मित्र पवित्रा गौड़ा और अन्य की न्यायिक हिरासत 18 जुलाई तक बढ़ा दी। दर्शन और पवित्रा सहित सभी 17 आरोपियों को बेंगलुरु और तुमकुरु जेलों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया क्योंकि उनकी न्यायिक हिरासत आज समाप्त हो रही थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अभिनेता के प्रशंसक 33 वर्षीय रेणुकास्वामी ने गौड़ा को अश्लील संदेश भेजे थे। इससे गुस्साए दर्शन ने रेणुकास्वामी की हत्या कर दी जिसका शव नौ जून को सुमनहल्ली में एक बरसाती नाले के पास मिला था।

### येदियुरप्पा को पेश होने का समन जारी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में बेंगलुरु की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा को उनके खिलाफ दर्ज पॉक्सो अधिनियम के एक मामले में 15 जुलाई को पेश होने के लिए समन जारी किया। कर्नाटक पुलिस के आपराधिक जांच विभाग ने यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) अधिनियम मामलों के लिए 27 जून को यहां त्वरित अदालत अदालत-1 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। एक दिन बाद, कर्नाटक उच्च न्यायालय ने सीआईडी को येदियुरप्पा को गिरफ्तार करने से रोकने के अपने अंतरिम आदेश को बढ़ा दिया। इसके बाद अभियोजन पक्ष को येदियुरप्पा को खिलाफ प्राथमिकी को रद करने की मांग करने वाली उनकी याचिका पर आपत्तियां दर्ज करने की अनुमति दी थी।

### आश्रम में छह बच्चों की मौत का खुलासा

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** इंदौर में विशेष बच्चों के एक आश्रम की गड़बड़ियों को लेकर प्रशासन की उच्च स्तरीय समिति की शुरुआती जांच में खुलासा हुआ है कि गुजरे पांच दिनों के दौरान इस संस्थान में पांच नहीं, बल्कि छह बच्चों की मौत हुई है। प्रशासन के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आश्रम में सबसे पहले दम तोड़ने वाले आठ वर्षीय बच्चे की मौत की जानकारी प्रशासन से कथित तौर पर छिपाते हुए उसके शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया था और उसे दफनाकर अंतिम संस्कार कर दिया गया था। जांच समिति में शामिल एक अधिकारी ने बताया कि शहर में एक गैर सरकारी संगठन द्वारा संचालित "श्री युगपुरुष धाम बाल आश्रम" में अंकित गर्ग (8) की 29 और 30 जून की दरम्यानी रात मौत हुई थी।

### झड़प के संबंध में भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद के पालदी इलाके में कांग्रेस कार्यालय के बाहर झड़प के मामले में पुलिस ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। कांग्रेस ने मंगलवार को हुई घटनाओं के संबंध में कोई कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन शुरू करने की धमकी दी थी, जिसके कुछ घंटे बाद यह प्राथमिकी दर्ज की गई। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की कथित हिंदू विरोधी टिप्पणी को लेकर भाजपा ने मंगलवार को कांग्रेस कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया था। एलिसब्रिज थाने के निरीक्षक बी. डी. झिलारिया ने कहा, "हमने कांग्रेस की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है। अब तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

# लोकसभा चुनाव में विजयी प्रत्याशियों को औसतन 50.58 प्रतिशत वोट मिले

## एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले आम चुनाव की तुलना में दो प्रतिशत कम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

चुनाव विश्लेषण करने वाली संस्था एडीआर के अनुसार, लोकसभा चुनाव 2024 में विजयी हुए उम्मीदवारों ने औसतन 50.58 प्रतिशत वोट प्राप्त किए, जो पिछले आम चुनाव की तुलना में दो प्रतिशत कम हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की गुरुवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा करने वाले नवनिर्वाचित सांसदों में 42 प्रतिशत ने 50 प्रतिशत और उससे अधिक वोट प्राप्त किए।

एडीआर और नेशनल इलेक्शन वॉच (एईडब्ल्यू) ने लोकसभा चुनाव 2024 में 543 सीटों में से 542 का अध्ययन कर वोट प्रतिशत का विश्लेषण किया है। सूरत सीट को विश्लेषण में शामिल नहीं किया गया क्योंकि यहां सांसद का निर्वाचन निर्विरोध हुआ था।



वर्ष 2024 के चुनाव में विजेताओं ने कुल मतों में से औसतन 50.58 प्रतिशत मत हासिल किये जो कि वर्ष 2029 में मिले 52.65 प्रतिशत से कम है। विश्लेषण के अनुसार 279 विजयी प्रत्याशियों (51 प्रतिशत) ने अपने संसदीय क्षेत्रों में कुल मतों के आधे से ज्यादा हासिल किए, वहीं 263 विजयी उम्मीदवार (49 प्रतिशत) आधे मत पाने से पीछे रह गए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कुल 239 सांसदों में से 75 (31 प्रतिशत) को 50 प्रतिशत से कम वोट मिले। कांग्रेस के लिए 99 सीट में से 57 सीट (58 प्रतिशत) पर जीतने वाले उम्मीदवार को 50 प्रतिशत से कम वोट मिले।

क्षेत्रीय दलों में, समाजवादी पार्टी के 37 में से 32 विजयी उम्मीदवार (86 प्रतिशत), तृणमूल कांग्रेस के 29 में से 21 विजेता (72 प्रतिशत) और द्रविड़ मुनेत्र कझगम के 22 में से 14 विजयी प्रत्याशी (64 प्रतिशत) 50 फीसदी से कम वोट हासिल कर सके। घोषित आपराधिक मामलों वाले 251 विजेताओं में से 106 (42 प्रतिशत) ने 50 प्रतिशत और उससे अधिक वोट के साथ जीत हासिल की, जबकि स्वच्छ पृष्ठभूमि वाले 291 विजेताओं में से 173 (59 प्रतिशत) ने 50 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल किए।

### पांच सांसदों की जीत का अंतर 2,000 वोट से कम

चुनाव में जीतने वाले पांच सांसदों की जीत का अंतर 2,000 वोट से कम रहा, वहीं पांच अन्य 50 प्रतिशत से अधिक वोट के अंतर से जीते। विदिशा से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शिवराज सिंह चौहान 56 .43 प्रतिशत वोट के अंतर से जीते, वहीं इंदौर से भाजपा के शंकर लालवानी 64 .54 प्रतिशत वोट के अंतर से विजयी हुए। चुनाव में जीतने वाले 542 नवनिर्वाचित सांसदों में 74 महिलाएं हैं जिनमें त्रिपुरा पूर्व से भाजपा की कृति देवी देबबर्मन को महिला उम्मीदवारों में सर्वाधिक वोट मिले हैं। उन्हें 68 .54 प्रतिशत वोट मिले और उनकी जीत का अंतर 42 .92 प्रतिशत वोट का रहा। चुनाव में 'इनमें से कोई नहीं' (नोटा) विकल्प को 2024 में कुल 0 .99 प्रतिशत मतदाताओं ने चुना। 2019 में 1 .06 प्रतिशत मतदाताओं ने इस विकल्प को चुना था। यह प्रवृत्ति मतदाताओं द्वारा नोटा के विकल्प का इस्तेमाल करने में मामूली गिरावट दिखाती है।

## मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे की सुरक्षा बढ़ाई गई

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री शंभूराज देसाई ने बृहस्पतिवार को विधानसभा को बताया कि मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और उनकी सुरक्षा में चार सशस्त्र कर्मी तैनात किए गए हैं। जालना जिले के अंतरवाली सराती में जरांगे के निवास स्थान की निगरानी के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किए जाने के आरोपों के बारे में देसाई ने कहा कि मामले की जांच के लिए स्थानीय पुलिस अधीक्षक ने तीन टीम गठित की हैं। विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार ने मंगलवार को ड्रोन निगरानी का मुद्दा उठाया था। कांग्रेस नेता ने कहा था कि कार्यकर्ता की जान को खतरा हो सकता है और सरकार को उन्हें सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए। देसाई ने विधानसभा में बताया था, जरांगे को पहले भी सशस्त्र सुरक्षा प्रदान की गई थी। यदि जरूरत पड़ी तो सुरक्षा बढ़ाई जाएगी। यह मामला तब सामने आया जब ग्रामीणों ने दावा किया कि उन्होंने सरपंच कौशल्याबाई तरख के घर के ऊपर ड्रोन कैमरा उड़ते देखा, जहां जरांगे ठहरे हुए हैं।

# चंद्रबाबू नायडू मिले प्रधानमंत्री से आंध्र प्रदेश के विकास पर हुई चर्चा



नई दिल्ली में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर राज्य के विकास पर चर्चा करते हुए। ● एजेंसी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और उनके साथ राज्य के विकास से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर हुई चर्चा को रचनात्मक बताया।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में हुई इस मुलाकात के दौरान नायडू ने आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा देने के बदले केंद्रीय सहायता बढ़ाने की वकालत की। सूत्रों ने बताया कि भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार में महत्वपूर्ण सहयोगी तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख ने राज्य के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे और इन पर केंद्र सरकार का सहयोग मांगा। मुलाकात के बाद उन्होंने मोदी के नेतृत्व में आंध्र प्रदेश के, राज्यों के बीच एक पावरहाउस के रूप में फिर से उभरने की क्षमता पर विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने प्रदेश के कल्याण और विकास से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।

# चुनाव प्रक्रिया का वीडियो उपलब्ध कराने संबंधी याचिका खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के फतेहपुर सीकरी और अलीगढ़ लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग उपलब्ध कराने की मांग करने वाली याचिकाओं को बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया।

न्यायमूर्ति पुरुषेन्द्र कुमार कौरव ने कहा कि केवल इसलिए कि भारतीय निर्वाचन आयोग का कार्यालय दिल्ली में है, यहां उच्च न्यायालय में याचिका पर विचार करने का कोई कारण नहीं है, जब सभी ''अभिन्न और आवश्यक तथ्य'' इसके अधिकार क्षेत्र से बाहर हैं। याचिकाकर्ता बिजेंद्र सिंह और रामनाथ सिंह ने इस आधार पर वीडियो फुटेज की मांग की थी कि उन्होंने मतगणना प्रक्रिया के दौरान कुछ अनियमितताएं देखी थीं। बिजेंद्र और रामनाथ ने क्रमशः अलीगढ़ और फतेहपुर सीकरी से 2024 का चुनाव लड़ा था। दोनों को चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा, ''इसमें कोई विवाद नहीं है कि याचिकाकर्ता फतेहपुर सीकरी और अलीगढ़ में लोकसभा चुनाव के संबंध में उत्तर प्रदेश के अधिकार क्षेत्र में वीडियोग्राफी प्राप्त करना चाहते हैं। यह चुनाव उत्तर प्रदेश में हुआ था। वीडियो रिकॉर्डिंग भी उत्तर प्रदेश में ही हुई है। दोनों मामलों में याचिकाकर्ता उत्तर प्रदेश राज्य से हैं।

# असल परजीवी भाजपा है, कई क्षेत्रीय दलों को खा गई: रमेश



● कांग्रेस महासचिव ने भाजपा पर किया पलटवार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परजीवी वाली टिप्पणी को लेकर बृहस्पतिवार को उन पर पलटवार करते हुए कहा कि सही मायने में भाजपा परजीवी हैं क्योंकि उसका अब तक यह इतिहास रहा है कि उसने कई क्षेत्रीय दलों को खत्म कर दिया। उन्होंने संसद सत्र के समापन के बाद बातचीत में यह भी कहा कि 18वीं लोकसभा के पहले सत्र ने दिखाया है कि 'इंडिया' गठबंधन के रूप में एक नया और आक्रामक विपक्ष उभरा है।

रमेश ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने सत्र की शुरुआत से पहले सर्वसम्मति की बात की, लेकिन सदन के भीतर टकराव का रास्ता चुना। उन्होंने कहा, 18वीं लोकसभा के पहले सत्र में लोकसभा और राज्यसभा में निश्चित रूप से दो चीजें देखी गईं। 'इंडिया' गठबंधन के रूप में एक नया, आक्रामक, पुनर्जीवित विपक्ष सामने आया है जो लोकतंत्र में होना चाहिए। लेकिन साथ ही, हमने 'नॉन-बायोलॉजिल प्रधानमंत्री' के रवैये, दृष्टिकोण, व्यवहार में कोई बदलाव नहीं देखा। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि 2024 का चुनाव परिणाम प्रधानमंत्री मोदी के लिए एक व्यक्तिगत, राजनीतिक और नैतिक हार थी, लेकिन जिस तरह से उन्होंने संसद को संचालित करने की अनुमति दी, उससे यह प्रतिबिंबित नहीं हुआ। रमेश ने कहा, उन्होंने (मोदी ने) संसद के बाहर सर्वसम्मति का आह्वान किया, लेकिन संसद के भीतर टकराव का विकल्प चुना।

# हिमाचल में कई स्थानों पर भारी बारिश, 85 सड़कें बंद

**शिमला/ मंडी, एजेंसी**

हिमाचल प्रदेश में कई स्थानों पर भारी बारिश होने के बाद 85 सड़कें यातायात के लिए बंद कर दी गईं। मौसम विभाग के शिमला कार्यालय ने बृहस्पतिवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया और शुक्रवार तक अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने, कुछ स्थानों पर बिजली गरजने और मंडी, सिरमौर व शिमला जिलों के कुछ इलाकों में अचानक बाढ़ आने की चेतावनी दी।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, बारिश के कारण मंडी में 59, शिमला में 21 और कांगड़ा में एक सड़क समेत 85 सड़कें यातायात के लिए बंद कर दी गईं। राज्य में 17 ट्रांसफार्मर भी प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि चंडीगढ़-मनाली चार लेन वाली सड़क का एक हिस्सा मंडी से पंडोह के बीच धंस गया, जिसके कारण केवल एक तरफ यातायात की अनुमति दी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लाखों रुपये खर्च करके 'रिटेनिंग वाल' (चट्टानों अथवा बड़े पत्थरों को गिरने से रोकने के लिए) बनाई गई थी, लेकिन अब यह धंसने लगी है और करीब दो फुट नीचे चली गई है।

### असम में बाढ़ से बिगड़े हालात, 29 जिलों में 16.50 लाख लोग प्रभावित

**गुवाहाटी।** असम में बाढ़ से लगातार हालात बिगड़ते जा रहे हैं और बृहस्पतिवार को राज्य की प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। एक आधिकारिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। बुलेटिन में बताया गया कि बाढ़ के कारण राज्य के 29 जिलों में 16 .50 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। ब्रह्मपुत्र, दिगारू और कोलोंग नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। वहीं, कामरूप (मेट्रो) जिले में अलर्ट जारी किया गया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा बृहस्पतिवार को गुवाहाटी के मालीगांव, पांडु पोर्ट और मंदिर घाट के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर सभी जिला आयुक्तों के साथ बाढ़ की स्थिति पर एक बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित लोगों को जल्द से जल्द राहत पहुंचाने का निर्देश दिया है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे 15 अगस्त से पहले सभी पुनर्वास दावों को मानदंडों के अनुसार पूरा करें।



कामरूप (असम) में बाढ़ के दौरान अपना सामान नाव पर रखकर सुरक्षित स्थान पर ले जाते लोग। ● एजेंसी

## खंडवा से इंडियन मुजाहिदीन का आंतकी गिरफ्तार

**भोपाल/खंडवा।** मध्यप्रदेश के आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने आज खंडवा से प्रतिबंधित संगठन इंडियन मुजाहिदीन (आईएम) से जुडे एक आतंकी फैजान को गिरफ्तार कर लिया। उसकी लोन वुल्फ अटैक की योजना थी और उसके निशाने पर सुरक्षा बल के जवान थे। पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) एटीएस डॉ आशीष ने आज यहां पुलिस मुख्यालय में पत्रकारों को जानकारी दी कि मध्यप्रदेश एटीएस द्वारा तड़के चार बजे खंडवा से प्रतिबंधित संगठन इंडियन मुजाहिदीन (आईएम) से जुड़े आतंकी फ़ैज़ान शेख (34) को उसके निवास कंजर मोहल्ला सलूजा कॉलोनी खंडवा पर दबिश देकर गिरफ्तार किया है।

# बीआरएस सरकार के दौरान न्यायाधीश के परिवार पर रखी गई निगरानी

**हैदराबाद, एजेंसी**

तेलंगाना फोन टैपिंग मामला

फोन टैपिंग मामले के आरोपियों ने तेलंगाना की पिछली भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सरकार के कार्यकाल में उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश और उनके परिवार सहित कुछ राजनीतिक नेताओं तथा कई अन्य लोगों के मोबाइल फोन पर निगरानी रखी थी। हैदराबाद पुलिस ने तेलंगाना उच्च न्यायालय में दाखिल जवाबी हलफनामा में यह दावा किया।

पुलिस ने यह भी उल्लेख किया कि आरोपी पुलिस अधिकारियों ने कांग्रेस नेता एवं मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और अन्य के फोन नंबर के सीडीआर (कॉल डिटेल रिकॉर्ड) और इंटरनेट प्रोटोकॉल डिटेल रिकॉर्ड प्राप्त किए थे। इसके मुताबिक आरोपियों ने रेवंत रेड्डी के परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों, करीबियों और पार्टी सहयोगियों की प्रोफाइल तैयार की थी। हैदराबाद पुलिस ने विशेष खुफिया ब्यूरो के निलंबित पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी), दो अपर पुलिस अधीक्षक और पूर्व पुलिस आयुक्त सहित छह के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। इन अधिकारियों को 13 मार्च को विभिन्न इलेक्ट्रानिक गैजेट से डेटा को कथित तौर पर मिटाने और पूर्ववर्ती बीआरएस सरकार के कार्यकाल में फोन टैपिंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

# एनआईए ने तीन आरोपियों के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

2022 भूपतिनगर धमाका

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पश्चिम बंगाल के भूपतिनगर में 2022 में हुए धमाके के सिलसिले में बृहस्पतिवार को तीन लोगों के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दाखिल किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले में दो दिसंबर 2022 को तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी की रैली के नजदीक एक घर में धमाका होने से तीन लोग मारे गए थे। एनआई ने कोलकाता की विशेष अदालत के समक्ष आरोप पत्र दाखिल किया है जिसमें पंचानन घोराय, मनोब्रत जना और बलाई चरण मैती के अलावा मृतकों राज कुमार मन्ना, विश्वजीत गायेन और बुद्धदेव मन्ना को नामांकित किया गया है। एनआईए ने बताया कि घोराय जमानत पर है जबकि जना और मैती न्यायिक हिरासत में। एजेंसी के मुताबिक राज कुमार मन्ना, बुद्धदेव मन्ना और गायेन के खिलाफ कार्यवाही रोक दी गई है। संघीय एजेंसी के प्रवक्ता ने बताया, सभी छह नामजद आरोपी 2 दिसंबर, 2022 को नरुआबिला गांव में हुए बम विस्फोट से संबंधित आपराधिक साजिश में सक्रिय रूप से शामिल पाए गए। एजेंसी ने पिछले वर्ष 4 जून को राज्य पुलिस से जांच का जिम्मा संभाला था और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत आरोपपत्र दाखिल किया था।

## तमिलनाडु में घर ढहाए जाने के विरोध में युवक ने किया आत्मदाह

**चेन्नई।** तमिलनाडु में एक युवक ने गुरुवार को तिरुवल्लूर जिले में गुम्मिदीपोंडी के पास नेताजी नगर में अपने घर को ढहाए जाने के विरोध में राजस्व विभाग कार्यालय के सामने आत्मदाह कर लिया जिससे वह 50 प्रतिशत झुलस गया। पट्टाली मक्कल कच्ची (पीएमके) और भाजपा ने इस तोड़फोड़ की निंदा की। अधिकारियों ने तोड़फोड़ अभियान शुरू कर दिया है और नेताजी नगर में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करके कथित रूप से निर्मित आवासीय संपत्तियों को हटाने का काम चल रहा है। पुलिस कर्मियों की एक बड़ी टुकड़ी के साथ राजस्व विभाग के अधिकारियों की एक टीम आदि द्रविड़ और आदिवासी विभाग से संबंधित सरकारी भूमि पर लगभग 50 घरों को ढहाने में शामिल थी।

भोजशाला का मामला | मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने 10 दिन की दी मोहलत

# सर्वेक्षण की पूरी रिपोर्ट 15 तक पेश करे एएसआई

**इंदौर, एजेंसी**

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने धार के भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर के सर्वेक्षण की रिपोर्ट पेश करने के लिए बृहस्पतिवार को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को 10 दिन की मोहलत दी। अदालत ने आदेश दिया कि एएसआई 11वीं सदी के इस विवादित स्मारक के परिसर में करीब तीन महीने चले सर्वेक्षण की पूरी रिपोर्ट 15 जुलाई तक प्रस्तुत करे।

उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ के पिछले आदेश के मुताबिक एएसआई को इस परिसर के सर्वेक्षण की संपूर्ण रिपोर्ट दो जुलाई तक पेश करनी थी,



लेकिन केंद्र सरकार के इस विभाग ने दो जुलाई को ही अर्जी दायर करते हुए यह रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए उच्च न्यायालय से चार सप्ताह का समय मांगा था। इस अर्जी में मुख्य तौर पर यह दलील दी गई थी कि हैदराबाद के राष्ट्रीय भू-भौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई) ने इस विवादित परिसर के ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार (जीपीआर)-ज्योग्राफिक इन्फर्मेशन सिस्टम (जीआईएस) सर्वेक्षण के दौरान जमा किए गए विशाल डेटा का अध्ययन करके अंतिम रिपोर्ट पेश करने के लिए एएसआई से तीन सप्ताह का समय मांगा है। न्यायमूर्ति सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी और न्यायमूर्ति दुप्पला वेंकटरमणा की पीठ ने इस अर्जी पर सुनवाई करते हुए कहा कि एएसआई को पहले ही पर्याप्त समय दिया जा चुका है।

एएसआई के वकील ने जब उच्च न्यायालय से मोहलत दिए जाने की गुहार दोहराई, तो युगल पीठ ने आदेश दिया कि भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर के सर्वेक्षण की पूरी रिपोर्ट 15 जुलाई तक अदालत में पेश की जाए और इसकी प्रति सभी संबद्ध पक्षों को भी प्रदान की जाए। सुनवाई के दौरान एएसआई की ओर से अदालत को बताया गया कि उसने इस परिसर का सर्वेक्षण पूरा कर लिया है। वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद ने मुस्लिम पक्ष की मौलाना कमालुद्दीन वेलफेयर सोसायटी की ओर से पैरवी करते हुए कहा कि एएसआई को अदालत में इस सिलसिले में स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए कि सर्वेक्षण खत्म होने के बाद वह विवादित परिसर में आगे कोई खुदाई नहीं करेगा। इस पर एएसआई के वकील हिमांशु जोशी ने कहा कि इस परिसर में कोई खुदाई नहीं की जा रही है, बल्कि मैदान को समतल किया जा रहा है ताकि बारिश में जमा होने वाले पानी से इस स्मारक को कोई नुकसान नहीं पहुंचे।

पर्जन्यनाथा: पशवो राजानो मन्त्रिबान्धवा:।
पतयो बान्धवा: स्त्रीणां ब्राह्मणा वेदबान्धवा: ॥

पशुओं के रक्षक बादल होते है, राजा के रक्षक उसके मंत्री, पत्नियों के रक्षक उनके पति तथा वेदों के रक्षक ब्राह्मण (ज्ञानी पुरुष) होते हैं।


## संपादकीय

# भारत और एससीओ

आतंकवाद का विश्व और विशेष रूप से भारत पर गहरा प्रभाव पड़ा है। भारत विभिन्न आतंकवादी संगठनों द्वारा की गई आतंकवादी कार्रवाइयों से प्रभावित हो रहा है। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन में गुरुवार को भारत ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से उन देशों को अलग-थलग करने और बेनकाब करने को कहा जो आतंकवादियों को प्रश्रय देते हैं। भारत ने चीन और पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर आतंकवाद को बेलगाम छोड़ दिया गया तो यह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी शामिल हुए। बता दें चीन ने अक्सर पाकिस्तान के वांछित आतंकवादियों को काली सूची में डालने के लिए संयुक्त राष्ट्र में प्रस्तुत प्रस्तावों को अवरुद्ध किया है। भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने कहा कि सीमापार आतंकवाद के लिए निर्णायक प्रतिक्रिया चाहिए और आतंकवाद के वित्तपोषण तथा भर्ती से दृढ़ता से निपटना होगा। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि एससीओ के सदस्य देशों की सुरक्षा संगठन की प्राथमिकता बनी हुई है और इस कार्य को पूरा करने के लिए क्षेत्रीय आतंकवाद रोधी संरचना में बदलाव लाया जाएगा। गौरतलब है कि एससीओ भारत को मध्य एशियाई देशों के साथ आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान करता है, जिनके पास प्राकृतिक संसाधनों का विशाल भंडार है। यह प्रभावशाली आर्थिक और सुरक्षा समूह बनकर उभरा है।

यह एक राजनीतिक, आर्थिक और सैन्य संगठन है, जिसका लक्ष्य क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखना है। एससीओ में ऐसे सदस्य देश शामिल हैं, जो भिन्न-भिन्न राजनीतिक प्रणालियां, आर्थिक मॉडल और रणनीतिक प्राथमिकताएं रखते हैं। इससे आर्थिक सहयोग और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर आंतरिक संघर्षों एवं असहमतियों की संभावना बनती है। 2001 में शुरू हुए एससीओ के वर्तमान सदस्यों में चीन, रूस, भारत, पाकिस्तान, कज़ाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल हैं। ईरान 2023 में पूर्ण सदस्य बन गया और बेलारूस को अस्ताना बैठक के दौरान शामिल किया गया। आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद वे प्रमुख खतरे हैं जिन पर एससीओ विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करता है। संगठन का आतंकवाद विरोधी सहयोग पर विशेष ध्यान है लेकिन इसके आंतरिक अंतर्विरोध चिंता के कारण हैं और सदस्य देशों के बीच संघर्ष को रोकना एससीओ के लिए उच्च प्राथमिकता का विषय है। फिर भी भारत को इस क्षेत्र में आतंकवाद से निपटने के लिए संगठन के सामूहिक प्रयासों से लाभ प्राप्त हो सकता है।

# भीड़ प्रबंधन विज्ञान की पृष्ठभूमि में हाथरस हादसा



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> रणनीति के नाम पर हम जीरो तो नहीं हैं, लेकिन रिलीजियस गैदरिंग्स के मौके पर पुलिस अकसर यह सोचकर बेपरवाह हो जाती है कि किसी बाबा या धार्मिक संस्थान द्वारा आयोजित किए गए मेले, प्रवचन या एक सामूहिक इवेंट के दौरान लोगों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए इनके वालंटियर पर्याप्त होंगें।

हाथरस में भगदड़ में मारे गए लोगों और घायलों के समाचारों को सरसरी तौर से देखने पर पाया कि इसमें भीड़ प्रबंधन के वैज्ञानिक अनुसंधान के बारे बात नहीं की गई है। भारत में किसी भी स्तर पर-पुलिस, गृह विभाग और अन्य संबद्ध विभागों जैसे कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के पास भीड़ प्रबंधन के लिए रोड मैप नहीं है।

क्राउड फोरकास्टिंग एंड मैनेजमेंट जैसे वैज्ञानिक अनुसंधान के मुद्दे हमारे पुलिस और गृह विभाग की प्राथमिकताओं की सूची में है ही नहीं, जो भी उपाय व्यवहार में लाए जा जाते हैं वे भीड़ की हिंसक और ध्वंसात्मक प्रवृत्ति को रोकने के लिए हैं। इनके इस्तेमाल करने की ट्रेनिंग और संसाधनों की प्रकृति (एप्रोच और यूटिलाइजेशन) वही पुराने ढर्रे या कॉलोजियल टाइम्स की है, जबकि इक्कीसवीं सदी में पुलिस सुधार लागू किए जाने के बाद भी पुरानी तकनीक का इस्तेमाल जारी है। भीड़ प्रबंधन से संबंधित जो शोध हुई हैं, उससे हमारे पॉलिटिशियन्स अधिक वाकिफियत नहीं रखते जबकि राजनीतिक रैलियां और धार्मिक कार्यों के नाम पर कुछ हज़ार से लेकर लाखों लोग भीड़ के रूप आज भी नई कांफ्रेंसिंग और पब्लिक एड्रेस सिस्टम्स मोबाइल फोन टेक्नोलॉजीज, विडियो कॉन्फ्रेंसिंग, सेटेलाइट कनेक्टिविटी, के आगाज के बाद इनके प्रयेग से या तो अधिक परिचित नहीं हैं या इन तक सबकी पहुंच नहीं है। भारत में पुलिस और सिविल अथॉरिटीज का एक्सपोजर क्राउड के साइंटिफिक मैनेजमेंट में किस स्तर का है इस बारे कोई डेटा उपलब्ध नहीं है।

रणनीति के नाम पर हम जीरो तो नहीं हैं, लेकिन रिलीजियस गैदरिंग्स के मौके पर पुलिस अकसर यह सोचकर बेपरवाह हो जाती है कि किसी बाबा या धार्मिक संस्थान द्वारा आयोजित किए गए मेले, प्रवचन या एक सामूहिक इवेंट के दौरान लोगों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए इनके वालंटियर पर्याप्त होंगें। हमारे कुछेक संस्थानों और स्वतंत्र अध्येताओं ने क्राउड कंट्रोल एंड स्ट्रेटेजिक इंटरवेंशन को लेकर अध्ययन किया है। प्रयागराज में सन 2019 में आयोजित अर्द्ध-कुंभ मेले के दौरान किए गए अध्ययन क्राउड मैनेजमेंट एंड स्ट्रेटेजीज फॉर सिक्यूरिटी एंड स्वायलेंस ड्यूरिंग द लार्ज मास गैदरिंग इवेंट्स -द प्रयागराज कुंभ मेला 2019 एक्सपीरियंस का प्रकाशन प्रयागराज स्थित नेशनल एकेडमी ऑफ़ साइंसेज के जर्नल नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज लेटर्स में सन 2022 के मई-जून अंक में किया गया। इस और अन्य जर्नल्स में प्रकाशित अध्ययनों के नोटिस भीड़ प्रबंधन एजेंसीज ने लिया या नहीं, इसका कोई फीडबैक उपलब्ध नहीं है और न ही इसका कोई व्यावहारिक स्वरुप सार्वजनिक प्लेटफ़ॉर्म्स पर दिखाई दिया है।

> हाथरस और इससे पहले हुए अनेक हादसों से पहले यह आकलन किया ही नहीं गया था कि जनसमूह का आकार कितना विशाल होगा और उपलब्ध या सीमित स्थान में आकर इसके जमा होने या बैठने की क्षमता है या नहीं और गड़बड़ होने के बाद इसे काबू में रखने का क्या तकनीकी और वैज्ञानिक उपाय तय किया गया है।

हाथरस और इससे पहले हुए अनेक हादसों से पहले यह आकलन किया ही नहीं गया था कि जनसमूह का आकार कितना विशाल होगा और उपलब्ध या सीमित स्थान में आकर इसके जमा होने या बैठने की क्षमता है या नहीं और गड़बड़ होने के बाद इसे काबू में रखने का क्या तकनीकी और वैज्ञानिक उपाय तय किया गया है। जनसमूह का आकार अगर धीरे-धीरे बढ़ता है और इसका पूर्वाकलन नहीं किए जाने से संख्या बेतहाशा बढ़ती जाए, जैसा कि हाथरस में हुआ, तब इमरजेंसी मैनेजमेंट के अंतर्गत जो करना चाहिए वह भी संभव नहीं हो पाता। बैरिकेड्स लगाकर भीड़ को नहीं रोका जा सकता और फेंसिंग को तो उग्र भीड़ नाराज़ होकर तोड़ देती है।

किसान आंदोलन के समय दिल्ली में शंभू बॉर्डर बैरिकेड्स पर ऐसा हुआ था। इस स्थिति में फिजिकल और साइकोलॉजिकल उपाय भी अकसर फेल हो जाते हैं। प्रबंधन करने वालों के स्थल की जियोग्राफी और मानव समूह की प्रकृति का ठीक से अध्ययन न किए जाने से इमरजेंसी मेडिकल उपाय भी अमल में नहीं लाए जा सकते। भीड़ नियंत्रण के लिए शास्त्रीय ज्ञान का सृजन करने वाले हमारे मनीषी कहते हैं कि मेले में आए हुए लोगों को मंथर गति से चलना चाहिए, आने और जाने के रास्ते अलग होने चाहिए ताकि लोग आपस में टकराए नहीं। वीआईपी लोगों को जनसमूह जहां जमा है उस रास्ते से बाहर की ओर प्रस्थान नहीं करके पीछे के रास्ते से तुरंत निकल जाना चाहिए, लेकिन मामला हाथरस जैसा हो या कहीं और का, जनसमूह को अभिवादन करते हुए, जयजयकार सुनने की लालसा रखने वाले अधिकतर लोग भीड़ की ओर से निकलने को प्राथमिकता देते रहे हैं। हाथरस में कीचड़ वाले अस्थायी स्थल पर डेढ़ से दो लाख जन कुछ ही समय में इकट्ठा हुए तब प्रबंधन के लिए पूर्व सूचना के बिना समग्र इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली की स्थापना करना कैसे संभव हो सकता था। वह भी तब जब भीड़ प्रबंधन का एबीसी भी न जानने वालों ने इस आयोजन की इजाजत दी हो? अगर नगराधीश या पुलिस कप्तान को असामान्य रूप से विशाल भीड़ की जानकारी विलंब से मिली तब ड्रोन-निगरानी को तो एक्टिवेट किया ही जाना चाहिए था।

सन 2013 में एल्सेविएर ने ह्यूमन स्टैंपीड्स ड्यूरिंग रिलीजियस फेस्टिवल्स ए कम्पेरेटिव रिव्यु ऑफ़ मास गैदरिंग इमरजेंसीज इन इंडिया नाम से एक अध्ययन का प्रकाशन किया, जिसमें बताया गया कि सन 1980 से 2007 के बीच विश्व में अनेक स्थानों पर हुई भगदड़ की 215 घटनाओं में 7069 लोगों की मृत्यु हुई थी और 14000 लोग घायल हुए। भारत में भीड़ के प्रोफाइल की। ठसाठस भरे हुए स्थायी या अस्थायी पंडाल में कई घंटों तक लगभग एक ही मुद्रा में बैठे हुए लोग समापन के समय एक साथ उठते हैं और शारीरिक अकड़न और ऊब से छुटकारा पाने के लिए तत्काल बाहर की ओर प्रांगण अथवा मार्ग पर आने में जल्दबाजी करते हैं। प्रतिष्ठित या लोकप्रिय व्यक्ति की छवि पाने के लिए निकट पहुंचने के लिए मुकाबला करते हुए निकट उपस्थित मनुष्यों को धकियाते हैं, तब भीड़ में मनुष्यों के शरीर सामूहिक तौर पर एक खतरनाक और ताकतवर फ्लूइड की तरह आचरण करते हैं और मार्ग में आने वाले अवरोधों को अचानक प्रकट हुई इसकी ताकतवर धारा के तले रौंदते हुए आगे बढ़ जाना चाहते हैं। इस डायनामिक्स के अंतर्गत ताकत का जो विस्फोट अचानक होता है उसके तले मानव शरीर ही कुचले जाते हैं। उपरोक्त के संबंध में यह जानना रोचक है कि सेरेंघेटी नेशनल पार्क, केन्या में लाखों की संख्या में जंगली पशुओं के सालाना माइग्रेशन के दौरान लाखों की संख्या में होने से इनकी भीड़ और फास्ट मूवमेंट और आकाश में विचरण करने वाले स्टर्लिंग पक्षियों की सामूहिक, सुरक्षित उड़ान के ब्योरे शोधकर्ताओं ने इकट्ठा क्यों किए? उद्देश्य था इन जीवों में क्राउड कंट्रोल की डायनामिक्स को समझने के लिए सैंकड़ों प्रकार की सूचना जुटाना। भीड़ में मनुष्य की मंथर चाल और गतिमय रहकर परस्पर संवाद करने की प्रवृत्ति का भी अध्येताओं ने रिकॉर्ड रखा है। भगदड़ मचने के दौरान अनियंत्रित, भयभीत जनों के रक्त में एड्रिनालिन नामक हार्मोन का स्तर उच्च पाया गया। ऐसे में लोग होश खो देते हैं। इन दोनों का तत्काल तोड़ किसी भी वैज्ञानिक के पास नहीं है सिवा इसके कि रिस्क को मिनीमाइज करने के उपाय पहले से किए जाने जरूरी हैं।

भारत के नेशनल क्राइम रिकार्ड्स ब्यूरो और गृह मंत्रालय में इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी डिवीज़न सन 1996 से दुर्घटना में मारे गए लोगों और मृत्यु के कारणों का डेटा रखने लगा है। क्राउड कण्ट्रोल स्ट्रेटेजीज के संबंध में जो 13 वैज्ञानिक अध्ययन मैंने देखे हैं इनके निष्कर्षों के आधार पर भविष्य में भगदड़ में मरने वालों की सुरक्षा के लिए पुलिस और गृह विभाग के अलावा डिस्ट्रिक्ट अथॉरिटीज को वैज्ञानिक जानकारी को शेयर करने के अलावा प्रबंधन विज्ञान के नाते से बंदोबस्त को अधिक तकनीकीमय बनाना होगा। भीड़ के साइज का पूर्वानुमान लगाने के लिए रियल-टाइम मैनेजमेंट करना जरूरी होगा, जिसके लिए आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस टेक्नीक्स का इस्तेमाल अपरिहार्य है। आयोजनकर्ता के साथ बैठकर आयोजन के उद्देश्य -जैसे कि धार्मिक या मनोरंजन, पॉलिटिकल या जॉब मेला, प्रतियोगी परीक्षा या कुछ और को स्पष्ट करना होगा। उक्त 13 स्टडीज का निष्कर्ष लोगों में भय पैदा करना, उनसे सख्ती से पेश आना, दुर्व्यवहार करना या रोकना नहीं, बल्कि पिछले हादसों से सबक लेते हुए इनकी संभावना को टालना और जोखिम को कम करना या रिस्क को कम करना होना चाहिए, जिसके लिए ट्रैफिक मूवमेंट डिज़ाइनर्स, साइकोलोजिस्ट्स, क्राउड कण्ट्रोल एक्सपर्ट्स और हाई टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल में दक्ष लोगों को साथ रखने की सिफारिश की गई है।

## प्रसंगवश

# विश्वास बनाम अंधविश्वास

धर्म क्षेत्र में श्रद्धा और विश्वास का बड़ा महत्व है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। गोस्वामी तुलसीदास ने भी प्रतिपादित किया है, "श्रद्धा बिना धर्म नहिं होई। बिनु महि गंध कि पावहि कोई"।। उन्होंने तो भगवान शंकर और माता पार्वती को ही श्रद्धा और विश्वास का मूर्तिमान रूप बता दिया। "भवानी शंकरौ वंदे श्रद्धा विश्वास रूपिणौ'। ऐसे में साधक या भक्त को यह सलाह नहीं दी जा सकती कि विश्वास करो ही नहीं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

आज सामान्य भक्त और श्रद्धालु को अपने विवेक और बुद्धि का ही इस्तेमाल करना होगा। उसे देखना होगा कि कौन साधु, धर्माचार्य, प्रवचनकर्ता या मठाधीश सच्चा है और कौन पाखंडी। स्वर्ग और मोक्ष प्राप्ति तथा असीमित मनोकामनाओं की पूर्ति हेतु आम आदमी हर कथित साधु या धर्माचार्य के बहकावे में आ जाता है और अंधविश्वास करके अभीष्ट प्राप्ति हेतु वहां पहुंच जाता है। जब भीड़ ज्यादा होगी तो कोई भी व्यवस्था चरमरा ही जाएगी। ऐसे धार्मिक जन समूहों पर नियंत्रण करने और उन्हें अनुशासन में रखने हेतु प्रशासन व पुलिस सहसा बल प्रयोग भी नहीं कर सकते। अतः हादसे तो हो ही सकते हैं। क्या ये श्रद्धालु यह नहीं देखते कि जो बाबा, जोगी, धर्मांधी खरबों का साम्राज्य खड़ा किए हैं, चमचमाती मंहगी कारों और वायुयान से चलते हैं, जिनकी अपनी सेना है, जिन पर चारित्रिक आक्षेप भी लगते हैं, वैराग्य, ज्ञान, भक्ति, त्याग और अपरिग्रह का पाठ क्या पढ़ाएंगे? जो रजोगुण में डूबे हैं, वे साधक को सतोगुणी कैसे बनाएंगे? "बहु दाम सवांरहिं धाम जती। विषया हरि लीन न रहि विरती", लेकिन लोग स्वर्गादि प्राप्ति और मनोकामना पूर्ति हेतु जाते जरूर हैं और बहुधा बड़ी संख्या में काल कवलित हो जाते हैं।

भारी मन से यह कहना पड़ रहा है कि ऐसी घटनाओं के लिए कुछ हद तक श्रद्धालुओं का अंध विश्वास भी उत्तरदायी है। इसका मतलब यह नहीं कि ऐसे बाबा, कार्यक्रम आयोजक और प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेंगे। वे तो उत्तरदायी हैं ही और दंडित किए ही जाने चाहिए, लेकिन धर्मांधता भी आत्म नियंत्रित की जानी चाहिए।

# बैंकिंग क्षेत्र बेहतर करने को तैयार एआई



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

> एआई एल्गोरिदम वास्तविक समय में लेनदेन की निगरानी करते हैं, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान करते हैं और संभावित धोखाधड़ी को चिह्नित करते हैं।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) वैश्विक स्तर पर उद्योगों में क्रांति ला रहा है और बैंकिंग क्षेत्र भी इसका अपवाद नहीं है। भारत में जहां बैंकिंग प्रणाली अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, एआई का एकीकरण पारंपरिक बैंकिंग प्रथाओं को महत्वपूर्ण रूप से बाधित करने के लिए तैयार है। भारतीय बैंकिंग में एआई की शुरुआत 2010 की शुरुआत में हुई जब वित्तीय संस्थानों ने परिचालन दक्षता और ग्राहक सेवा बढ़ाने के लिए एआई की खोज शुरू की।

प्रारंभ में एआई एप्लीकेशन धोखाधड़ी का पता लगाने, जोखिम प्रबंधन और डेटा एनालिटिक्स जैसे बैक एंड संचालन तक सीमित थे। जैसे-जैसे प्रौद्योगिकी विकसित हुई, बैंकों ने अधिक परिष्कृत कार्यों के लिए एआई का उपयोग करना शुरू कर दिया। एआई संचालित डेटा एनालिटिक्स टूल ने बैंकों को ग्राहक व्यवहार और प्राथमिकताओं में गहरी अंतर्दृष्टि प्राप्त करने में मदद की। चैटबॉट्स और वर्चुअल असिस्टेंट की तैनाती ने भारतीय बैंकों द्वारा एआई अपनाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर चिह्नित किया। एचडीएफसी बैंक का "ईवा" आईसीआईसीआई बैंक का "आईपाल" और एसबीआई का "एसआईए" उल्लेखनीय उदाहरण हैं। ये एआई-संचालित इंटरफेस चौबीसों घंटे ग्राहक सहायता प्रदान करते हैं। नियमित पूछताछ और लेनदेन को कुशलतापूर्वक संभालते हैं।

एआई संचालित वैयक्तिकरण इंजन अनुरूप वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की पेशकश करने के लिए ग्राहक डेटा का विश्लेषण करते हैं। इसने प्रासंगिक और समय पर समाधान प्रदान करके ग्राहकों की संतुष्टि और वफादारी में सुधार किया है। चैटबॉट और वर्चुअल असिस्टेंट अब ग्राहक इंटरैक्शन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा संभालते हैं। प्रतीक्षा समय को कम करते हैं और सेवा दक्षता में सुधार करते हैं। वे खाते की शेष राशि की पूछताछ, फंड ट्रांसफर और ऋण आवेदन जैसे कार्यों में सहायता करते हैं।

रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन (आरपीए) और एआई डेटा एंट्री, केवाईसी सत्यापन और अनुपालन जांच जैसे दोहराए जाने वाले कार्यों को स्वचालित कर रहे हैं। इससे परिचालन लागत और मानवीय त्रुटियां कम हो जाती हैं। एआई मॉडल सोशल मीडिया गतिविधि और लेनदेन इतिहास सहित डेटा बिंदुओं की एक विस्तृत श्रृंखला का विश्लेषण करके साख का आकलन करते हैं। इसने ऋण प्रसंस्करण को सुव्यवस्थित कर दिया है और वंचित आबादी के लिए ऋण को अधिक सुलभ बना दिया है।

एआई एल्गोरिदम वास्तविक समय में लेनदेन की निगरानी करते हैं, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान करते हैं और संभावित धोखाधड़ी को चिह्नित करते हैं। इस सक्रिय दृष्टिकोण ने धोखाधड़ी से संबंधित नुकसान को काफी कम कर दिया है। एआई संचालित जोखिम मूल्यांकन उपकरण संभावित जोखिमों की प्रारंभिक चेतावनी प्रदान करने के लिए बाजार के रुझान और आर्थिक संकेतकों का विश्लेषण करते हैं। इससे बैंकों को सूचित निर्णय लेने और जोखिमों को प्रभावी ढंग से कम करने में मदद मिलती है। भारतीय बैंकिंग में एआई का भविष्य प्रौद्योगिकी में प्रगति और बढ़ती स्वीकार्यता के साथ और अधिक व्यवधान का वादा करता है। हालांकि यह परिवर्तन चुनौतियों और विचारों के साथ आएगा।

एआई संचालित बैंकिंग में बदलाव के लिए कार्यबल को फिर से कुशल बनाने की आवश्यकता होगी। उभरते नौकरी बाजार में प्रासंगिक बने रहने के लिए कर्मचारियों को नई प्रौद्योगिकियों और एआई अनुप्रयोगों में प्रशिक्षण की आवश्यकता होगी। एआई भारतीय बैंकिंग क्षेत्र को बेहतर करने के लिए तैयार है, जो बेहतर ग्राहक अनुभव, परिचालन दक्षता और बेहतर जोखिम प्रबंधन जैसे कई लाभ प्रदान करता है। हालांकि इस परिवर्तन के लिए डेटा गोपनीयता, नैतिक विचारों, नियामक अनुपालन और कार्यबल संक्रमण से संबंधित चुनौतियों का समाधान करने की आवश्यकता होगी।

जैसे-जैसे एआई तकनीक का विकास जारी है, भारतीय बैंकों को जिम्मेदार और नैतिक उपयोग सुनिश्चित करते हुए नवाचार को अपनाना चाहिए। ऐसा करके, वे आने वाले वर्षों में विकास, समावेशिता और ग्राहक संतुष्टि को बढ़ावा देने के लिए एआई की पूरी क्षमता का उपयोग कर सकते हैं। भारतीय बैंकिंग में एआई की यात्रा अभी शुरू हुई है और भविष्य में एक स्मार्ट, अधिक कुशल वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए रोमांचक संभावनाएं हैं।

## सोशल फोरम

# धार्मिक अंधेरे की देन

21 वीं सदी में धार्मिक सुधार की आवाजों को पूरी तरह दबाकर धार्मिक पागलपन के लिए प्रोत्साहन तरह-तरह से बढ़ा है। उसका एक नतीजा हाथरस में एक सूट-बूटधारी भगवान के धार्मिक आयोजन में मची भगदड़ है, जिसमें 120 से अधिक व्यक्तियों की मौत हो गई। इसमें स्त्रियां ज्यादा मरीं, क्योंकि स्त्रियों तक सबसे कम स्वाधीनता पहुंची है, स्त्रीवाद पर चाहे जितनी गरम बहसें चलती रही हों।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

इसके पहले भी धार्मिक भगदड़ों में अनगिनत लोग मारे गए हैं। महाराष्ट्र (2005) के मंधार देवी मंदिर की भगदड़ में 340 श्रद्धालुओं की, राजस्थान (2008) के चामुंडा देवी मंदिर में 250 श्रद्धालुओं की, हिमाचल प्रदेश (2008) के नैना देवी मंदिर की भगदड़ में 162 भक्तों की जान गई है। श्रद्धालुओं की अंधी भीड़ के कारण जम्मू (2022), इंदौर (2023) आदि के मंदिरों की भगदड़ों में भी श्रद्धालु मारे जाते रहे हैं। आखिरकार हम अपने धर्म को कैसा बनाते जा रहे हैं कि इसमें भगवान के मंदिर में ही या धर्मसभाओं में इस तरह कुचले जाकर प्राण देना पड़ता है। हर तरफ धर्म का शोर बढ़ा है, पर यह भी नजर आता है कि लोग तरह-तरह से मारे जा रहे हैं। सौ-डेढ़ सौ साल पहले ऐसा नहीं था कि हिंदू ऐसे कुचले जाते हों। लोग अनपढ़ थे, पर ऐसी धार्मिक विमूढ़ता नहीं थी, ऐसा पागलपन न था, बल्कि 19 वीं-20 वीं सदी के उस दौर में धार्मिक रूढ़ियों से स्वाधीनता की भूख थी। भारत के लोगों की स्वाधीनता के मार्ग में कारपोरेट सभ्यता के अलावा दूसरी सबसे बड़ी बाधाएं हैं धार्मिक रूढ़ियां, अंधविश्वास और जाति प्रथा। जाति प्रथा खत्म हो जाए तो दहेज प्रथा भी समाप्त हो जाएगी।

कहना होगा कि ऐसी रूढ़ियों से मुक्ति के मार्ग में सबसे बड़ा रोड़ा सत्ता की वर्तमान राजनीति है। आज की सरकारें धार्मिक रूढ़ियों और अंधविश्वासों की सबसे बड़ी संरक्षक हैं। यदि हाथरस जैसी घटनाओं को रोकना है तो इसके लिए आम जनता को खुद आगे आकर अपनी निर्भीक आवाज बुलंद करनी होगी। यह इसलिए भी जरूरी है कि वह ईश्वर के प्रति अपनी आस्था को प्रदूषण मुक्त कर सके।

-फेसबुक वॉल से

# आपातकाल के दंश का भुक्त भोगी

(गतांक से आगे): आपातकाल के दंश ने इंदिरा कांग्रेस की सत्ता का अंत कर दिया था। केंद्र और प्रदेश दोनों का शासन छिन चुका था। उत्तर प्रदेश में रामनरेश यादव, मुख्यमंत्री पद पर आसीन हो चुके थे। उनके ही दल के नेता चौधरी चरण सिंह केंद्र में गृह मंत्री थे। लाल सिंह वर्मा उत्तर प्रदेश के पुलिस विभाग के सर्वोच्च पद 'महानिरीक्षक' के पद पर आसीन थे। उनके बरेली आगमन के समय मैं डीएसपी सिटी के पद पर नियुक्त था। इसी बीच जनपद गोरखपुर तथा वाराणसी में मेरे ज्येष्ठ पुलिस अधीक्षक रहे, विनोद कुमार जैन, डीआईजी बनकर नैनीताल रेंज का प्रभार ग्रहण कर चुके थे। दोनों स्थानों पर मुझको उनका विश्वास और स्नेहाशीष मिल चुका था। उन्होंने मेरी नियुक्ति तीसरी बार अपने अधीन जनपद पिथौरागढ़ का प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक करा लिया था।

तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक उत्तर प्रदेश लाल सिंह वर्मा से मेरी पहली भेंट बरेली में हुई थी। पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों ने उनसे मेरी जो प्रशंसा की थी, उससे वह बहुत प्रभावित थे। जाते समय अकेले में मेरी प्रशंसा करते हुए, उन्होंने मेरी शैक्षिक योग्यता एवं पारिवरिक बैकग्राउंड के विषय मे जानकारी ली थी। पिथौरागढ़ के जनपद पुलिस प्रभारी के पद पर कार्य करते हुए अभी लगभग चार माह ही हुए थे कि एक दिन श्री जैन का बुलावा आया। मेरे नैनीताल स्थित उनके आवास पर पहुंचने पर बताया कि "श्री वर्मा मुझको अपना डीए (डिप्टी असिस्टेंट) बनाना चाहते हैं। एक डिप्टी एसपी के लिए सम्मान की जगह है विशेष वेतन भी है।" मेरी समझ में नहीं आ रहा था कि क्या कहूं? श्री जैन ने बताया कि वहां पर मुझको पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों तथा शासन में प्रशासनिक उच्चाधिकारियों से भी अनायास संपर्क का सुअवसर मिलेगा। मेरे सामने ही उन्होंने श्री वर्मा से बातकर बता दिया कि मुझ को "उनके निकट सेवा के सौभाग्य पर प्रसन्नता है।" फिर मैं पिथौरागढ़ से आईजी ऑफिस (उस समय एडीजी/डीजी के पद स्वीकृत नहीं थे) लखनऊ आ गया था। बिना मेरी सहभागिता के माता प्रसाद आईएएस को बचाने के लिए "बरेली नाखून कांड" में मुझको बलि का बकरा बनाया गया। मेरी पूर्ण निर्दोषिता को पूरी तरह स्वीकार करते हुए भी भारतीय पुलिस सेवा के उच्चाधिकारी मौखिक सहानुभूति के अतिरिक्त मेरे लिए खुलकर नहीं आए।



डॉ.अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक, उप्र

यही नहीं अवतार नारायण कौल, डीआइजी बरेली रेंज भी बार-बार झूठा आश्वासन के अतिरिक्त मुझको दोष मुक्त करने का निर्णय देने का साहस नहीं दिखा सके, जबकि पीड़ित वीरेंद्र अटल एवं रमेश आनंद ने भी अपने बयानों में माता प्रसाद के आदेश पर हाकिम राय को उत्पीड़नकर्ता बताया था।

वैसे बनारसी दास के शिकायती पत्र में भी माता प्रसाद के स्पष्ट आदेश पर ही कोतवाल अमानवीय उत्पीड़न के कुकृत्य का आरोप लगाया था। श्री दास के अति संक्षिप्त शिकायती पत्र में, आरोप मात्र इतना ही था कि जिलाधिकारी माता प्रसाद के आदेश पर शहर कोतवाल (नाम नहीं था) ने वीरेंद्र अटल और रमेश आनंद को अमानवीय यातना दी थी। वैसे भी सर्वविदित तथ्य है कि भारतीय प्रजातंत्र में वास्तविक सत्ता भारतीय प्रशासनिक अधिकारियों (वह भी सीधी भर्ती के) के हाथों में ही है। मेरा यह अभिलेखिक/मौखिक प्रमाणिक तथ्यों के नितांत प्रतिकूल प्रमाणित उदाहरण इसका ज्वलंत उदाहरण है, क्योंकि अपनी फरियाद लेकर बार-बार उनके पास जाने और बुलाकर प्रेमपूर्वक बातें करने और मुझको निर्दोष होने का लिखित आश्वासन मात्र आश्वासन ही रह गया। डीए पद पर कार्यरत रहने (निलंबन के बावजूद) के आश्चर्यजनक उदाहरण के कारण मेरा सचिवालय में आना-जाना निर्बाध था।

कुछ दिनों के बाद मुझे लगने लगा था कि पीसीएस से आईएएस पदोन्नत दोनों अधिकारी प्रमुख सचिव गृह, श्री बिसेन और विशेष सचिव गृह राम चन्द्र टकरू अपनी मीठी बोली और झूठे आश्वासन से मुझको मात्र बरगला रहे थे। माता प्रसाद के पक्ष में सारा सचिवालय मानो उनको बचाने के लिए लामबंद था, क्योंकि मैंने प्रमुख न्यायिक मजिस्ट्रेट बरेली के न्यायालय में सही बयान देने का दुस्साहस कर दिया था। जैसा कि सत्य उच्चस्तरीय बैठक में रुहेलखंड के गांधी के नाम से सुख्यात श्री आजाद को घर से लाकर कोतवाल हाकिम राय को सौंपकर तुरंत जेल भेजने के निर्देश का 'पाप' स्वयं किया था। उनको कोतवाल के सुपुर्द दिन में लगभग दो-तीन बजे ही कर दिया था। किंतु कोतवाली पुलिस ने रात लगभग आठ बजे कुछ लोगों को टेलीफोन और बिजली का तार काटने एवं आपातकाल के विरुद्ध हिंसात्मक आंदोलन के लिए उकसाने में जेल भेजा था। श्री आजाद अपने विरुद्ध अभियोग में मुझको एक महत्वपूर्ण साक्षी के रूप में न्यायालय से बुलावा भिजवाने में सफल हुए थे। एसएसपी ने मेरी सहायता में असमर्थता व्यक्त कर दी थी। मैं जिला और सत्र न्यायाधीश मुरलीधर जी के घर जा पहुंचा। मेरी बात सुनकर उन्होंने सीजेएम को भी अपने घर पर ही बुला लिया। वहीं पर तय हुआ कि मैं सत्य का साथ दूं तथा उनको कोतवाली लाने तक की बात कहूं। प्रथम सूचना के विषय में सीजेएम मेरी मदद करेंगे और उसके सही-गलत होने पर प्रश्न नहीं पूछेंगे। यही हुआ भी। इससे श्री आजाद के मामले में सत्य की रक्षा भी हो गई, किंतु यही सच्चाई मेरे भविष्य के लिए घातक हो गई।

माता प्रसाद ने नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से कहलवाया कि यदि मैं न्यायालय में यह सशपथ बयान दे दूं कि श्रीमाता प्रसाद मेरी मौजूदगी में कोतवाली आए ही नहीं, न तो युवकों का उत्पीड़न हुआ, तो मैं तुरंत मेरी दोष मुक्ति का आदेश निर्गत हो जाएगा। किंतु मेरी मौजूदगी में मात्र आतंक-प्रचार के उद्देश्य से दोनों युवकों के साथ हुए अत्यंत क्रूर यातना की दारुण स्मृति ने ऐसा नहीं होने दिया। बरेली जेल से पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा वर्तमान मुख्यमंत्री को भेजे गए संक्षिप्त शिकायती पत्र और मेरे द्वारा की गई 'तथाकथित जांच आख्या' मेरे निलंबन एवं मेरे प्रतिशोधात्मक भयंकर उत्पीड़न का कारण बना।

# विकास की गारंटी नहीं विशेष राज्य का दर्जा

भारत में विशेष राज्य का दर्जा किसी राज्य को उसकी विशेष परिस्थितियों के कारण दी जाने वाली सुविधा है, जिसे राज्यों को विशेष वित्तीय सहायता और अन्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए लागू किया गया था। यह दर्जा आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े राज्यों को विकास की गति देने के उद्देश्य से दिया जाता है। बिहार राज्य भी लंबे समय से इस दर्जे की मांग कर रहा है, लेकिन यह धारणा कि विशेष राज्य का दर्जा बिहार के विकास की गारंटी हो सकता है, वस्तुतः सही नहीं हो सकती।



प्रीति सिंह
कानपुर

विशेष राज्य का दर्जा उन राज्यों को दिया जाता है, जो भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक और जनसांख्यिकीय रूप से कमजोर माने जाते हैं। इस दर्जे के तहत, इन राज्यों को केंद्रीय करों में अधिक हिस्सा, केंद्रीय योजनाओं के तहत अधिक अनुदान और बाहरी सहायता प्राप्त होती है। इसका उद्देश्य है इन राज्यों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना और विकास की मुख्य धारा में शामिल करना। विशेष राज्य का दर्जा पाने वाले राज्यों को कई लाभ मिलते हैं। अगर राज्य सरकार में नीति निर्धारण और क्रियान्वयन की क्षमता कमजोर है तो विशेष राज्य का दर्जा भी असरकारी नहीं हो पाएगा। भारत में कई राज्यों को विशेष राज्य का दर्जा दिया गया है, जिनमें से कुछ ने इसका लाभ उठाकर अपने विकास को गति दी है, जबकि कुछ राज्य अभी भी पिछड़े हुए हैं। हिमाचल प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त है और उसने इस स्थिति का उपयोग करके अपने बुनियादी ढांचे और सामाजिक सूचकों में सुधार किया है। राज्य सरकार की अच्छी नीतियां और प्रशासनिक दक्षता ने इसे संभव बनाया। असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर आदि उत्तर पूर्वी राज्यों को भी विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त है, लेकिन इन राज्यों में विकास की गति अपेक्षाकृत धीमी है। इन राज्यों में चल रहे राजनीतिक अस्थिरता, उग्रवाद और प्रशासनिक कुप्रबंधन इसके मुख्य कारण हैं। बिहार के विकास के लिए केवल विशेष राज्य का दर्जा पर्याप्त नहीं है। इसके लिए एक मजबूत प्रशासनिक तंत्र, राजनीतिक स्थिरता और भ्रष्टाचार मुक्त शासन की आवश्यकता है।

## अमृत विचार कार्यालय पहुंचे पर्यावरण एवं वन मंत्री ने प्रकट की जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों पर चिंता

# पौधरोपण महाभियान को बनाएं महापर्व: डॉ. अरुण कुमार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



अमृत विचार, लखनऊ कार्यालय पहुंचे वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार।

**अमृत विचार:** उप्र.के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। पेड़-पौधे तो मनुष्य के बिना रह सकते हैं, लेकिन इनके बिना मनुष्य का जीवन संभव नहीं है। जिस प्रकार हम अपने बच्चों की परवरिश करते हैं, उसी तरह हमें पेड़-पौधों की परवरिश करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को देखते हुए आने वाले समय में हमें अपनी परंपराओं और आस्था से जुड़े पौधों को लगाने की आवश्यकता है। इस कड़ी में पीपल, बरगद, नीम, बेल, पाकड़ लगाया जाना महत्वपूर्ण कदम होगा। साथ ही फलदार पौधे भी लगाने होंगे। जैसे देसी आम, जामुन, अमरूद आदि। जुलाई माह में हम व्यापक स्तर पर पौधरोपण करेंगे। इसके लिए जनता से भी अपील कर रहे हैं। गुरुवार को दैनिक अमृत विचार के लखनऊ कार्यालय पहुंचे मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने एक विशेष बातचीत में पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने की दिशा में राज्य सरकार की प्राथमिकताओं पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में राज्य सरकार की ओर से अलग-अलग प्रजाति के पौधे पूरे प्रदेश भर में लगाए जाएंगे। इसके तहत व्यापक अभियान चलाकर ग्राम पंचायतों, नगर निकायों, पार्कों, सड़क के किनारे, खाली स्थान पर पौधरोपण किया जाएगा। वन मंत्री ने महाभियान में 30-35 करोड़ पौधरोपण करने की जानकारी साझा करते हुए 20 जुलाई को रिकॉर्ड पौधरोपण करने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण महाभियान को एक महापर्व की मनाना है, जिसमें हर व्यवसाय और प्रोफेशन से जुड़े लोगों को हिस्सा लेना चाहिए। साथ ही यह भी ध्यान रखना होगा कि इन पौधों की देखभाल ओर सुरक्षा अच्छे से होती रहे।

**उष्मा प्रभाव से मिलेगी निजात:** मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि बढ़ते शहरीकरण की वजह से प्रदेश में वन क्षेत्र की सीमाएं कम होती रही हैं। प्रदेश के बड़े शहरों में उष्मा प्रभाव देखने को मिल रहा है। स्वस्थ जीवन के लिए हमें पौधे लगाने ही होंगे।

### डॉ. सक्सेना ने देखा अमृत विचार कार्यालय

आपसी वार्ता के बाद मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने अमृत विचार कार्यालय को भी देखने की इच्छा प्रकट की। उन्होंने अखबार के विभिन्न विभागों को जाकर देखा और खासकर संपादकीय विभाग की कार्यप्रणाली भी समझी। संपादकीय टीम के साथ उन्होंने हल्के-फुलके अंदाज में अपने तमाम अनुभव भी साझा किए और समाचार-पत्र की प्रगति के लिए सभी को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उनके साथ अमृत विचार के समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी, संपादकीय प्रभारी अनिल त्रिगुणायत, राज्य ब्यूरो प्रमुख अजय दयाल, सिटी इंचार्ज सुनील मिश्र और डिजिटल इंचार्ज वीरेन्द्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

### एक पेड़ मां के नाम लगाए जाने वाले अभियान में आगे आएं:

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि मां से बढ़कर इस दुनिया में कोई दूजा नहीं होता है। उसके ममत्व की महत्ता अपरंपार। 5 जून को मनाए जाने वाले विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस अभियान को तत्पर हैं। इस क्रम में हम प्रदेश में अधिकाधिक पौधे लगाने को कृतसंकल्प हैं। अपनी मां के नाम पर पौधे लगाने को लोग आगे आएं। इसका सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिलेगा।

## सार-संक्षेप

### किसान सम्मान निधि के लिए 8 से कराएं रजिस्ट्री

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले मे पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त नई व्यवस्था के तहत किसानों को उपलब्ध कराई जाएगी। शासन ने इसके लिए किसान रजिस्ट्री अनिवार्य कर दी है। जिले में रजिस्ट्री का कार्य आठ जुलाई से शुरू हो जाएगा। जो 30 सितंबर तक चलेगा। किसान रजिस्ट्री न कराने पर सम्मान निधि या सरकार की ओर से मिलने वाली अन्य सुविधाएं रुक सकती हैं। जिला कृषि अधिकारी अयोध्या ओपी मिश्रा ने गुरुवार को बताया की यह एक बुनियादी रजिस्ट्री होगी। जिसमें किसानों का पूरा विवरण दर्ज होगा। किसान रजिस्ट्री, किसानों का डिजिटल डाटा बेस होगा। इसमें किसान की यूनीक आईडी बनाई जाएगी। इसके लिए खसरा खतौनी में दर्ज अभिलेख का उपयोग किया जाएगा। नई व्यवस्था के अनुसार यदि कोई किसान या उसका परिवार किसान रजिस्ट्री अभियान के तहत अपना नाम दर्ज नहीं कराता है, तो उसे भविष्य में पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त सहित अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिलेगा।

### प्रो. विनय कुमार पाठक को मिला दूसरा कार्यकाल

**कानपुर, अमृत विचार :** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक को कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने दूसरा कार्यकाल प्रदान करते हुए तीन साल के लिए दोबारा कुलपति नियुक्त किया है। गुरुवार को राजभवन से इस बाबत आदेश जारी कर दिया गया। आदेश मिलते ही विश्वविद्यालय में जश्न का माहौल रहा। शिक्षकों, कर्मचारियों, अधिकारियों, छात्र-छात्राओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। कुलपति प्रो पाठक ने अपने दूसरे कार्यकाल के लिए गुरुवार को जॉइन कर लिया। प्रो पाठक के कार्यकाल में ही सीएसजेएमयू को नैक ए प्लस प्लस, यूजीसी कैटेगरी 1 का दर्जा भी हासिल हुआ है।

### राशन की दुकानों की निगरानी के लिए नया साफ्टेवयर

**लखनऊ, अमृत विचार :** सरकारी राशन की दुकानों की निरंतर निगरानी के लिए नया 'साफ्टेवयर' विकसित होगा। इससे 'ई-पॉस' से लैस राशन की दुकानों पर सतर्क नजर रखी जा सकेगी। कालाबाजारी रुक सकेगी और कार्ड धारकों को निर्धारित राशन मिल सकेगा। शासन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश की सभी राशन की दुकानों में ई-पॉस उपकरणों के लगाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जा रही है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने उत्तर प्रदेश डेवलपमेंट सिस्टम्स कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीडेस्को) को इसकी निगरानी के लिए सॉफ्टवेयर का विकास करने की जिम्मेदारी सौंपी है। इस क्रम में यूपीडेस्को की ओर से एक एजेंसी की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह एजेंसी प्रदेश की सभी राशन की दुकानों को ई-पॉस मशीनों से युक्त करने के साथ ही उसके स्वत: संचालन व निगरानी की प्रक्रिया को सुनिश्चित करेगी।

### बिजली उपभोक्ता 20 केवी तक ऑनलाइन बढ़ा सकेंगे लोड

**लखनऊ, अमृत विचार :** अब बिजली उपभोक्ता 20 किलोवाट तक आनलाइन लोड बढ़ा सकेंगे। इसके साथ ही, आईटीजीएस व एनईएफटी के जरिये ऑनलाइन बिजली बिल जमा हो सकेगा। इस सिलसिले में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन की ओर से सभी वितरण निगमों को पत्र लिखा गया है। कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि बिजली उपभोक्ता यूपीपीसीएल ऑनलाइन डॉट कॉम पर जाकर अपना लोड बढ़ा सकेंगे। वितरण निगमों के अधिकारियों को इन सेवाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार का निर्देश दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि लोड बढ़वाने के लिए अब उपभोक्ताओं को कार्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

### इरफान सोलंकी ने हाईकोर्ट में की अपील

**कानपुर, अमृत विचार :** आगजनी कांड में दोषी करार दिए गए सीसामऊ सीट से सपा विधायक रहे इरफान सोलंकी व उसके भाई रिजवान ने सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। सोलंकी की ओर से सजा पर रोक लगाने की मांग की गई है। मामले में दोषी करार दिए गए अन्य तीन लोगों ने याचिका दाखिल नहीं की है।

## राज्य सरकार मामले को दबाने का षड्यंत्र कर रही है : अखिलेश

**लखनऊ, अमृत विचार:** हाथरस हादसे मामले को लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राज्य सरकार पर घेरते हुए कहा कि सरकार मामले को दबाने का षड्यंत्र कर रही है।



अखिलेश, गुरुवार को सपा कार्यालय में बसपा के पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान के शामिल होने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हाथरस हादसा षडयंत्र नहीं है। इसे दबाने की कोशिश करना षडयंत्र है। घटना में बड़ी संख्या में गरीब महिलाओं व बच्चों की जान गई है। इसमें प्रशासन की पूरी जिम्मेदारी है। सपा प्रमुख ने कहा कि सत्संग में भारी भीड़ जुटी थी, किसी को भीड़ का अंदाजा नही था। प्रशासन के खुफिया तंत्र की असफलता है, प्रशासन को जिम्मेदारी लेनी चाहिए। इस अवसर पर हाजी फजलुर्रहमान के साथ बसपा के तमाम चेयरमैन नगर पंचायत, पूर्व सांसदों के कई साथी, जिलाध्यक्ष, पूर्व मेयर प्रत्याशी, पूर्व ब्लाक प्रमुख, सदस्य जिला पंचायत, पार्षद नगर निगम, व्यापारी नेता, प्रधान पूर्व सभासद आदि समाजवादी पार्टी में शामिल हुए।

# सुरक्षित न हों तो तत्काल बंद कराएं पुराने सेतुओं पर यातायात: योगी आदित्यनाथ

## मुख्यमंत्री ने कहा, प्रदेश में 50 वर्ष से अधिक पुराने सेतुओं का कराएं निरीक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 50 वर्ष से अधिक पुराने सेतुओं का निरीक्षण कराया जाए, सुरक्षित न हो तो इन्हें तत्काल बंद करा दिया जाए। उन्होंने कहा कि आम लोगों की सुविधा के लिए सड़कों के चौड़ीकरण के मानक में बदलाव जरूरी है, इसके लिए प्रस्ताव तैयार किया जाए। मुख्यमंत्री गुरुवार को सरकारी आवास पर लोक निर्माण विभाग की विभिन्न परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में विभिन्न श्रेणी के मार्गों के चौड़ीकरण के मानकों को और बेहतर किया जाना चाहिए। सड़कें और चौड़ी हों, इससे आवागमन और अधिक सुविधाजनक होगा। प्रदेश में आम लोगों की सुविधा के लिए सड़कों के चौड़ीकरण के मानक में बदलाव जरूरी है। उन्होंने कहा कि नई सड़क पर बरसात से कटान हो तो उसका सुधारीकरण तत्काल कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते सात वर्षों में प्रदेश की रोड कनेक्टिविटी में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। वर्ष 2017 के सापेक्ष 2024 में स्टेट हाइवे 7002 किमी से बढ़कर 10,214 किमी हो गया है, जबकि ग्रामीण मार्गों की लंबाई 1,87,517 किमी से बढ़कर 1,93,581 किमी हो गई है। इसी प्रकार प्रमुख जिला मार्गों और अन्य जिला मार्गों का संजाल में भी विस्तार हुआ है। प्रदेश में प्रतिदिन औसतन नौ किमी मार्गों का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण हो रहा है और हर दिन गांवों में लगभग 11 किमी नई सड़क बन रही है। विकास के लिए बेहतर कनेक्टिविटी की आवश्यकता है, इसे और बेहतर करने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए।


लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

### कांवड़ यात्रा से जुड़े मार्गों की तत्काल कराएं मरम्मत

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी दिनों में कांवड़ यात्रा को लेकर सभी जिलों में संपर्क मार्गों को शत-प्रतिशत गड्ढामुक्त किया जाय। 15 जुलाई तक यह कार्य पूरा करा लिया जाय। ऐसे मार्ग जहां जलभराव होता है, उन स्थानों पर जल निकासी की व्ययस्था सुनिश्चित की जाय। ब्लॉक मुख्यालयों को दो लेन सड़क की कनेक्टिविटी देने का संकल्प समय से पूरा होना चाहिए। प्रदेश के अंतरराज्यीय व अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर पड़ने वाले मार्गों पर भव्य द्वार बनाने का कार्य तेजी के साथ पूरा किया जाए।

### चलें साफ बसें और बस अड्डों को रखें दुरुस्त

**लखनऊ, अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा के दौरान यात्रियों व जल ले जा रहे कांवड़ियों को किसी भी तरह की दिक्कत न हो, इसे लेकर रोडवेज प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कांवड़ यात्रा को लेकर रूट और उनसे जुड़ी समस्याओं का खाका खींचते हुए तत्काल काम शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इनमें अधिक आवागमन वाले रूट पर अतिरिक्त बसों को चलाने, बस व बस अड्डों को साफ रखने और कांवड़ियों के लिए बस अड्डों पर विशेष व्यवस्था करने को कहा। बरेली, आगरा, मुरादाबाद, मेरठ, गाजियाबाद, अलीगढ़ एवं सहारनपुर क्षेत्र के अफसरों को खासतौर पर तैयारियां करने को कहा गया है।

## सपा छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व महामंत्री पर केस दर्ज

**अयोध्या, अमृत विचार :** सआदतगंज से लेकर अयोध्या नया घाट तक बने रामपथ को लेकर सियासत के फेर में सपा के दो नेता फंस गए हैं। अपने फेसबुक अकाउंट पर रामपथ का फर्जी वीडियो वायरल करने के मामले में समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष मुलायम सिंह कुशवाहा और साकेत महाविद्यालय के छात्र संघ के पूर्व महामंत्री अवधेश यादव के खिलाफ कोतवाली नगर में केस दर्ज किया गया है। कोतवाल नगर अश्वनी कुमार पांडेय ने बताया कि कुशवाहा और अवधेश द्वारा एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया था। जिसमें एक महिला को सड़क में बने गड्ढे में गिरते हुए दर्शाया गया था। पोस्ट में इसे रामपथ बताया गया था। इसकी जांच कराई गई, जो रामपथ का नहीं निकला।

# सदमे में एसिड अटैक में झुलसी पीड़िता

नफरत का तेजाब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** बुधवार सुबह हुए एसिड अटैक की शिकार युवती की हालत गंभीर है। वह सदमे में है। केजीएमयू में भर्ती पीड़िता का 40 फीसदी चेहरा तेजाब से झुलसा है। इसमें दोनों गाल और पलकों पर घाव हैं। इसके रिकंस्ट्रक्शन में इलाज का निर्धारण करीब एक से डेढ़ सप्ताह बाद,घाव सूखने पर किया जाएगा। वहीं उसके मौसेरे भाई की पीठ 20 प्रतिशत झुलसी है।

केजीएमयू के प्लास्टिक सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ.विजय कुमार ने बताया कि युवती के घाव ताजे हैं, इसलिए घाव की गहराई का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है। एक से दो सप्ताह में घाव सूखने पर, बर्न की गंभीरता पता चलेगी। इसके बाद तय किया जाएगा कि स्किन ग्राफ्टिंग (शरीर के अन्य हिस्से से स्वस्थ त्वचा लेकर प्रत्यारोपित करना) की जाए या रक्त आपूर्ति बरकरार रखते हुए त्वचा प्रत्यारोपण लगेगा। उसके भाई की पीठ के घाव ज्यादा गंभीर हैं। चेहरे को सामान्य स्थिति में लाए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि घाव के निशान नहीं होंगे, लेकिन ग्राफ्टिंग के निशान जरूर दिखेंगे। घाव चेहरे के मुख्य हिस्से पर हैं, इसलिए प्रयास किया जाएगा कि चेहरे की सुंदरता को सुरक्षित रखा जाए और ग्राफ्टिंग के निशान कम दिखाई पड़ें।

### योगी ने लिया हालचाल

तेजाब पीड़िता छात्रा के इलाज और उसकी स्थिति के बारे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केजीएमयू प्रशासन को कॉल कर जानकारी हासिल की। वहीं, डॉक्टरों को निर्देश दिया कि किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

### बाजार में चार तरह के तेजाब ही उपलब्ध

केजीएमयू में माइक्रोबायोलॉजी विभाग की डॉ.शीतल वर्मा ने बताया कि सात प्रकार के तेजाब में अमूमन बाजार में चार प्रकार के तेजाब उपलब्ध होते हैं। सभी की मारक क्षमता बराबर होती है। यह उनके कन्संट्रेशन पर निर्भर करता है। बाजार में उपलब्ध सामान्य तेजाब में हाइड्रोक्लोरिक एसिड, सल्फ्यूरिक एसिड, नाइट्रिक एसिड और फ्लोरिक एसिड प्रमुख हैं। इनमें सबसे ज्यादा घातक फ्लोरिक एसिड होता है जो कि पानी डालने पर बढ़ता है।

उन्नाव में बुधवार देर रात हुआ हादसा

# झोपड़ी पर पलटा ट्रक, मां और दो बेटों की मौत

संवाददाता बांगरमऊ (उन्नाव)

**अमृत विचार :** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में बुधवार देर रात चावल से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे झोपड़ी पर पलट गया। इससे ट्रक के नीचे दबकर मां और दो बेटों की मौत हो गई।

बेहटा मुजावर में बांगरमऊ-संडीला रोड स्थित पुराना पुलिस थाना भवन के पास गांव की सरला झोपड़ी में मिठाई व नमकीन आदि की दुकान चलाकर अपने दो बच्चों का भरण-पोषण करती थी। बुधवार देर रात सरला बच्चों विक्की (13) व करन (15) के साथ झोपड़ी में सो रही थी। देर रात करीब डेढ़ बजे संडीला जा रहा चावल से लदा ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर झोपड़ी पर पलट गया। इसमें मां व उसके दोनों बेटे ट्रक के नीचे दब गए। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से भाग निकला। सीओ अरविंद कुमार ने बताया कि ट्रक कब्जे में लेकर चालक की तलाश की जा रही है।


झोपड़ी पर पलटा ट्रक।


## वर्ग पहेली-121

**बाएं से दाएं**

1. कर्नाटकी संगीत का एक राग।
5. जयकार, सामूहिक रूप से बार-बार प्रशंसा करने की क्रिया।
6. सजीला, सजा-धजा, अच्छी धजवाला, छबीला, सुंदर।
7. 1. साड़ी

**ऊपर से नीचे**

2. 1. एक ही जाति के, एक ही गोत्र के 2. एक वर्ग या वर्ण के 3. समान, सदृश, समान प्रकार के।
3. (डिब्बा) जिसे बंद करने पर न तो हवा डिब्बे के भीतर से बाहर निकल सके और न बाहर से भीतर डिब्बे में प्रवेश कर सके, वायुरोधक।
4. 1. लोहा 2. अग्नि 3. हथियार 4. सोना।
5. 1. (पुराण) एक प्रसिद्ध राक्षस जिसका वध विष्णु ने किया था 2. नाथ संप्रदाय के एक योगी 3. एक प्रकार का रोग जिसमें सूजन के साथ पेट में पानी भर जाता है, जलोदर, (ड्राप्सी)।



### वर्ग पहेली -120 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 दु | ■ | 2 वा |
| ■ | 3 न | ज़ | र | बं | दी |
| ■ | फ़ा | ■ | भि | ■ | ■ |
| ■ | स | ■ | यो | ■ | 4 रो |
| 5 पी | त | ■ | ज | ■ | च |
| ह | ■ | 6 सु | न | गु | न |
| री | ■ | खी | ■ | ■ | ■ |

### सुडोकू -34

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | | | 7 | 3 | |
| | 1 | 7 | | 3 | | | 4 | 8 |
| 6 | | | 5 | 4 | | | | |
| 2 | | | | 7 | 1 | | 9 | |
| | 4 | | | | | | 5 | |
| | 3 | | 8 | 2 | | | | 6 |
| | | | | 6 | 2 | | | 7 |
| 8 | 6 | | | 5 | | 3 | 1 | |
| | 7 | 5 | | | | | | 4 |

### सुडोकू -33 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 1 | 3 | 4 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 2 | 3 | 9 | 6 | 1 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 5 | 4 | 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 9 | 6 | 3 | 5 | 2 | 1 | 7 | 4 | 8 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 4 | 5 | 2 | 7 | 8 | 6 | 9 | 1 | 3 |
| 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 2 | 9 | 7 |
| 3 | 9 | 4 | 8 | 7 | 2 | 6 | 5 | 1 |
| 7 | 2 | 5 | 1 | 6 | 9 | 3 | 8 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 जुलाई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अमावस्या 6 जुलाई 04 .26 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

**मेष:** आज किसी बड़े काम के बनने से आप काफी खुश रहेंगे। अविवाहितों को विवाह योग्य अच्छा रिश्ता मिल सकता है। मित्रों के सहयोग से आपको काम में आसानी होगी। आप अपने कामों को किसी दूसरे के भरोसा न छोड़े।

**वृष:** आज कुछ विरोधाभासी परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। जीवन में आ रहे बदलावों को स्वीकारने का प्रयास करें। विवादित मामलों में बहस से आपको दूरी बनाकर रहना होगा। अपने स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

**मिथुन:** आज योजनाओं को क्रियान्वित करने में आसानी होगी। परिजनों से अपने मन की बात शेयर करेंगे। मतभेदों को भुलाकर आगे बढ़ने का प्रयास करें। आप अपने कामों में कोई परिवर्तन कर सकते हैं। अपनी वाणी पर संयम रखें।

**कर्क:** आज सरकारी कार्यों में रुकावटों का सामना करना पड़ सकता है। लीगल मामलों में उलझने की आशंका है। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को कुछ बाधाओं का सामना करना पड़ेगा। किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी करना बेहतर रहेगा।

**सिंह:** आज परिजनों का आना-जाना लगा रहेगा। किसी पुराने मित्र से मिलकर आपकी खुशी होगी। पैतृक संपत्ति संबंधित विवाद जो आपको परेशान कर रहा था, तो उसमें आपको जीत मिलने की संभावना है। विदेश यात्रा का योग बन रहे है।

**कन्या:** आज कार्यक्षेत्र में आपका जबरदस्त प्रभाव रहेगा। आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को नए प्रोजेक्ट्स मिलने की प्रबल संभावना है। किसी काम में आ रही समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेंगे है।

**तुला:** आज आपको जल्दबाजी में लिए गए निर्णय के लिए पछतावा होगा। यदि आपने जानकारी रखी थी, तो वह परिवार के सदस्यों के सामने आ सकती है। आपको मेहनत के साथ भाग्य का भी भरपूर सहयोग मिलेगा। जनसंपर्क के कारण आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी।

**वृश्चिक:** आज विरोधियों को आप आसानी से पराजित कर पाएंगे। परिवार के साथ छुट्टियां मनाने के लिए जा सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आपकी सहभागिता के कारण आपकी प्रशंसा होगी। निवेश की प्लानिंग करने का उचित समय है।


**धनु:** आज आप किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं, जिसमें किसी को पार्टनर बनाने के बारे में न सोचे। यदि आपने किसी से पहले धन उधार लिया था, तो वह आपसे वापस मांग सकते है। कर्मचारियों को ज्यादा स्वतंत्रता न दें। ज्यादा लोकप्रिय होने के प्रयास में आप चूक कर सकते हैं।

**मकर:** आज आप अपनी संतान की पढ़ाई-लिखाई पर पूरा ध्यान देंगे, जिस कारण आप उसमें कोई बदलाव कर सकते हैं। आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी। यदि कोई काम लंबे समय से रुके हुए काम की पूरी होने की संभावना है।

**कुंभ:** आज आपको अपनी वाणी व व्यवहार पर संयम बनाए रखने की आवश्यकता है। किसी अजनबी पर अत्यधिक भरोसा न करें, नहीं तो वह आपके भरोसे को तोड़ सकता है। आपको किसी से धन उधार लेने से बचना होगा।

**मीन:** आज कार्यक्षेत्र में आपको अपने विरोधियों की चालों को समझकर आगे बढ़ना होगा, नहीं तो वह आपको फंसाने की कोशिश करेंगे। धन को उधार में देने के कारण आपको धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 06 जुलाई 04 .06 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- लोहा — सुबह : 11 .02
- शास्त्र — रात : 07 .00

&pictures
- धड़क — सुबह :11 .14
- मिशन रानीगंज — रात : 08 .00

SONY PIX
- पैसिफिक रिम — सुबह : 11 .11
- जॉन विक : चैप्टर 2 — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- धमाल — दोपहर : 12 .31
- नाग भूमि — रात : 08 .00

colors CINEPLEX
- बाजी — सुबह : 11 .30
- कार्तिकेय 2 — शाम : 06 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

स्कूटी से गिरने के बाद पप्पू ने एक्स-रे करवाया।
डॉक्टर- एक्स-रे में आपकी हड्डी टूटी है।
पप्पू- भगवान का शुक्र है कि हड्डी एक्स-रे में टूटी है।
सच में टूटी होती तो खर्चा बहुत होता।
पप्पू की बात सुन डॉक्टर बेहोश...

मोनू-यार सिर में बहुत दर्द हो रहा है।
गोलू-सिर दर्द होने पर कुछ देर गर्लफ्रेंड से जरूर बात किया कर।
मोनू-क्यों?
गोलू- तूने सुना नहीं जहर ही जहर को मारता है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक–965 फ्लैग–1085 डीएमओ–830 बोल्ड–1120
**चन्दौसी :** शिवालिक– 950 फ्लैग–1100 बोल्ड– 1150 डीएमओ– 890

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन–तुलसी 2075, राज श्री 1410, फ़ॉर्चून कि. 1775, रविन्द्रा 1990, फॉर्चुन ली. 1625, जय जवान 1525, सचिन 1535, सूरज 1550, अवसर 1655, राग गोल्ड 1615, गृहणी 1510, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1590, चक्र टिन 1890, ब्लू 1630, आशीर्वाद मस्टर्ड 1925, स्वास्तिक 2045 । किराना– ( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19500, जीरा 35500, लाल मिर्च 20000–25500, धनिया 9000–11000, अजवायान 16000–24000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950 । चावल–( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10150, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो ) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4700, खजाना 4700 । दाल दलहन मूंग दाल इंदौर 10900, मूंग धोवा काला क्राउन 10800, राजमा चित्रा 13700–14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 6950–7400 मलका दाल 7575–7900, मलका छाँटी 7450, दाल उड़द बिलासपुर 10200–10900, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9000, चना अकोला 8200, डबरा 9000–11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15400, अरहर पटका मोटा 16100, अरहर कोरा मोटा 16400, अरहर पटका छोटा 16000–16200, अरहर कोरी छोटी 17200 । चीनी–डालमियां 4060, पीलीभीत 4040, नवाबगंज 4030 (नयी), बहेड़ी 4040 ( नयी )।

# सीजेआई ने बाजार में तेजी के बीच सेबी सैट को दी सतर्क रहने की दी सलाह

## प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ बोले- सैट के अधिकारियों से नई पीठें खोलने पर करें विचार

**मुंबई, एजेंसी**

भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने बाजार नियामक सेबी और सैट को शेयर बाजारों में उल्लेखनीय उछाल के बीच सावधानी बरतने की गुरुवार को सलाह दी। उन्होंने अधिक न्यायाधिकरण पीठों की भी वकालत की ताकि इनकी स्थिर नींव सुनिश्चित की जा सके।

प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने यहां नए प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) परिसर का उद्घाटन करते हुए अधिकारियों से सैट की नई पीठें खोलने पर विचार करने का आग्रह किया, क्योंकि अधिक मात्रा में लेन-देन तथा नए नियमों के कारण कार्यभार बढ़ गया है। बीएसई के 80,000 अंक का आंकड़ा पार करने को उल्लास से भरा क्षण बताने वाली खबरों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं नियामक प्राधिकरणों के लिए यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल देती हैं कि जीत के बीच हर कोई अपना संतुलन व धैर्य बनाए रखे।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, आप शेयर बाजार में जितनी अधिक तेजी देखेंगे, मेरा मानना है कि सेबी तथा सैट की भूमिका उतनी ही अधिक होगी। ये संस्थान सतर्कता बरतेंगे, सफलताओं का जश्न मनाएंगे लेकिन साथ ही यह भी सुनिश्चित करेंगे कि इसकी नींव स्थिर रहे।



● प्रधान न्यायाधीश ने नए प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) परिसर का किया उद्घाटन

### अब तक 6,700 से अधिक अपीलों का हुआ है निपटारा

सीजेआई ने कहा कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) और सैट जैसे अपीलीय मंच के स्थिर तथा पूर्वानुमानित निवेश वातावरण को बढ़ावा देने के पीछे उनका अत्यधिक राष्ट्रीय महत्व हैं। सैट के पीठासीन अधिकारी न्यायमूर्ति पीएस दिनेश कुमार ने कहा कि सैट में 1,028 अपीलें लंबित हैं। 1997 में स्थापना के बाद से 6,700 से अधिक अपीलों का निपटारा किया है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि वित्तीय क्षेत्र में समय पर कार्रवाई और त्रुटियों को सुधारना बेहद महत्वपूर्ण है। प्रधान न्यायाधीश ने बृहस्पतिवार को सैट की नई वेबसाइट भी पेश की। इसे राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्षेत्र में प्रगति के साथ न्याय तक पहुंच की अवधारणा पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है।

## थ्रेड्स के दुनिया में 17.5 करोड़ उपयोगकर्ता, भारत सबसे सक्रिय : मेटा

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया दिग्गज मेटा ने कहा है कि उसकी सोशल नेटवर्किंग सेवा थ्रेड्स के लिए भारत सबसे सक्रिय देशों में से एक है। थ्रेड्स के वैश्विक स्तर पर 17.5 करोड़ से अधिक मासिक सक्रिय उपयोगकर्ता हैं।

फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंच का संचालन करने वाली मेटा से आई यह जानकारी इस लिहाज से अहम है कि ट्विटर (एक्स) के प्रतिद्वंद्वी के रूप में थ्रेड्स को पेश किए जाने के एक साल पूरे होने जा रहे हैं। मेटा ने कहा कि 17.5 करोड़ सक्रिय उपयोगकर्ता हैं। भारत वैश्विक स्तर पर थ्रेड्स के लिए सबसे सक्रिय देश है। मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने कहा कि थ्रेड्स को इस भरोसे के साथ पेश किया गया था कि हर किसी के पास कहने के लिए कुछ मूल्यवान है।

# धोखाधड़ी रोकने को संस्थागत व्यवस्था अनिवार्य : सेबी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने प्रतिभूति बाजार में निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए शेयर ब्रोकिंग कंपनियों को धोखाधड़ी यानी बाजार के दुरुपयोग को रोकने और उसका पता लगाने के लिए एक संस्थागत तंत्र स्थापित करने के लिए कहा है।

सेबी ने गुरुवार को परिपत्र में ब्रोकिंग कंपनियों के लिए कारोबारी गतिविधियों और आंतरिक नियंत्रण की निगरानी के लिए प्रणालियां लागू करने और व्हिसल-ब्लोअर नीति की शुरुआत को अनिवार्य कर दिया है। ये सभी प्रावधान सेबी (शेयर ब्रोकर) (संशोधन) विनियम, 2024 का हिस्सा हैं जिसका उद्देश्य बाजार की अखंडता और निवेशक सुरक्षा के उच्च मानकों को सुनिश्चित करना है। नियामक ने परिपत्र में कहा है कि



● दुरुपयोग रोकने और पता लगाने को तंत्र स्थापित करने को कहा

परिचालन के तौर-तरीकों एवं इसके कार्यान्वयन संबंधी मानकों को ब्रोकर उद्योग मानक मंच (आईएसएफ) सेबी के परामर्श से तैयार करेगा। मानकों का कार्यान्वयन शेयर ब्रोकर के आकार पर निर्भर करेगा। 50,000 से अधिक सक्रिय विशिष्ट ग्राहक कोड (यूसीसी) वाले ब्रोकर के लिए एक जनवरी, 2025 तक इसका अनुपालन करना जरूरी है। 2001 से लेकर 50,000 तक सक्रिय यूसीसी वाले ब्रोकर को 1 अप्रैल, 2025 तक इसका अनुपालन करना होगा। वहीं 2000 तक सक्रिय यूसीसी वाले ब्रोकरों को 1 अप्रैल, 2026 तक इसका अनुपालन करना होगा।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 92600 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 74500 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55500–55700 |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,900 |
| चांदी आभूषण | 90,700 |

## जियो 25,331 करोड़ रुपये के एजीआर के साथ शीर्ष पर

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो ने मार्च 2024 तिमाही में सबसे अधिक एजीआर 25,330.97 करोड़ रुपये दर्ज किया है। ट्राई की रिपोर्ट में कहा गया कि भारती एयरटेल ने एजीआर में सबसे तेज वृद्धि देखी। रिलायंस जियो का एजीआर मार्च तिमाही में 10.21% बढ़ा, जो गत वर्ष 22,985 करोड़ रुपये था।

## जापान का निक्की 225 नए रिकॉर्ड स्तर 40,913.65 पर बंद

**तोक्यो।** जापानी सूचकांक निक्की 225 गुरुवार को 40,913.65 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। प्रौद्योगिकी और निर्यातोन्मुखी शेयरों की भारी खरीद से सूचकांक में 0.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सूचकांक का सर्वकालिक उच्च स्तर दिन के कारोबार के दौरान 41,087.75 अंक था जो 22 मार्च को बना था। बंद होने का अभी तक का इसका रिकॉर्ड स्तर 40,888.43 अंक था। यह भी 22 मार्च को दर्ज हुआ था। यह बढ़त वॉल स्ट्रीट पर रात भर की तेजी के अनुरूप थी, जहां एसएंडपी 500 और नैस्डैक ने भी नए रिकॉर्ड बनाए।

# देश के 12 बंदरगाहों पर माल आवाजाही जून में 6.8% बढ़ी

**मुंबई, एजेंसी**

● 10 बंदरगाहों पर सकारात्मक वृद्धि तो दो पर गिरावट

देश के 12 प्रमुख बंदरगाहों पर माल की आवाजाही जून में 6.8% बढ़कर 6.90 करोड़ टन हो गई जो एक साल पहले समान अवधि में 6.46 करोड़ टन थी। प्रमुख बंदरगाहों के शीर्ष निकाय भारतीय बंदरगाह संघ (आईपीए) के आंकड़ों के मुताबिक, 10 बंदरगाहों पर माल की आवाजाही में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई जबकि दो पर गिरावट देखी गई।

जून में महाराष्ट्र स्थित जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह पर माल ढुलाई में सर्वाधिक 15.12% की वृद्धि हुई। कोचीन बंदरगाह (15.12%), कामराजर (10.70%), दीनदयाल बंदरगाह (8.57%) और न्यू मैंगलोर बंदरगाह (8.53%) का स्थान रहा। देश के 12 प्रमुख बंदरगाहों में दीनदयाल (कांडला), मुंबई, मुरगांव, न्यू मैंगलूर, कोचीन, चेन्नई, एन्नोर (कामराजर), तूतीकोरिन (वी ओ चिदंबरनार), विशाखापत्तनम, पारादीप और कोलकाता (हल्दिया सहित) और जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह शामिल हैं।

# स्टेट बैंक ने की 11 नई पहलों की शुरूआत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने अपने 69वें स्थापना दिवस पर 11 नई पहल के साथ बैंकिंग अनुभव को और बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता जताई है।

बैंक ने इस मौके पर बेहतर डिजिटल बैंकिंग अनुभव के लिए इनोवेटिव सुविधाओं की घोषणा की है जिसमें आसान डिजिटल भुगतान के लिए यूपीआई टैप-एंड-पे की शुरुआत, सूर्य घर लोन, छोटे व्यवसायों के लिए योनो बिजनेस और कॉर्पोरेट इंटरनेट बैंकिंग तक पहुंच की सुविधा, ग्राहकों को ऋण प्रस्तावों पर स्वचालित सूचना



● बैंक ने डिजिटल बैंकिंग के लिए इनोवेटिव सुविधाओं की घोषणा की

की शुरुआत, 35 नए एग्रीकल्चर सेंट्रलाइज्ड प्रोसेसिंग सेंटरों का शुभारंभ, ई-डीएफएस के लिए बीआरई का शुभारंभ, आरोग्य एडवांस्ड प्लान लॉन्च, पटियाला में ग्लोबल एनआरआई सेंटर की शुरुआत, उच्च न्यायालय शाखाओं का नया रूप, उत्तर और दक्षिण में दो आउटबाउंड संपर्क केंद्रों का शुभारंभ, एसएमईसीसी मॉडल अब नए रूप में शामिल है।

भारतीय स्टेट बैंक बीएचआईएम एसबीआई पे ऐप पर टैप-एंड-पे और योनो ऐप पर म्यूचुअल फ़ंड के बदले एंड-टू-एंड डिजिटल लोन जैसी दो रोमांचक सुविधाओं की शुरुआत करके डिजिटल भुगतान के अनुभव को बदल रहा है। नियर फ़ील्ड कम्युनिकेशन (एनएफसी) तकनीक का लाभ उठाते हुए, बीएचआईएम एसबीआई पे ऐप का टैप-एंड-पे तेज़ और सहज डिजिटल भुगतान के एक नए युग का प्रतीक है। 500 रुपये से कम के लेन-देन में पिन-लेस अनुभव के लिए यूपीआई लाइट का लाभ उठाया जाता है, जबकि इससे ज्यादा के लेन-देन में सुरक्षित भुगतान के लिए यूपीआई पिन की ज़रूरत होगी।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### पीएफआई नेता की जमानत पर एनआईए को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने यूएपीए के तहत गिरफ्तार पीएफआई नेता ओएमए सलाम की अंतरिम जमानत याचिका पर गुरुवार को एनआईए का रुख जानने के लिए नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने सलाम को राहत नहीं देने के निचली अदालत के आदेश के खिलाफ की गई अपील पर जांच एजेंसी से जवाब मांगा। पीठ ने एनआईए से दो सप्ताह में जवाब देने को कहा। याचिकाकर्ता के वकील ने इस आधार पर दो सप्ताह की अंतरिम जमानत की मांग की कि सलाम की बेटी की अप्रैल में मृत्यु हो गई थी और उनकी पत्नी अवसाद में हैं। अदालत ने सुनवाई के लिए 25 जुलाई की तारीख तय की। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सलाम को एनआईए ने 2022 में गिरफ्तार किया था।

### अबू सलेम को तलोजा से भेजा गया नासिक जेल

**ठाणे।** 1993 के सिलसिलेवार विस्फोट मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे गैंगस्टर अबू सलेम को गुरुवार को नवी मुंबई की तलोजा जेल से कड़ी सुरक्षा के बीच नासिक की केंद्रीय जेल में स्थानांतरित किया गया है। अधिकारी ने बताया कि सलेम को पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे तलोजा जेल से निकालकर वहां शिफ्ट किया गया। 2005 में पुर्तगाल से प्रत्यर्पित किए सलेम को 1993 के मुंबई सिलसिलेवार विस्फोट मामले में 2017 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। जेल अधिकारियों ने विशेष अदालत से कहा था कि उसे नासिक केंद्रीय कारागार में स्थानांतरित करने की जरूरत है, क्योंकि तलोजा जेल में उच्च सुरक्षा वाली कोठरी जर्जर हालत है जिसकी मरम्मत की आवश्यकता है।

### शिक्षा मंत्री के बयान पर हंगामा, विस दो बार स्थगित

**जयपुर।** राजस्थान के कोटा में प्रदर्शन के लिए कांग्रेस नेताओं के खिलाफ मामले दर्ज होने एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के विवादित बयान को लेकर गुरुवार को राजस्थान विधानसभा में हंगामा हुआ और सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी। शिक्षा मंत्री ने सदन में कहा कि आदिवासी समाज के बारे में कोई नकारात्मक चर्चा करने का भाव उनके मन में कभी नहीं रहा। विपक्ष चाहता था कि मंत्री इस मुद्दे पर माफी मांगे। भोजनावकाश के बाद विधानसभा की कार्यवाही जब दोबारा शुरू हुई तो अध्यक्ष ने इस मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को बोलने दिया। जूली ने मंत्री के बयान के बाद मुख्यमंत्री का बयान इस पक्ष में नहीं आया कि मंत्री ने गलत शब्द कहे हैं।

# कॉलेजियम की सिफारिश रद करने के कारण नहीं किए जा सकते सार्वजनिक : हाईकोर्ट

## संबंधितों के हितों के लिए हानिकारक और जजों की नियुक्ति प्रक्रिया को करेगा बाधित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम की ओर से उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति की सिफारिशों को अस्वीकार कर दिया है। हाईकोर्ट ने कहा कि इसके कारणों को सार्वजनिक नहीं किया जा सकता, क्योंकि यह संबंधितों के हितों के लिए हानिकारक और नियुक्ति प्रक्रिया को बाधित करेगा।

उच्च न्यायालय ने उस आदेश को चुनौती देने वाली अपील को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की, जिसमें उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए सिफारिशों को स्वीकार नहीं करने के विस्तृत कारण बताने के लिए उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम को निर्देश देने संबंधी याचिका खारिज कर दी गई थी। उसने कहा कि उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय में किसी न्यायाधीश की नियुक्ति एक एकीकृत, परामर्शात्मक और गैर-प्रतिकूल प्रक्रिया है जिसे नामित संवैधानिक पदाधिकारियों के साथ परामर्श की जरूरत या प्रधान न्यायाधीश की सिफारिश के बिना नियुक्ति या हस्तांतरण के मामले में पात्रता की किसी शर्त की कमी के अलावा कानून की अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि इसके अलावा, अस्वीकृति के कारणों का प्रकाशन उन लोगों के हितों और प्रतिष्ठा के लिए हानिकारक होगा जिनके नामों की सिफारिश उच्च न्यायालयों द्वारा की गई है, क्योंकि (शीर्ष अदालत का) कॉलेजियम उस जानकारी के आधार पर विचार-विमर्श और निर्णय लेता है जो विचाराधीन व्यक्ति के लिए निजी है। यदि ऐसी जानकारी सार्वजनिक की जाती है, तो इसका असर नियुक्ति प्रक्रिया पर पड़ेगा।



● उच्चतम न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका दिल्ली उच्च न्यायालय ने की खारिज

# परिवार से मिल सकेंगे अमृतपाल दिल्ली से जाने की अनुमति नहीं

**चंडीगढ़/अमृतसर, एजेंसी**

जेल में बंद कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने के लिए पैरोल पर दिल्ली लाया जा रहा है। उन्हें परिवार से मिलने की अनुमति होगी, लेकिन दिल्ली से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।

अमृतसर के जिला मजिस्ट्रेट के जारी पैरोल आदेश में तय शर्तों के अनुसार, दिल्ली में रहने के दौरान सिंह और उनके रिश्तेदार- परिजन मीडिया में बयान नहीं दे सकते हैं। उन्हें पिछले साल 23 अप्रैल को अमृतसर से गिरफ्तार किया गया था। असम के डिब्रूगढ़ जिले से पंजाब की खडूर साहिब लोकसभा सीट जीतने वाले खालिस्तान समर्थक सिंह शुक्रवार को शपथ लेने वाले हैं। सूत्रों ने बुधवार को बताया था कि सिंह को शपथ के लिए विमान से दिल्ली लाया जाएगा और उनकी चार दिन की पैरोल अवधि 5 जुलाई से शुरू होगी। पैरोल में 10 शर्तों का उल्लेख है, जिसमें कहा गया है कि अस्थायी रिहाई की अवधि में डिब्रूगढ़ केंद्रीय जेल से दिल्ली तक जाने और वापस आने में लगने वाला समय शामिल होगा। वह अस्थायी रिहाई के दौरान दिल्ली के अलावा किसी अन्य क्षेत्र में प्रवेश नहीं करेंगे। सिंह या उनके रिश्तेदार को अमृतपाल के बयान की वीडियोग्राफी करने या प्रसारित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।



● अमृतसर के जिला मजिस्ट्रेट ने तय शर्तों पर जारी किया पेरोल

# विस अध्यक्ष बोले- सब कुछ राज्यपाल के हाथ में नहीं

**कोलकाता।** टीएमसी के नवनिर्वाचित दो विधायकों के शपथ ग्रहण को लेकर चल रहे गतिरोध के बीच विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया।

उन्होंने कहा कि सदन का कामकाज पूरी तरह से राज्यपाल पर निर्भर नहीं है। बनर्जी ने कहा कि शुक्रवार दोपहर को कार्य मंत्रणा समिति की बैठक होगी, जिसमें सत्र की अवधि पर फैसला किया जाएगा। विशेष सत्र शुक्रवार अपराह्न दो बजे से शुरू होगा। अगर कोई सोचता है कि हम असहाय हैं, तो वह (पुरुष/महिला) गलत है। विधानसभा असहाय नहीं है और सब कुछ राज्यपाल के हाथ में नहीं है। आप हम पर अपनी बात थोप नहीं सकते। नियम, कानून और संवैधानिक मानदंड है। हम सभी को उनका पालन करना होगा। तृणमूल कांग्रेस के दो नवनिर्वाचित विधायकों ने बृहस्पतिवार को छठे दिन भी पश्चिम बंगाल विधानसभा परिसर में धरना दिया। राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ने उन्हें राजभवन में शपथ के लिए आमंत्रित किया था। बारानगर विधायक सायंतिका बंद्योपाध्याय और भागबंगोला विधायक रयात हुसैन सरकार ने 27 जून को धरना शुरू किया जो चार जुलाई को भी जारी रहा।

## एनसीईआरटी परीक्षा पे चर्चा को ऑनलाइन प्रारूप में पुन : प्रस्तुत करने की दिशा में कर रही है काम

**नई दिल्ली।** एनसीईआरटी प्रधानमंत्री मोदी के वार्षिक परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को ऑनलाइन प्रारूप में पुन : प्रस्तुत करने की दिशा में काम कर रही है। उनके भाषणों को पेश करने के लिए पोर्टल को विकसित करने के प्रस्ताव पर काम किया जा रहा है जहां छात्र प्रधानमंत्री के साथ इनट्रैक्टिव 2डी/3डी तरीके से सेल्फी भी ले पाएंगे। यह कदम ऐसे वक्त में उठाया गया है जब प्रतियोगी परीक्षाएं कथित अनियमितताओं को लेकर विवादों में हैं और विपक्ष देश में परीक्षा प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहा है। विपक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी पर तंज कसते हुए मांग की है कि वह मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के मुद्दे को लेकर भी परीक्षा पे चर्चा करें। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने परीक्षा पे चर्चा के लिए वर्चुअली एग्ज़ीबिशन विकसित करने के वास्ते कंपनी की पहचान करने के लिए इस हफ्ते अभिरूचि पत्र (ईओएल) जारी किया है। योजना है कि एक ऐसा डिजिटल मंच विकसित किया जाए जो इनट्रैक्टिव 2डी/3डी से लैस हो तथा उसके माध्यम से छात्र जुड़ सकें और संवाद कर सकें।

# दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर नीति बनाए केंद्र : कोर्ट

**चेन्नई, एजेंसी**

● मद्रास ने दिल्ली हाईकोर्ट के दिये आदेश के अनुरूप उसे अधिसूचित करने का दिया निर्देश

मद्रास हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को दवाइयों की ऑनलाइन बिक्री से संबंधित नीति को दिल्ली हाईकोर्ट की ओर से 4 मार्च 2024 को दिये गए आदेश के अनुरूप जल्द से जल्द अंतिम रूप देने और उसे अधिसूचित करने का निर्देश दिया है।

न्यायमूर्ति एस एम सुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति सी कुमारप्पन की खंडपीठ ने एम/एस. प्रैक्टो टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड और सात अन्य द्वारा दायर अपीलों का निपटारा करते हुए अपने हालिया आदेश में यह निर्देश दिया। याचिकाकर्ताओं ने दवाओं और सौंदर्य प्रसाधनों के ऑनलाइन व्यापार पर रोक लगाने वाले एकल न्यायाधीश के दिसंबर 2018 के आदेश को चुनौती दी थी। पीठ ने कहा कि जब तक केंद्र द्वारा नीति तैयार नहीं कर ली जाती या दिल्ली उच्च न्यायालय मामले का अंतिम निपटारा नहीं कर देता तब तक आज तक जारी यथास्थिति बरकरार रहेगी। इस शर्त के अधीन दवाओं की ऑनलाइन बिक्री केवल लाइसेंस प्राप्त दवा विक्रेताओं के माध्यम से ही की जानी चाहिए। पीठ ने कहा कि किसी भी उल्लंघन की स्थिति में सक्षम प्राधिकारी कानून के अनुसार अपराधियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने के लिए बाध्य हैं।

# 5 हजार शिक्षकों के तबादले पर रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने स्कूलों में दस साल से ज्यादा समय से पढ़ा रहे 5000 शिक्षकों के तबादले के आदेश पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं।

आतिशी ने गुरुवार को कहा कि इस आदेश को ख़ारिज करने के एक जुलाई को दिल्ली के शिक्षा सचिव और शिक्षा विभाग के निदेशक को निर्देश दिए ।इन्ही शिक्षकों की मेहनत से दिल्ली सरकार के स्कूलों के बच्चे आईआईटी में जा रहे है। जेईई-नीट पास कर रहे है। इन्हीं के कारण दिल्ली के स्कूलों के नतीजे प्राइवेट से बेहतर आ रहे है। शिक्षा नीति कहती है कि शिक्षकों के लिए बड़े स्तर पर तबादले की प्रक्रिया नहीं होनी चाहिए।



● आतिशी ने मुख्य सचिव को तबादले वापस लेने के दिए निर्देश

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचा पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न का मामला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● राजभवन की महिला कर्मचारी ने राज्यपाल बोस के खिलाफ दाखिल की याचिका

प. बंगाल राजभवन की एक महिला कर्मचारी ने राज्यपाल सी वी आनंद बोस के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। अपनी याचिका में महिला दावा किया कि राज्यपाल को दी गई संवैधानिक प्रतिरक्षा के कारण वह उपचारविहीन हो गई है।

याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत से गुहार लगाई है कि यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच करने के लिए वह प. बंगाल पुलिस को निर्देश दे। याचिका में संविधान के अनुच्छेद 361 के तहत संवैधानिक व्यक्ति को प्राप्त प्रतिरक्षा की सीमा तक दिशानिर्देश और योग्यता निर्धारित करने का भी अनुरोध किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 361 (2) में कहा गया है कि राष्ट्रपति या कि राज्यपाल के खिलाफ उनके कार्यकाल के दौरान किसी भी अदालत में कोई आपराधिक कार्यवाही न तो शुरू की जा सकती या जारी नहीं रखी जा सकती है। याचिका में उक्त प्रावधान का हवाला देते हुए दलील दी गई है कि ऐसी शक्तियों को पूर्ण नहीं समझा जा सकता, जिससे राज्यपाल को ऐसे कार्य करने का अधिकार मिल जाए जो अवैध हों या जो संविधान के भाग तीन की बुनियाद पर प्रहार करते हैं। याचिकाकर्ता ने शिकायतों को उजागर करते हुए राजभवन को शिकायत भी लिखी थी, लेकिन अधिकारियों के निष्क्रियता से अपमानित किया गया। उसे राजनीतिक हथियार बताया गया, जबकि उसके आत्मसम्मान की सुरक्षा नहीं की गई। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि संवैधानिक छूट की आड़ में राज्यपाल को अनुचित कार्य करने और लैंगिक हिंसा करने की अनुमति नहीं है, जबकि देश के हर दूसरे नागरिक को ऐसा करने से प्रतिबंधित किया गया है।

# अग्निपथ योजना : कांग्रेस बोली– श्वेत पत्र लाए सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● राहुल गांधी के बयान और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के जवाब के बाद पैदा हुआ विवाद

कांग्रेस ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के अग्निवीर के संदर्भ में दिए बयान और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से इसका प्रतिवाद किए जाने के बाद पैदा विवाद के बीच गुरुवार को कहा कि सरकार को अग्निपथ योजना को लेकर श्वेत पत्र लाना चाहिए ताकि देश को वास्तविक स्थिति का पता चल सके।

पार्टी के पूर्व सैनिक विभाग के प्रमुख कर्नल (सेवानिवृत्त) रोहित चौधरी ने कहा कि सरकार में आने पर कांग्रेस इस योजना को खत्म कर पुरानी भर्ती प्रक्रिया को बहाल करेगी। चौधरी ने कहा कि संसद में रक्षा मंत्री ने देश के सामने आधी-अधूरी जानकारी रखी, जिससे एक संशय का माहौल बन गया। विपक्ष के नाते हमारी जिम्मेदारी है कि सेना और अग्निवीरों के साथ जो भेदभाव हो रहा है, उन मुद्दों को उठाएं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का कहना है कि सैनिकों, सेना और शहीदों के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। यह सिर्फ शहीद अग्निवीर अजय सिंह का नहीं, बल्कि शहीद हुए 13 अग्निवीरों, सेना में सेवारत अग्निवीरों, ट्रेनिंग ले रहे अग्निवीरों और देश की सुरक्षा का मामला है। सरकार को अग्निपथ योजना, अग्निवीरों और नियमित सैनिकों के बीच भेदभाव, शहीदों के परिवरों को मिलने वाली सहायता राशि पर श्वेत पत्र पर लाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि दिवंगत अग्निवीर अजय सिंह के परिवार को सरकार से सिर्फ 48 लाख रुपये मिले, जबकि उन्हें पंजाब सरकार से एक करोड़ रुपये और एक निजी बैंक में खाते के चलते 50 लाख रुपये की राशि मिली। सेना ने बुधवार को सोशल मीडिया पोस्ट में किए गए उन दावों को खारिज कर दिया कि ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले अग्निवीर अजय कुमार के परिजनों को मुआवजा का भुगतान नहीं किया गया। सेना ने कहा कि परिवार को देय राशि में से 98.39 लाख रुपये का भुगतान पहले ही किया जा चुका है।

### मोदी के ढाई घंटे में महंगाई का जिक्र नहीं : ख़रगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी पर हमला करते हुए कहा कि वह संसद में ढाई घंटे तक भाषण देते रहे लेकिन मुद्रास्फीति का जिक्र नहीं किया गया जबकि महंगाई ने लागों की कमर तोड़ दी है। खरगे ने सोशल मीडिया में एक पोस्ट में कहा कि महंगाई आसमान छू रही है और आवश्यक वस्तुओं के दाम लोगों के बस से बाहर हो गए हैं लेकिन सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है और मोदी सिर्फ भाषण दिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री को संबोधित पत्र में उन्होंने कहा, मोदी जी, आप ढाई–ढाई घंटे के भाषण देते हैं, पर महंगाई के मुद्दे के बारे में ढाई शब्द नहीं बोल पाते।



# विश्वविजेता टीम के स्वागत में उमड़ा जनसैलाब

- सुबह दिल्ली पहुंची टीम ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात
- मुंबई रोड शो में स्वागत को पहुंचे लाखों लोग, सड़कें जाम




नई दिल्ली, एजेंसी

टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम गुरुवार को विशेष विमान से स्वदेश लौट आई। लगातार बूंदाबादी और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हवाई अड्डे पर प्रशंसकों ने खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया जिसके बाद टीम के सदस्यों ने नाश्ते पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।

खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए यहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे सैकड़ों प्रशंसक मौसम की परवाह किए बिना विभिन्न नारे लिखे बैनर और राष्ट्रीय ध्वज लहरा रहे थे। उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई दी। खिलाड़ियों की वापसी के दौरान नाच-गाना हो रहा था, खूब सारे केक थे और सड़कों पर प्रशंसक थे जो दर्शा रहे थे कि क्रिकेट देश में सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला खेल क्यों है। थके हुए खिलाड़ी भी हवाई अड्डे से होटल पहुंचने के बाद मस्ती में शामिल हुए और पार्टी का माहौल पूरा किया।

कुछ देर बाद वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने उनके आवास के लिए रवाना हो गए। होटल लौटने से पहले भारतीय दल ने बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी, सचिव जय शाह और निवर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की मौजूदगी में प्रधानमंत्री के 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास पर करीब दो घंटे बिताए। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में खिलाड़ियों को मोदी के साथ हल्की-फुल्की बातचीत करते देखा जा सकता है। कोहली ने इंस्टाग्राम पर प्रधानमंत्री के साथ अपनी एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मिलना हमारे लिए बहुत सम्मान की बात है। हमें प्रधानमंत्री आवास पर आमंत्रित करने के लिए आपका धन्यवाद। पिछले साल एकदिवसीय विश्व कप हारने के बाद यह विश्व कप जीतना हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। शनिवार को भारत ने अपना दूसरा टी-20 विश्व कप जीता और आईसीसी ट्रॉफी का 11 साल का इंतजार खत्म किया। भारत ने पिछला आईसीसी खिताब 2013 में जीता था जब उसने महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की थी। भारत ने इसके पहले विश्व कप खिताब 1983 (एकदिवसीय), 2007 (टी20) और 2011 (एकदिवसीय) में जीते थे।







## तिरंगे और ट्राफी साथ निकली विजय यात्रा, टीम इंडिया को दी 125 करोड़ की भेंट

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के बाद मुम्बई में लाखों की संख्या में प्रशंसकों की भारी भीड़ के बीच खिलाड़ियों ने विजय रथ (ओपन रूफ बस में) सवार होकर तिरंगे लहराते और ट्रॉफी के साथ नरीमन पॉइंट से वानखेड़े स्टेडियम तक विजय यात्रा निकाली। टी-20 विश्वकप विजेता टीम को देखने का जुनून प्रशंसकों पर इतना था कि बारिश के बावजूद सड़क के बीच और दोनों किनारों पर छाते और तिरंगा लहराते देखे गए। बीसीसीआई और भारतीय टीम ने प्रशंसकों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। खचाखच भरे वानखेड़े स्टेडियम में आयोजित सम्मान समारोह में टी-20 विश्वकप विजेता टीम को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि ये ट्रॉफी पूरे देश को समर्पित है तो वहीं टीम के कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि ये भारतीय टीम के कड़ी मेहनत का फल है। भारतीय खिलाड़ियों ने बीसीसीआई द्वारा सम्मानित किए जाने के बाद ग्राउंड का चक्कर लगाकर प्रशंसकों का अभिवादन किया। इस दौरान रोहित और अन्य खिलाड़ी टेनिस बॉल देते हुए नजर आए। खिलाड़ियों ने टी-शर्ट भी बांटी। बीसीसीआई की ओर से टीम इंडिया को 125 करोड़ रुपये सम्मान राशि भेंट की गई। इस बीच राहुल द्रविड़ ने कहा मैं इस प्यार को मिस करूंगा। आज रात मैंने सड़कों पर जो देखा, मैं उसे कभी नहीं भूलूंगा।








# भांबरी-ओलिवेटी की जोड़ी दूसरे दौर में

लंदन, एजेंसी

भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी ने गुरुवार को यहां पुरुष युगल स्पर्धा के दूसरे दौर में प्रवेश किया जबकि ओलंपिक दल के सदस्य एन श्रीराम बालाजी और ल्यूक जॉनसन की जोड़ी विम्बलडन चैम्पियनशिप से बाहर हो गई। भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी ने कजाखस्तान के एलेक्जैंडर बुबलिक और एलेक्जैंडर श्वेचेंको की जोड़ी को 58 मिनट में 6-4 6-4 से पराजित किया। अब भांबरी और ओलिवेटी का सामना जर्मनी के क्राविट्ज और टिम पुएट्ज की जोड़ी से होगा।

बालाजी और जॉनसन को पहले दौर में सर्बिया के मेट पाविक और अल साल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो की चौथी वरीय जोड़ी से 4-6 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने रोबिन हास और सैंडर एरेंड्स की जोड़ी पर आसान जीत के साथ दूसरे दौर में प्रवेश किया।

बोपन्ना और एब्डेन ने बुधवार को बारिश से बाधित पहले दौर के मुकाबले में एक घंटे 11 मिनट में नीदरलैंड के अपने प्रतिद्वंद्वियों को 7-5, 6-4 से हराया। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी दूसरे दौर में हेंड्रिक जेबेंस और कॉन्सटेंटिन फ्रेंटजन की जर्मनी की जोड़ी से भिड़ेगी। बोपन्ना और एब्डेन पिछले साल सत्र के तीसरे ग्रैंड स्लैम विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे। इससे पहले सुमित नागल और उनके सर्बियाई जोड़ीदार दुसान लाजोविच को पहले दौर में स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज और जॉमे मुनार से हार का सामना करना पड़ा।




### मेदवेदेव अगले दौर में पहुंचे, ओसाका हारी

**लंदन।** विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में डेनिल मेदवेदेव जहां अपना मुकाबला जीतकर अगले दौर में पहुंच गए, वहीं नाओमी ओसाको को हार का सामना करना पड़ा है। महिला एकल के अन्य मुकाबलो में चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका को दूसरे दौर में 19वें नंबर की ऐमा नवारो ने 6-4, 6-1 से हराकर प्रतियोगिता से बाहर का रास्ता दिखा दिया। इसके अलावा बीट्रिज हदाद मेइया ने भी मैग्डेलेना फ्रेच को 7-5, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। दूसरी तरफ पुरुष एकल में पांचवी वरीयता प्राप्त मेदवेदेव को भी सेंटर कोर्ट पर कठिन शुरुआत मिली। उन्हें एलेक्जेंडर मुलर ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन मेदवेदेव ने शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए 6-7(3) 7-6(4) 6-4 7-5 से जीत दर्ज की। पुरुष एकल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी इटली के यानिक सिनर ने अपने हमवतन माटेओ बेरेटिनी को कड़े मुकाबले में 7-6, 7-6, 2-6, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

## राजावत ने गेम्के को हराया कनाडा ओपन के दूसरे दौर में

**कैलगेरी (कनाडा)।** उभरते हुए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत ने यहां कनाडा ओपन के पुरुष एकल के पहले दौर में अपने से बेहतर रैंकिंग वाले डेनमार्क के रासमुस गेम्के को हराया।

दुनिया के 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत ने आठवें वरीय गेम्के को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में एक घंटे और 10 मिनट में 17-21 21-16 21-14 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। राजावत अब पुरुष एकल में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी बचे हैं। वह अगले दौर में जापान के ताकुमा ओबायाशी से भिड़ेंगे। पुरुष एकल में हिस्सा ले रहे दो अन्य भारतीयों आयुष शेट्टी और एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम को हार का सामना करना पड़ा। शेट्टी को जापान के छठे वरीय कोकी वातानाबे के हाथों शिकस्त का सामना करना पड़ा जबकि शंकर को फ्रांस के एलेक्स लेनियर के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। महिला एकल में तान्या हेमंत और अनुपमा उपाध्याय भी दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहीं। तान्या ने कनाडा की जैकी डेंट को हराया जबकि अनुपमा ने आयरलैंड की रैशेल डेरेग को हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। तान्या अगले दौर में थाईलैंड की तीसरी वरीय बुसानन ओंगबैमरुंगफान से भिड़ेंगी जबकि अनुपमा को कनाडा की मिशेल ली के खिलाफ खेलना है।

## खेल डायरी

### डोप जांच में विफल रही दीपांशी, नाडा ने किया निलंबित

**नई दिल्ली।** नाडा ने हाल में राष्ट्रीय अतंर राज्यीय चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली भारत की शीर्ष महिला 400 मीटर धाविका दीपांशी को डोप जांच में विफल होने के कारण निलंबित किया। दीपांशी ने शुक्रवार को पंचकुला में महिलाओं के 400 मीटर फाइनल में किरण पहल (50 .92 सेकेंड) के बाद 52 .01 सेकेंड के समय से दूसरा स्थान हासिल किया था। टूर्नामेंट के दौरान लिए गए डोप नमूने में एनाबोलिक स्टेरायड मिला है। ये नमूने 27 जून को हीट रेस के बाद या सेमीफाइनल में लि गए। राष्ट्रीय अंतर्राज्यीय चैंपियनशिप 27 से 30 जून में यह पहला डोप पॉजिटिव मामला सामने आया है जो पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी था।

### त्वेसा संयुक्त 24वें और दीक्षा 46वें स्थान पर

**लंदन।** भारतीय महिला गोल्फर त्वेसा मलिक संधू यहां अरामको टीम सीरीज लंदन के पहले दौर में इवन पार 73 के कार्ड से संयुक्त 24वें स्थान पर रहीं। उनकी साथी भारतीय दीक्षा डागर दो ओवर 75 के कार्ड से संयुक्त 46वें स्थान पर बनी हुई हैं जबकि प्रणवी उर्स ने सात ओवर 80 का निराशाजनक कार्ड खेला जिससे उनके कट में प्रवेश की संभावना नहीं है। दीक्षा अगले हफ्ते मेजर एवियन चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगी, उन्होंने तीन बर्डी लगायीं जबकि तीन बोगी और एक डबल बोगी की।

### अमेरिका महिला क्रिकेट टीम के कोच बने मोरिंग

**न्यूयॉर्क।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर हिल्टन मोरिंग को अमेरिका की राष्ट्रीय महिला और अंडर-19 टीम का कोच नियुक्त किया गया। अमेरिका की क्रिकेट संस्था ने यह घोषणा की। मोरिंग वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर शिवनारायण चंद्रपाल की जगह लेंगे और इस साल बांग्लादेश में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए टीम को तैयार करेंगे। दक्षिण अफ्रीका महिला टीम के कोच रह चुके 46 वर्षीय मोरिंग ने कहा कि वह अमेरिका में क्रिकेट के विकास में योगदान करना चाहते हैं।

### शतरंज : गुकेश ने करुआना को बराबरी पर रोका

**बुकारेस्ट (रोमानिया)।** विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर में शीर्ष पर चल रहे अमेरिका के फाबियानो करुआना को बराबरी पर रोका। एक बार फिर दिन की सभी बाजियां ड्रॉ रही। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने रूस के इयान नेपोमनियाची के साथ अंक बांटे। अंतिम स्थान पर चल रहे रोमानिया के डिएक बोगडेन-डेनियल ने फिरोजा के साथ ड्रॉ खेला जबकि गिरी ने वाचियेर-लाग्रेव के साथ बाजी ड्रॉ की। शीर्ष वरीय करुआना दो जीत और पांच ड्रॉ से 4 .5 अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार हैं। उनके बाद गुकेश, प्रज्ञानानंदा और फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा हैं जो अमेरिकी से आधा अंक पीछे हैं। नेपोमनियाची 3 .5 अंक के साथ फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर-लाग्रेव के साथ संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं। अमेरिका के वेस्ली सो, नीदरलैंड के अनीश गिरी और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव की तिकड़ी उनसे आधा अंक पीछे है।

### बिलियर्ड्स चैंपियनशिप: आडवाणी ने पारिख को हराया

**रियाद।** भारत के शीर्ष क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सिद्धार्थ पारिख को 4-2 से हराकर एशियाई बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में खिताब की हैट्रिक की ओर कदम बढ़ाए। मैच में पारिख ने शानदार शुरुआत करते हुए पहला फ्रेम 101-38 से जीता। दूसरे फ्रेम में कड़ा मुकाबला देखने को मिला लेकिन पारिख ने 100-99 से आडवाणी को हराकर 2-0 की बढ़त बनाई। आडवाणी ने दो फ्रेम से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए तीसरा फ्रेम 101-0 से जीता। चौथे फ्रेम में पारिख 95 के ब्रेक के बावजूद आडवाणी को 101-95 से जीतने से नहीं रोक पाए। आडवाणी पांचवें फ्रेम में हावी रहे और 87 के ब्रेक के साथ 104-2 की जीत से 3-2 की बढ़त बनाने में सफल रहे।

# ओलंपिक में 28 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम की अगुवाई करेंगे नीरज चोपड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी



- 1 से 11 अगस्त तक आयोजित होंगी ट्रैक एवं फील्ड की स्पर्धाएं, 11 महिलाएं, 17 पुरुष शामिल

मौजूदा चैंपियन नीरज चोपड़ा 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में भारत की 28 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम की अगुवाई करेंगे। तोक्यो ओलंपिक में भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीतने वाले और मौजूदा विश्व चैंपियन चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक की तैयारी के सिलसिले में डायमंड लीग के अंतिम चरण में भाग नहीं लेने का फैसला किया है।

भारतीय एथलेटिक्स टीम में 17 पुरुष और 11 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। चोपड़ा के अलावा इनमें एशियाई खेलों के चैंपियन अविनाश साबले, तेजिंदरपाल सिंह तूर और बाधा दौड़ के धावक ज्योति याराजी जैसे अन्य प्रमुख खिलाड़ी भी शामिल हैं। पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम में मुहम्मद अनस, मुहम्मद अजमल, अमोज जैकब और राजेश रमेश शामिल हैं। इस टीम ने हाल में विश्व चैंपियनशिप में अमेरिका की टीम को पीछे छोड़कर सनसनी मचा दी थी। पेरिस ओलंपिक में ट्रैक एवं फील्ड की स्पर्धाएं 1 अगस्त से 11 अगस्त तक होगी।

पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय एथलेटिक्स टीम में पुरुष : अविनाश साबले (3,000 मीटर स्टीपलचेज़), नीरज चोपड़ा, किशोर कुमार जेना (भाला फेंक), तजिंदरपाल सिंह तूर (शॉट पुट), प्रवीण चित्रवेल, अबुल्ला अबूबकर (ट्रिपल जंप), अक्षदीप सिंह, विकास सिंह, परमजीत सिंह बिष्ट (20 किमी पैदल चाल), मुहम्मद अनस, मुहम्मद अजमल, अमोज जैकब, संतोष तमिलारासन, राजेश रमेश (4x400 मीटर रिले), मिजो चाको कुरियन (4x400 मीटर रिले), सूरज पंवार (पैदल चाल मिश्रित मैराथन), सर्वेश अनिल कुशारे (ऊंची कूद)। **महिला :** किरण पहल (400 मीटर), पारुल चौधरी (3,000 मीटर स्टीपलचेज़ और 5,000 मीटर), ज्योति याराजी (100 मीटर बाधा दौड़), अन्नू रानी (भाला फेंक), आभा खटुआ (शॉट पुट), ज्योतिका श्री दांडी, सुभा वेंकटेशन, विथ्या रामराज, पूवम्मा एमआर (4x400 मीटर रिले), प्राची (4x400 मीटर), प्रियंका गोस्वामी (20 किमी पैदल चाल)।

# द. अफ्रीका के खिलाफ तैयारी पुख्ता करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

चेन्नई, एजेंसी

टी-20 श्रृंखला



भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला का इस्तेमाल एशिया कप और टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों और रणनीति को पुख्ता करने के लिए करेगी। श्रीलंका में 19 जुलाई से होने वाले एशिया कप और बांग्लादेश में चार अक्टूबर से होने वाले आईसीसी टी-20 विश्व कप से पहले यह भारत की सफेद गेंद से आखिरी द्विपक्षीय श्रृंखला है। इसे देखते हुए हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम इन बड़े टूर्नामेंट की तैयारी के लिए अपने प्रयास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

टीम ने बेंगलुरू में तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला और यहां एकमात्र टेस्ट में भी इसके संकेत दिए हैं। दक्षिण अफ्रीका से टक्कर मिलने के बावजूद भारत ने अब तक सभी मैच जीते हैं। 2023 से अब तक भारत ने सात टी-20 श्रृंखला खेली हैं जिनमें से तीन में उसे जीत मिली है और चार में हार का सामना करना पड़ा है। टीम इस आंकड़े को बेहतर करना चाहेगी। दक्षिण अफ्रीका बल्लेबाजी में अच्छी शुरुआत के लिए कप्तान लॉरा वोलवार्ट पर बहुत अधिक निर्भर होगा। वोलवार्ट ने एकदिवसीय श्रृंखला और एकमात्र टेस्ट में शतक लगाकर अपनी शानदार फॉर्म की झलक दिखाई। अगर दक्षिण अफ्रीका को पिछले साल जनवरी के बाद टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला जीतनी है तो सलामी बल्लेबाज वोलवार्ट का प्रदर्शन महत्वपूर्ण होगा।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### जापान में नसबंदी का शिकार हुए लोगों को मुआवजा देने का आदेश

**तोक्यो।** जापान के उच्चतम न्यायालय ने एक ऐतिहासिक फैसले में बुधवार को सरकार को उन पीड़ितों को उचित मुआवजा देने का आदेश दिया जिनकी अब निरस्त किए जा चुके यूजेनिक्स प्रोटेक्शन लॉ के तहत जबरन नसबंदी की गयी थी। यह कानून शारीरिक रूप से अक्षम लोगों के संतान न पैदा करने के लिए बनाया गया था। ऐसा अनुमान है कि पैदा होने वाली संतानों में किसी प्रकार की शारीरिक कमी को रोकने के लिए 1950 से 1970 के बीच इस कानून के तहत बिना सहमति के करीब 25,000 लोगों की नसबंदी की गयी थी।

### कनाडा में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में एक की मौत

**ओटावा।** कनाडा के पश्चिम में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। सीटीवी रिपोर्ट के मुताबिक, घटना कोलंबिया के पास बीसी अलबर्टा बोर्डर के नजदीक कोलंबिया वैली क्षेत्र में मंगलवार शाम को हुई। हेलिकॉप्टर में सवार तीन लोगों में से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जो पायलट था और दो लोग घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### एक महीने में तीसरे पर्वतारोही ने गंवाई जान

**पेशावर।** उत्तरी पाकिस्तान के सबसे ऊंचे पहाड़ों में से उतरते समय एक जापानी पर्वतारोही की मौत हो गई। एक महीने से भी कम समय में इस पहाड़ पर किसी जापानी के साथ यह ऐसी तीसरी घटना है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

### भारत की यात्रा के बाद चीन जाएंगी हसीना

**बीजिंग।** चीन ने गुरुवार को कहा कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना अगले सप्ताह की शुरुआत में बीजिंग का दौरा करेंगी और राष्ट्रपति शी चिनफिंग सहित देश के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगी, जिससे आपसी राजनीतिक विश्वास बढ़ेगा और द्विपक्षीय संबंध एक नए स्तर पर पहुंचेंगे। हसीना 8 से 10 जुलाई तक चीन की यात्रा पर रहेंगी। भारत यात्रा के कुछ दिनों बाद उनकी इस यात्रा को भारत और चीन के बीच संबंधों को संतुलित करने के एक स्पष्ट प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

### जापानी शख्स को जेल के साथ बेंत से मारने की सज़ा

**कुआलालंपुर।** सिंगापुर में नशे में धुत छात्रा पर क्रूर हमला करने और बलात्कार के जुर्म में एक जापानी हेयर स्टाइलिस्ट को 17 .5 साल की जेल और 20 बेंत मारने की सजा सुनाई गई है। उसके वकील ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बचाव पक्ष के वकील एड्रियन वी ने बताया कि 39 वर्षीय किता इक्को ने बलात्कार और अश्लील फिल्म बनाने के आरोप को सोमवार को स्वीकार कर लिया था। समाचार एजेंसी 'क्योदो' ने सिंगापुर में जापानी दूतावास के हवाले से कहा कि सिंगापुर में बेंत से मारने की सज़ा पाने वाला किता पहला जापानी है।

# बारिश का मौसम आया... सांपों से जरा बचके रहें



बारिश का मौसम शुरू होते ही सांपों का खतरा बढ़ जाता है। देशभर में कई जगह से सर्पदंश से होने वाली मौत की खबरें आती रहती हैं। दुनियाभर में सांपों की अनगिनत प्रजातियां पाई जाती हैं। अगर भारत की बात करें तो देश में सांपों की लगभग 300 प्रजातियां पाई जाती हैं। इन प्रजातियों में से करीब 50 प्रजातियां बेहद ही जहरीली होती हैं। भारत में पाए जाने वाले सभी सांपों में से केवल 15 से 17 प्रतिशत ही विषैले होते हैं, जिनमें समुद्री सांप भी शामिल हैं। भारत में 16 जुलाई को विश्व सर्प दिवस मनाया जाएगा। इसी के मद्देनजर सांपों के हमले से बचाव और प्रजातियों पर एक नजर डालते हैं।

#### देश में पाए जाने वाले सांप

भारत में अजगरों की तीन प्रजातियां पाई जाती हैं - भारतीय रॉक अजगर, बर्मीज अजगर और जालीदार अजगर। जिन्हें दुनिया की सबसे बड़ी सांप प्रजाति माना जाता है। किंग कोबरा दुनिया का सबसे लंबा विषैला सांप है। कॉमन करैत, रसेल वाइपर, सॉ स्केल्ड वाइपर, चश्माधारी कोबरा, पिट वाइपर, बैंडेड करैत, बैम्बू पिट वाइपर और अंडमान पिट वाइपर।

#### सबसे ज्यादा प्रजातियों वाला राज्य

दुनियाभर में सबसे ज्यादा सांपों की प्रजातियां ब्राजील के अमेजन के जंगलों में पाई जाती हैं। इनमें से एनाकोंडा सबसे प्रमुख है। वहीं भारत का केरल एक ऐसा राज्य है, जहां सबसे ज्यादा प्रजाति के सांप मिलते हैं। लेकिन लक्षद्वीप एक ऐसा केंद्र शासित प्रदेश है, जहां पर एक भी सांप नहीं पाया जाता है। वहीं मध्य प्रदेश में सांपों की 36 प्रजातियां पाई जाती हैं।

#### सांप काटने के लक्षण

जहरीले सांप के काटने से शरीर में काटने वाली जगह पर दर्द और सूजन, ऐंठन, मतली, उल्टी, अकड़न या कपकपी, एलर्जी, पलकों का गिरना, घाव के चारों ओर सूजन, जलन, लाल होना, त्वचा के रंग में बदलाव, दस्त, बुखार, पेट दर्द, सिरदर्द, जी मिचलाना, मांसपेशियों की कमजोरी, प्यास लगना, लो बीपी, घाव से खून बहना, बहुत पसीना आना और अंगों के आसपास के हिस्से का सुन पड़ना शामिल है।

#### सांप के काटने पर क्या करें

सांप काटने पर तुरंत इलाज के लिए मरीज को अस्पताल ले जाएं। जिस जगह सांप ने काटा है, उस स्थान को बिल्कुल न हिलाएं। ब्लीडिंग होने पर खून को बहने दें। खून रोकने के लिए बीटाडीन का इस्तेमाल कर सकते हैं। पीड़ित व्यक्ति को शांत रखें और जितना संभव हो व्यक्ति को स्थिर रखें। घाव को ढीली और साफ पट्टी से कवर करें।

#### भारत में सबसे जहरीली प्रजाति

भारत में पाए जाने वाले सभी सांपों में सबसे जहरीला सांप रसैल वाइपर है। इसके काटने से कुछ ही घंटों में इंसान की मौत हो जाती है। जानकार बताते हैं कि रसैल वाइपर के काटने से इंसान के शरीर के खून में थक्के जमने लगते हैं और कुछ ही देर में इंसान काल के गाल में समा जाता है।

#### ये रखें सावधानी

- जूते, टंगे कपड़ें आदि को झाड़कर ही पहनें।
- घर के कॉर्नर आदि को साफ सुथरा रखें।
- नीचे रखे बैग, पुराने सामान को चेक करते रहें।
- आंगन से अनावश्यक घास, पेड़-पौधों को हटवा दें।
- घास आदि में चलते समय जूते जरूर पहनें।

#### ऐसे रखें सांपों को दूर

- लेमनग्रास, गेंदा का फूल, स्नैक प्लांट, तुलसी, कैक्टस आदि पौधे घर के आसपास लगाएं।
- घर में फिनाइल का छिड़काव कर दें। इसकी जगह पर आप विनेगर या मिट्टी का तेल भी स्प्रे कर सकते हैं।
- सांप निकलने पर आप लौंग और दालचीनी के तेल को मिक्स करके उस पर स्प्रे कर सकते हैं।

# आतंकवाद को पनाह देने वाले हों बेनकाब

## एससीओ के राष्ट्र प्रमुखों की परिषद की बैठक में जयशंकर ने पढ़ा प्रधानमंत्री मोदी का संदेश

अस्ताना, एजेंसी

भारत ने गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से उन देशों को अलग-थलग करने और बेनकाब करने को कहा जो आतंकवादियों को प्रश्रय देते हैं, उन्हें सुरक्षित पनाहगाह मुहैया करोते हैं और आतंकवाद को नजरअंदाज करते हैं। भारत ने चीन और पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर आतंकवाद को बेलगाम छोड़ दिया गया तो यह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा बन सकता है।

कजाखस्तान की राजधानी अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्र प्रमुखों की परिषद की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश पढ़ते हुए जयशंकर ने कहा कि एससीओ का एक मूल लक्ष्य आतंकवाद से लड़ना है। जयशंकर ने सम्मेलन में कहा हममें से कई लोगों के अपने अनुभव हैं, जो अक्सर हमारी सीमाओं से परे सामने आते हैं। यह बात स्पष्ट होनी चाहिए कि अगर आतंकवाद को बेलगाम छोड़ दिया गया तो यह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए एक बड़ा खतरा बन सकता है। किसी भी रूप या स्वरूप में आतंकवाद को उचित नहीं ठहराया जा सकता या माफ नहीं किया जा सकता। सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी शामिल हुए। जयशंकर ने पाकिस्तान और उसके सहयोगी चीन के परोक्ष संदर्भ में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को उन देशों को अलग-थलग करना चाहिए और बेनकाब कर देना चाहिए जो आतंकवादियों को पनाह देते हैं, सुरक्षित पनाहगाह प्रदान करते हैं और आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं।

चीन ने अक्सर पाकिस्तान के वांछित आतंकवादियों को काली सूची में डालने के लिए संयुक्त राष्ट्र में प्रस्तुत प्रस्तावों को अवरुद्ध दिया है। उन्होंने कहा सीमापार आतंकवाद के लिए निर्णायक प्रतिक्रिया चाहिए और आतंकवाद के वित्तपोषण तथा भर्ती से दृढ़ता से निपटना होगा।



सम्मेलन में बात रखते जयशंकर।



चीन व रूस के राष्ट्रपति समेत उपस्थित कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष। ● एजेंसी

### 2025 में सम्मेलन की अध्यक्षता करेगा चीन

**अस्ताना।** एससीओ की अगली बैठक 2025 में चीन में होगी और चीन एससीओ की अध्यक्षता भी करेगा। एससीओ के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद के अस्ताना घोषणापत्र में कहा गया आगामी समय के लिए एससीओ की अध्यक्षता चीन को सौंपी जा रही है।

### जलवायु परिवर्तन चिंतनीय, भारत उठा रहा कदम

**अस्ताना।** जयशंकर ने कहा कि जलवायु परिवर्तन दुनिया के सामने एक प्रमुख चिंता का विषय है और भारत उत्सर्जन में संकल्पित कमी लाने तथा जलवायु के अनुरूप लचीला बुनियादी ढांचा निर्माण करने की दिशा में काम कर रहा है। जिसमें वैकल्पिक ईंधन की ओर बदलाव, इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाना और जलवायु के अनुरूप लचीला बुनियादी ढांचा निर्माण शामिल है। भारत की एससीओ अध्यक्षता के दौरान परिवहन क्षेत्र में कार्बन से मुक्ति पर एक संकल्पना पत्र को मंजूरी दी गई थी। सम्मेलन के दौरान मोदी ने कहा था कि भारत पहले ही 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन हासिल करने के लक्ष्य की घोषणा कर चुका है।

### एससीओ की सुरक्षा बनाए रखना मुख्य कार्य : पुतिन

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि एससीओ के सदस्य देशों की सुरक्षा संगठन की प्राथमिकता बनी हुई है और इस कार्य को पूरा करने के लिए एससीओ क्षेत्रीय आतंकवाद रोधी संरचना में बदलाव लाया जाएगा। पुतिन ने बैठक में कहा, बेशक, बाहरी सीमाओं के दायरे के साथ राज्य प्रतिभागियों की सुरक्षा का रखरखाव एससीओ की प्राथमिकताओं में से एक रहा है और रहेगा। एससीओ क्षेत्रीय आतंकवाद-रोधी संरचना को एक सार्वभौमिक केंद्र में बदलने पर आज लिए गए निर्णय सुरक्षा खतरों की पूरी श्रृंखला को जवाब देने में सक्षम है।

### जयशंकर ने चीनी समकक्ष से कहा- एलएसी का हो सम्मान

**अस्ताना।** भारत तथा चीन गुरुवार को पूर्वी लद्दाख में शेष मुद्दों को जल्द से जल्द हल करने के प्रयास बढ़ाए जाने पर सहमत हुए। जयशंकर ने अपने चीनी समकक्ष वांग यी से कहा कि एलएसी का सम्मान करने के साथ ही सीमा पर शांति सुनिश्चित करना आवश्यक है। सीमा क्षेत्रों में शेष मुद्दों के शीघ्र समाधान पर चर्चा की। कूटनीतिक और सैन्य माध्यमों से प्रयासों को दोगुना करने पर सहमति बनी। विदेश मंत्रालय ने कहा दोनों मंत्रियों ने दोनों पक्षों के राजनयिक और सैन्य अधिकारियों के बीच बैठकें जारी रखने तथा इन्हें बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की।

### चाबहार बंदरगाह एयरपोर्ट महत्वपूर्ण

**अस्ताना।** सम्मेलन में चाबहार बंदरगाह एयरपोर्ट को लेकर जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण पढ़ा। जिसमें कहा गया कि भारत और ईरान के बीच दीर्घकालिक समझौते के माध्यम से हाल में चाबहार बंदरगाह पर हुई प्रगति न केवल भूमि से घिरे मध्य एशियाई राज्यों के लिए मूल्यवान है, बल्कि भारत और यूरेशिया के बीच वाणिज्य को भी जोखिम मुक्त करता है। भाषण के अनुसार वर्तमान वैश्विक बहस नए संपर्क मार्गों को बनाने पर केंद्रित है जो एक पुनर्संतुलित दुनिया के लिए बेहतर होगा। कहा यदि इसे तेज गति प्राप्त करनी है, तो कई देशों के संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता है।

# ऋषि सुनक का चुनावी भविष्य मतपेटी में कैद

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन में गुरुवार को आम चुनाव के लिए वोट डाले गए, जिसमें प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और लेबर पार्टी से उनके प्रतिद्वंद्वी कीर स्टार्मर सहित लाखों लोगों ने मतदान किया। सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति उत्तरी इंग्लैंड के यॉर्कशायर में रिचमंड और नॉर्थलेर्टन के अपने निर्वाचन क्षेत्र में स्थानीय मतदान केंद्र पर पहुंचे।

थोड़ी देर बाद स्टार्मर और उनकी पत्नी विक्टोरिया लाल रंग की पोशाक पहने उत्तरी लंदन के कैमडेन में अपने मतदान केंद्र पर पहुंचे। इस चुनाव में प्रधानमंत्री एवं कंजर्वेटिव पार्टी के नेता ऋषि सुनक (44) के राजनीतिक भविष्य का फैसला होगा। सुनक का मुख्य मुकाबला लेबर पार्टी के कीर स्टार्मर से है। सुनक ने मतदाताओं से कर बढ़ाने वाली लेबर पार्टी को बहुमत नहीं देने का आग्रह किया है। इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड में 650 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उम्मीदवार खड़े किए गए हैं।

दो मुख्य दलों के अलावा, लिबरल डेमोक्रेट्स, ग्रीन पार्टी, स्कॉटिश नेशनल पार्टी (एसएनपी), एसडीएलपी, डेमोक्रेटिक यूनियनिस्ट पार्टी (डीयूपी), सिन फिएन, प्लेड सायमरू, रिफॉर्म पार्टी ने भी अपने उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारे हैं। कई निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में हैं।

### ब्रिटेन में डाले गए वोट



पत्नी के साथ वोट डालने जाते सुनक।

- इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड में 650 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उम्मीदवार खड़े

### 40,000 मतदान केंद्र, चार करोड़ 60 लाख मतदाता

देश भर में बनाए गए करीब 40,000 मतदान केंद्र स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे खुल गए जिनमें लगभग चार करोड़ 60 लाख मतदाता अपनी पसंद के उम्मीदवार का चुनाव कर सकेंगे। इस बार मतदान केंद्र पर पहचान पत्र साथ ले जाना अनिवार्य है। मतदान स्थानीय समयानुसार रात दस बजे समाप्त होंगे जिसके पश्चात चुनाव बाद के सर्वेक्षण आने प्रारंभ हो जाएंगे जिनसे इस बात की झलक मिलेगी कि देश में राजनीतिक परिदृश्य कैसा रहने वाला है। सुनक ने बुधवार को लोगों से उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा यही बात हमें एकजुट करती है।

# द.अफ्रीका में 34 हजार साल पुराने दीमक के टीले मिले

केपटाउन, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका में वैज्ञानिकों को यह जानकर हैरानी हुई कि देश के शुष्क क्षेत्र में मौजूद दीमक के टीले 30,000 से अधिक वर्ष पुराने हैं जिसका मतलब है कि वे दीमक के अब तक के ज्ञात सबसे पुराने सक्रिय टीले हैं। स्टेलेनबॉश विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ताओं ने बताया कि रेडियोकार्बन डेटिंग में नामाक्वालैंड में बफेल्स नदी के पास के कुछ टीले मिले हैं। विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग में वरिष्ठ व्याख्याता मिशेल फ्रांसिस ने कहा हम जानते थे कि ये पुराने हैं लेकिन यह पता नहीं था कि इतने पुराने हैं। उनका शोधपत्र मई में प्रकाशित हुआ। फ्रांसिस ने कहा कि ये टीले तब भी मौजूद थे जब नुकीले दांतों वाली बिल्लियां और वूली मैमथ पृथ्वी के अन्य हिस्सों में घूमते थे और यूरोप और एशिया का बड़ा हिस्सा बर्फ से ढका हुआ था। लाखों वर्ष पुराने कुछ जीवाश्म दीमकों के टीले खोजे गए हैं। इस अध्ययन से पहले सबसे पुराने बसे हुए टीले ब्राजील में पाए गए थे और लगभग 4,000 वर्ष पुराने हैं।



# हिज्बुल्ला ने इजराइल पर दागे 200 रॉकेट

बेरूत, एजेंसी

अपने एक वरिष्ठ कमांडर की हत्या के प्रतिशोध में चरमपंथी संगठन हिज्बुल्ला ने इजराइल के कई सैन्य ठिकानों पर 200 से अधिक रॉकेट दागे हैं। संगठन की तरफ से यह जानकारी दी गई। ईरान समर्थित आतंकवादी समूह द्वारा गुरुवार को किया गया हमला लेबनान-इजराइल सीमा पर महीनों से चल रहे संघर्ष में सबसे बड़ा हमला था।

हाल के हफ्तों में इस इलाके में तनाव बढ़ गया था। इजराइली सेना ने कहा कि लेबनान से कई प्रक्षेपास्त्र उसके क्षेत्र में दागे गये थे, जिनमें से कई को बीच में ही नष्ट कर दिया गया। हताहतों की तत्काल कोई जानकारी नहीं मिली है। कब्जे वाली सीरियाई गोलन पहाड़ियों की ओर राकेट के अलावा 20 से अधिक ड्रोन दागे गए, लेकिन उसने उनमें से कुछ को हवा में ही नष्ट कर दिया। हिजबुल्लाह के हमले के बाद इजराइल ने दक्षिणी लेबनान के कई शहरों पर हमला किया। इजरायली सेना ने कहा कि उसने दक्षिणी सीमावर्ती शहरों रामयेह और हौला में हिजबुल्लाह के सैन्य ढांचों पर हमला किया। हौला में इजराइली ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

### वरिष्ठ कमांडर की हत्या से बौखलाया हिज्बुल्ला



### युद्ध विराम के लिए कतर, मिस्र के मध्यस्थों के साथ परामर्श

**गाजा।** फिलीस्तीन स्थित इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) ने गाजा पट्टी में इजरायली युद्ध को समाप्त करने के लिए कतर और मिस्र के मध्यस्थों के साथ परामर्श किया है। इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) ने बुधवार को कहा हमने अपने फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ आक्रामकता को रोकने के लिए मध्यस्थ भाइयों के साथ कुछ विचारों का आदान-प्रदान किया। नेतन्याहू ने एक बयान में कहा कि इजरायल को मध्यस्थों से हमास का जवाब मिला है।

# निर्णायक चुनाव से पहले फ्रांस की प्रवक्ता पर हमला

**पेरिस।** संसदीय चुनाव से कुछ ही दिन पहले, फ्रांसीसी सरकार की प्रवक्ता प्रिस्का थेवेनोट पर प्रचार के दौरान हमला होने की खबर है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री गेब्रियल अट्टल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के नेतृत्व वाले मध्यमार्गी गठबंधन एनसेंबल की उम्मीदवार थेवेनोट, उनकी सहायक और एक पार्टी कार्यकर्ता 7 जुलाई को होने वाले चुनाव से पहले बुधवार रात पेरिस के पास पोस्टर लगा रहे थे, तभी एक समूह ने उन पर हमला कर दिया। मीडिया की खबरों में बताया गया कि थेवेनोट घायल नहीं हुई हैं।

## बॉलीवुड हलचल

### सचिन-जिगर ने सिडनी में कॉन्सर्ट में मचायी धूम

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी संगीतकार जोड़ी सचिन-जिगर ने सिडनी में कॉन्सर्ट में धूम मचा दी। देश में सबसे ज़्यादा पसंद किए जाने वाले और प्रतिभाशाली संगीत जोड़ियों में से एक के रूप में मशहूर सचिन-जिगर के दुनिया भर में बहुत ज्यादा फैंस हैं। भेड़िया के अपना बना ले, जरा हटके जरा बचके के फिर और क्या चाहिए और तेरे वास्ते जैसे चार्ट-टॉपिंग हिट गानों के लिए मशहूर इस जोड़ी ने हाल ही में हॉरर कॉमेडी फ़िल्म 'मुंज्या' के अपने नए एल्बम से लोगों का दिल जीत लिया। इस जोड़ी ने सिडनी में एक दमदार परफॉरमेंस के साथ अपने पहले बहुप्रतीक्षित ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरुआत करके अपने हिट ट्रैक पर अंतरराष्ट्रीय दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

### अनुष्का शर्मा ने ननद की पोस्ट पर दिया प्यार भरा रिएक्शन

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अनुष्का शर्मा ने अपनी ननद के पोस्ट पर कॉमेंट किया है जो उन्होंने अपने भाई यानी विराट कोहली के लिए उनकी जीत को सेलिब्रेट करने के लिए किया है। दरअसल विराट कोहली गुरुवार सुबह बारबाडोस से घर वापस लौटे हैं और दिल्ली में आईटीसी मौर्य होटल में ठहरे हैं। उनसे मिलने के लिए कोहली की बड़ी बहन भावना कोहली ढींगरा अपने हसबैंड और बच्चों के साथ होटल पहुंचीं और इस मुलाकात की कुछ झलकियां उन्होंने सोशल मीडिया पर भी पोस्ट कीं। भावना ने इस मौके की कई तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें क्रिकेटर अपने परिवार और भतीजे-भतीजी के साथ पोज देते दिख रहे हैं।



### वाणी कपूर के साथ काम करेंगे फवाद खान!

**मुंबई।** पाकिस्तानी फिल्मों के जानेमाने अभिनेता फवाद खान, बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर के साथ काम करते नजर आ सकते हैं। फवाद ने ए दिल है मुश्किल, खूबसूरत और कंपूर एंड संस जैसी बॉलीवुड फिल्मों में काम किया है। बहुत जल्द वाणी कपूर के अपोजिट एक फिल्म में नजर आ सकते हैं। फवाद और वाणी कपूर इंटरनेशनल फिल्म प्रोजेक्ट का हिस्सा होंगे। फिल्म की कहानी दो ऐसे लोगों के बारे में है जिनका ब्रेकअप हो गया है।

# भारतीय नौसेना प्रमुख ने बांग्लादेशी समकक्ष से की मुलाकात

**ढाका।** भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने बांग्लादेश के नवनियुक्त सेना प्रमुख जनरल वकर-उज-जमान से मुलाकात कर मजबूत द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की और दोनों सशस्त्र बलों के बीच सहयोग के नए अवसरों के बारे में विचार-विमर्श किया। एडमिरल त्रिपाठी द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने व समुद्री क्षेत्र में सहयोग के नए अवसरों की तलाश करने के लिए 30 जून को बांग्लादेश की पांच दिवसीय यात्रा पर गए थे। भारतीय नौसेना की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि भारत और बांग्लादेश के बीच नौसेना सहयोग पारंपरिक रूप से मजबूत रहा है, जिसमें बंदरगाहों पर यात्रा और द्विपक्षीय नौसेना अभ्यास के माध्यम से परिचालन संबंधी बातचीत के साथ-साथ क्षमता निर्माण, क्षमता वृद्धि और प्रशिक्षण पहल शामिल हैं।

तनाव

एक संसद सदस्य ने युद्ध को लेकर फैसले से असहमति जताते हुए सरकार से बाहर होने की घोषणा की

# ऑस्ट्रेलिया की संसद में घुसे फिलिस्तीन समर्थक

मेलबर्न, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया की संसद भवन की सुरक्षा व्यवस्था को चकमा देते हुए फिलिस्तीन समर्थक कुछ प्रदर्शनकारी गुरुवार को भीतर दाखिल हो गए और भवन की छत से बैनर लहराए। इस बीच, संसद के एक सदस्य ने गाजा युद्ध को लेकर फैसले से असहमति जताते हुए सरकार से बाहर होने की घोषणा की।

पांच सप्ताह के अवकाश के बाद संसद की कार्यवाही के अंतिम दिन हमास के खिलाफ इजराइल के युद्ध को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई। ग्रेट वेरंडा के नाम से विख्यात इमारत के अग्रभाग पर चार प्रदर्शनकारियों ने एक घंटे से अधिक समय तक युद्ध अपराध और नरसंहार शब्दों के साथ-साथ फिलिस्तीनी रैली के प्रमुख नारे नदी से समुद्र तक, फिलिस्तीन स्वतंत्र होगा नारे वाले बैनर लहराए। चारों प्रदर्शनकारियों को बाद में गिरफ्तार कर लिया गया।

अफगानिस्तान में जन्मीं सीनेटर फातिमा पायमन ने घोषणा की कि गाजा पर पार्टी के रुख को अस्वीकार करते हुए उन्होंने सत्तारूढ़ लेबर पार्टी छोड़ दी है। फातिमा पायमन एकमात्र ऑस्ट्रेलियाई सांसद हैं, जिन्होंने सदन की बैठकों के दौरान हिजाब पहना। फातिमा ने संवाददाताओं से कहा मेरा परिवार युद्धग्रस्त देश से भागकर शरणार्थी के रूप में इसलिए यहां नहीं आया है कि मैं निर्दोष लोगों पर हो रहे अत्याचारों को देखकर चुप रहूं। उन्होंने कहा हमारे समय के सबसे बड़े अन्याय के प्रति हमारी सरकार की उदासीनता को देखकर मैं पार्टी के रुख पर सवाल उठाने को मजबूर हूं।

पहली बार सीनेटर बनीं फातिमा ने पिछले सप्ताह एक छोटे दल के प्रस्ताव का समर्थन करके अपने सरकारी सहयोगियों की अवहेलना की थी, जिसमें संसद से फिलिस्तीन को मान्यता देने की मांग की गई थी।




संसद की दीवार पर बैनर टांगते प्रदर्शनकारी।

### ऑस्ट्रेलिया ने देश के रूप में नहीं दी है मान्यता

ऑस्ट्रेलिया फिलिस्तीन को एक देश के रूप में मान्यता नहीं देता है। ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वि-राष्ट्र समाधान को लेकर प्रतिबद्ध है जिसमें इजराइल और भविष्य का फिलिस्तीन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर शांति और सुरक्षा के साथ सह-अस्तित्व में रह सकें। पुलिस ने कहा कि चारों प्रदर्शनकारियों पर संसद भवन में अवैध रूप से प्रवेश का आरोप लगाया जा सकता है।